

■ बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी, 7वां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ-12



■ कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा पांच महीने की बढ़त पर लगी रोक-12



■ प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग-13



■ दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा सनराइजर्स हैदराबाद-14

आज का मौसम
40.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.45
सूर्यास्त 06.44


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 01:20 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 18, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### बैंक धोखाधड़ी: आरकॉम के दो वरिष्ठ अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गिरफ्तार अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है। केंद्रीय एजेंसी अदालत से आरोपियों की रिमांड का अनुरोध करेगी। यह जांच आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य आरोपियों से संबंधित है, जो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है।

### उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका दौरा के दौरान समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**कोलंबो।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रीलंका की अपनी दो दिवसीय यात्रा का सोमवार को समापन किया। इस दौरान उन्होंने द्वीपीय राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की और दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। राधाकृष्णन श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले उपराष्ट्रपति हैं। वह रविवार को कोलंबो पहुंचे और राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ बातचीत की। राधाकृष्णन ने भारत की पड़ोस पहले नीति और विकासात्मक द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया।

### एमसीएक्स को कोयला एक्सचेंज गठित करने के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब सोना-चांदी की तरह निवेशक आने वाले समय में कोयले में भी ट्रेडिंग कर सकेंगे। सेबी ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। एमसीएक्स ने सोमवार को कहा कि उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से निवेश की मंजूरी मिली। शेयर बाजार को दी गयी सूचना के अनुसार, जिंस बाजार एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। उसका नाम संभवतः एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लि. या एमसीएक्स कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. होगा। एमसीएक्स ने कहा कि वह कोयला एक्सचेंज नियमों के मसौदे के तहत न्यूनतम नेटवर्थ आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई अनुषंगी कंपनी में 100 करोड़ तक की पूंजी लगाएगा और शुरू में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा।

### जापान में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई।

# किसानों को बड़ी राहत, अब बिना फार्मर रजिस्ट्री भी बेच सकेंगे गेहूं

## मुख्यमंत्री योगी का बड़ा फैसला, जिलाधिकारियों को तत्काल व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं खरीद की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को निर्देश दिया कि अब किसान बिना 'फार्मर रजिस्ट्री' के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज (गेहूं) बेच सकेंगे। कृषि विभाग और प्रशासन के सख्त निर्देशों के बीच आए मुख्यमंत्री के इस फैसले ने उन किसानों की चिंता दूर कर दी है, जो तकनीकी कारणों से अपनी रजिस्ट्री नहीं करा पाए थे।

पिछले कुछ समय से कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और कृषि विभाग की ओर से यह अनिवार्य किया गया था कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेहूं की खरीद नहीं की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसानों को असुविधा हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से वापस नहीं लौटाया जाएगा। किसान अब पहले की तरह ही अपनी उपज बेच सकेंगे।



● किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से अब नहीं लौटाया जाएगा वापस



### भीषण गर्मी में सुविधाओं के विशेष निर्देश

मुख्यमंत्री ने केवल खरीद प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि किसानों की सुविधा पर भी जोर दिया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर पीने के पानी, पंखों और छाया (छाजन) की उचित व्यवस्था हो। किसानों को केंद्रों पर बैठने और सम्मानजनक वातावरण में अपनी फसल बेचने का अवसर मिले।

### अब तक खरीद

खाद्य एवं रसद विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में खरीद की स्थिति इस प्रकार है।

**कुल खरीद** : 2.38 लाख मीट्रिक टन।

**लाभान्वित किसान** : 42 हजार से अधिक।

**कुल पंजीकरण** : अब तक 4.77 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अपना पंजीकरण करा लिया है।

**क्रय केंद्र** : पूरे प्रदेश में 5400 से अधिक केंद्रों पर खरीद की जा रही है।

### अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मजबूत उत्पादन की संभावना और पर्याप्त भंडार को देखते हुए सोमवार को गेहूं के अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की अनुमति दे दी, जिससे कुल रबी वापस कृत निर्यात मात्रा बढ़कर 50 लाख टन हो गई है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गेहूं उत्पादन के अनुकूल अनुमान और उच्च भंडार उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देना उचित समझा गया।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता पर मंडराया संकट

इस्लामाबाद/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका और ईरान के एक दूसरे को लेकर कड़े तेवर अपनाए जाने के बीच मंगलवार को होने वाली बहुचर्चित शांति वार्ता के दूसरे दौर पर एकदिन पहले सोमवार को अनिश्चितता छाई रही। सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनके देश ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ वार्ता के अगले दौर में भाग लेगा या नहीं। इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

इससे पहले, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालीबाफ ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन नए सिरे से तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज की नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया। सोमवार को तेहरान में बकाई ने कहा, फिलहाल, जब तक मैं आपकी सेवा में हूं, हमारे पास बातचीत के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है, और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिका कूटनीति को आगे बढ़ाने के बारे में गंभीर नहीं था और उन्होंने दो सप्ताह के युद्धविराम के उल्लंघनों का हवाला दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार तड़के ईरानी मालवाहक जहाज पर अमेरिकी हमला, ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी ये सभी युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन थे। इसी बीच ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अगर सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटने शुरू हो जाएंगे।



● इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

● अमेरिका ने ईरानी जहाज को कब्जे में लेने का जारी किया वीडियो

● ट्रंप बोले- ईरान ने सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटेंगे

### ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

# उधमपुर में 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 21 की मौत, 51 घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।

पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 70 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई।

शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उधमपुर में हुआ यह दुखद सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।



● सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान चलाया

● बस में सवार थे 70 से भी अधिक यात्री, कई गंभीर

### रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था हादसा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि हादसा रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। उसने कहा, मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला।

## जेईई-मेन : 26 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को कहा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 26 अभ्यर्थियों ने परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं। वर्ष 2025 में 24 अभ्यर्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

जनवरी में आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि अप्रैल में आयोजित दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। दोनों सत्रों में आठ लाख से अधिक सामान्य अभ्यर्थी शामिल हुए। जिन अभ्यर्थियों ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं, उनमें से पांच-पांच आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से हैं, उसके बाद चार राजस्थान से, तीन दिल्ली से और दो-दो महाराष्ट्र और हरियाणा से हैं। चंडीगढ़, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा व गुजरात से एक-एक अभ्यर्थी ने यह उपलब्धि हासिल की है। सभी 26 अभ्यर्थी पुरुष हैं। एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों का प्रतिशत नहीं, बल्कि मानकीकृत स्कोर है।

● पहले संस्करण में 13 लाख और दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में हुए थे शामिल

### भव्य सजावट



उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से खोले जा चुके हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल सुबह 8:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसको लेकर तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। खासकर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।

## महिला आरक्षण पर यूपी विस का विशेष सत्र 30 अप्रैल को

**लखनऊ।** योगी सरकार ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच 30 अप्रैल को विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया है। रविवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होन के खिलाफ चर्चा कराना है। बिल पर 528 सांसदों ने वोट किया। इसका दो तिहाई 352 होता है, लेकिन बिल के समर्थन में 298 वोट ही मिले।

# आजम-अब्दुल्ला की सजा बरकरार

### दो पैनकार्ड का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की सात साल की सजा के खिलाफ आजम और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी।

कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां की भूमिका भी सामने आई, इसके बाद उन्हें भी आरोपी बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार अब्दुल्ला ने फर्जी दस्तावेजों से दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को दोषी ठहराते हुए 7-7 साल की सजा व 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। सजा के बाद से दोनों जेल में बंद हैं। आजम और अब्दुल्ला ने 25 नवंबर 2025 को निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने दलीलों को अपर्याप्त माना और अपील खारिज कर दी।





● एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी याचिका

● सेशन कोर्ट ने खारिज की अपील दोनों को सात-सात साल की सजा

# पटाखे बनाते समय विस्फोट, किशोरी की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार** : जनपद संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह आतिशबाजी के लिए बारूद तैयार करते समय हुए विस्फोट में दो नाबालिग बहनें गंभीर रूप से झुलस गईं। इलाज के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि दूसरी का इलाज जारी है। हादसे के दौरान मृतका के दादा भी गंभीर रूप से झुलस गए, लेकिन उनका गोपनीय तरीके से इलाज कराया जा रहा है।

गांव ईशाकपुर निवासी योगेश कुमार का परिवार पिछले करीब 20 वर्षों से आतिशबाजी बनाने का काम करता आ रहा है। योगेश की बेटियां दीक्षा (15) और निधि (13) सोमवार सुबह दादा अजयपाल के साथ घर के बरामदे में बैठकर आतिशबाजी का सामान तैयार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक बारूद में जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के मकान हिल गए और क्षेत्र में दहशत फैल गई। मकान में दरारें पड़ गईं और घने धुएं के कारण कुछ देर के लिए अंधेरा हो गया। घटना के समय किशोरियों का पिता योगेश कुमार, मां विमलेश और छोटा भाई आदित्य घर पर मौजूद नहीं थे। बड़ा भाई प्रिंस दूसरे कमरे में था और उसका दरवाजा बंद था। इसी वजह से वह हादसे की चपेट में आने से बच गया। ग्रामीणों ने दोनों बहनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा पहुंचाया, जहां से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान दीक्षा ने दम तोड़ दिया, जबकि निधि जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष कर रही है। दीक्षा कक्षा 9 की छात्रा थी, जबकि निधि कक्षा 8 की छात्रा है। हादसे के बाद गंभीर रूप से झुलसे बच्चियों के दादा मौके से गायब हो गए और चर्चा है कि परिवार के लोग उनका गोपनीय तरीके से इलाज करा रहे हैं।



विस्फोट के बाद बिखरा घर का सामान।

● धमाके से किशोरी के उड़े चीथड़े मृतका के दादा और बहन गंभीर रूप से झुलसे

● रजपुरा थाना क्षेत्र के ईशाकपुर गांव में घटना, पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

**जनता दर्शन** — मुख्यमंत्री ने आवास, इलाज और शिक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई के दिए आदेश

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, सभी को मिलेगा न्याय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार इसी पथ पर चलते हुए प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन में पहुंचे लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों को उठाया, जिन पर सीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। बरेली की दीप्ति ने आर्थिक तंगी और बच्चों के पालन-पोषण की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाकर समस्या का समाधान कराया जाए। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से भावुक दीप्ति ने आभार व्यक्त किया। आवास की मांग लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर आवेदकों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। इलाज के लिए सहायता मांगने वालों के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एस्टिमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।



लखनऊ में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों पर सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का भी संज्ञान लिया। ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### फिलिस्तीनी कैदी दिवस में शामिल हुए नवेद मियां



**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां ने दिल्ली स्थित दूतावास में आयोजित फिलिस्तीनी कैदी दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के निमंत्रण पर कार्यक्रम में पहुंचे नवेद मियां ने फिलिस्तीनी कैदी दिवस का समर्थन जताया। उन्होंने बताया कि यह दिन फिलिस्तीन के लोगों के बलिदान को याद दिलाता है। नवेद मियां ने बताया कि फिलिस्तीनी कैदी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ताकि इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की जा सके। उनकी दयनीय स्थिति को उजागर किया जा सके और उनकी रिहाई की वकालत की जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कतर, बहरीन, मिस्र, यमन, मोरक्को, मॉरिटानिया, जॉर्डन, सीरिया और अरब लीग के राजदूतों समेत देश के कई अहम लोगों ने शिरकत की।

### रोडवेज चालक भर्ती में कम पहुंचे अभ्यर्थी चार केंद्रों पर 39 पास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से चालक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित कैंप में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी नहीं पहुंचे। निर्धारित पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, जिससे विभाग को निराशा हाथ लगी। सोमवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि परिक्षेत्र में मुरादाबाद पीतल नगरी, बिजनौर, डिपो और आरएम कार्यालय पर भर्ती कैंप लगाए गए थे। इन चारों केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या उम्मीद से काफी कम रही। भर्ती प्रक्रिया के दौरान मात्र 39 अभ्यर्थी ही चालक परीक्षण पास कर सके। उन्होंने बताया कि निगम की ओर से लगातार भर्ती अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन पर्याप्त संख्या में योग्य अभ्यर्थी नहीं मिल पा रहे हैं। 250 परिचालक चालकों के पदों के लिए भी भर्ती मेले का आयोजन किया गया था। इसमें अधिक संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने की उम्मीद जताई गई थी।

---

### बिल भुगतान के बावजूद बिजली काटे जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं महिलाएं

# विद्युत वितरण खंड पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर महिलाओं ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर की समस्या को लेकर सोमवार को विद्युत वितरण खंड नगरीय (बिलिंग एवं रेवेन्यू) कार्यालय पर महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि बिल भुगतान करने के बावजूद उनके घरों की बिजली आपूर्ति काट गई है, जिसकी शिकायत लेकर वह कार्यालय पहुंची थीं।

पीड़ित महिला उपभोक्ताओं का आरोप है कि जब वे बिलिंग काउंटर पर समस्या का कारण जानने पहुंचीं तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे महिलाओं का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने कार्यालय परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। मिलन विहार की रहने वाली मीना सिंह ने बताया कि उन्होंने एक महीने में तीन बार में दस हजार रुपये जमा किए जबकि उनके घर न एयरकंडीशनर है और न वाशिंग मशीन। बिल जमा करने के बाद भी पिछले पांच दिन बिजली गुल है।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि बिलिंग काउंटर और हेल्प डेस्क पर बैठे निजी कंपनी के कर्मचारी उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दे रहे हैं और उल्टा दुर्व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए कई अधिकारी भी मौजूद नहीं रहते। मौके पर केवल एक एई (सहायक अभियंता) ही दिखाई दिए, जबकि अन्य अधिकारी नदारद रहे। हंगामे के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। उनका कहना था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खामियों के चलते उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिल भुगतान के बाद भी कई दिनों से बिजली आपूर्ति गायब है। बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसी तरह महिलाओं को शांत कराकर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



विद्युत केंद्र पर हंगामा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- विद्युत वितरण खंड नगरीय (बिलिंग एवं रेवेन्यू) कार्यालय के कर्मचारियों पर अभद्रता का आरोप



घर में मेरी मां अकेली रहती हैं। जबरन मीटर बदलकर प्रीपेड मीटर लगाया गया। रिचार्ज कराने के बाद भी पांच दिन से बिजली आपूर्ति कट गई। जब जानकारी लेने विद्युत केंद्र पहुंचे तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने अभद्रता की। **–सोनल सक्सेना**, निवासी नवीन नगर



मेरे ऊपर पर 7400 रुपये का बकाया बताया गया, जिसे मैंने जमा कर दिया। इसके दो दिन बाद ही बिजली काट दी गई। बाद में पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर बदलने की जानकारी दी गई और उसी दिन रिचार्ज भी कराया, लेकिन पांच दिन से बिजली आपूर्ति गुल है। **–नूरेसुबह**, निवासी पीरगैब



मीटर बदलने आए कर्मचारियों ने उस समय भी अभद्रता की थी। पिछले 10 दिनों से बिजली गुल है और रोजाना जानकारी लेने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। **–शंकर लाल**



मैंने 4700 रुपये का बिल जमा करने के बाद रिचार्ज भी कराया, लेकिन इसके बावजूद सात दिन से बिजली नहीं आई है। वह लगातार तीन दिन से विद्युत केंद्र का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। उल्टा कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं है। **–रेखा रानी**

---

# हाईवे चौड़ीकरण की जद में आईं दो मजारों को हटवाया

### बिलासपुर में रविवार देर रात बुलडोजर से की गई कार्रवाई, तैनात रही भारी फोर्स

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** प्रशासन ने सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए हाईवे चौड़ीकरण की जद में आ रहीं दोनों मजारों को बुलडोजरों से जमींदोज करवा दिया। इस दौरान हाईवे को दोनों तरफ से बंद रखा गया और भारी फोर्स तैनात रही। देर रात में हुईं तैयारियों के बाद अचानक किए गए इन दोनों ध्वस्तीकरणों का आम नागरिकों को तब पता चला, जब वह सोकर उठे।

देर रात करीब तीन बजे नगरीय हाईवे पर ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित हजरत सादिक शाह मियां की दरगाह के सामने दो जेसीबी व खाली डंपर लाकर खड़े किए गए। इसके बाद मुख्य चौराहे व केमरी तिराहे पर यातायात रोक दिया गया और फोर्स तैनात हो गई। तड़के चार बजे बुलडोजरों ने दरगाह को ध्वस्त कर दिया। सड़क पर फैले मलबे को डंपरों में भर दिया गया। इसके तुरंत बाद मुख्य चौराहे से लेकर अहरो तिराहे वाले हिस्से का यातायात रोका गया और विशारदनगर स्थित हजरत साहू शाह मियां की दरगाह पर बुलडोजर चलाया गया। यहां भी मलबे को डंपर में भरवाकर सड़क साफ करा दी गई। इस कार्रवाई के दौरान उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव गंगवार, नायब तहसीलदार अंकुर अंतल व कोतवाल जीत सिंह सहित राजस्व, पीडब्ल्यूडी व पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे। निकट थानों की फोर्स भी तैनात की गई थी। पीडब्ल्यूडी के एई राजीव गंगवार ने बताया कि चिन्हीकरण के अनुसार दोनों दरगाहों को हटाने का निर्णय लिया गया था। अन्य चिन्हित स्थानों के बारे में उनका कहना था कि जैसा निर्णय होगा, वैसी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।



बिलासपुर में रविवार देर रात मजारों को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

- देर रात हुईं तैयारियां, सुबह सोकर उठने पर लोगों को हुई जानकारी

> यह पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई है। प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहा है। **–अरुण कुमार**, उपजिलाधिकारी

#### कृषि राज्यमंत्री ने स्वीकृत कराया था प्रस्ताव

हाल ही में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने नगर के भीतर से गुजर रहे हाईवे के चौड़ीकरण के लिए शासन से करोड़ों का प्रस्ताव स्वीकृत कराया था। सड़क की जद में आ रहे निर्माणों पर ' 'लाल निशान' ' लगाए गए थे। चिन्हित स्थानों को खाली कराने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

#### दरगाहों के ध्वस्तीकरण पर मुस्लिम समाज में रोष



**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में दोनों दरगाहों पर रात के अंधेरे में प्रशासन की ध्वस्तीकरण को लेकर मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। आरोप है कि जब प्रशासन की अनुमति पर दोनों दरगाहों को समाज के लोग स्वयं दो से तीन मीटर भीतर शिफ्ट कर रहे थे, तो रात के अंधेरे में यह कार्रवाई क्यों की गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां ने कहा कि यह बहुत बड़ा जुल्म और ज्यादती है। उनके बुजुर्ग हजरत सादिक शाह मियां और बिशारद नगर स्थित साहू शाह मियां की दरगाहों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। कहा कि यह दरगाहें कई सौ सालों पुरानी हैं। उन्होंने कहा कि हम कमजोर हैं, मजलूम हैं, लेकिन हमारे साथ ऊपर वाला है और इसका फैसला वही करेगा। आरोप लगाया कि प्रशासन ने मुतवल्लियों को आश्वासन दिया था कि मार्ग के चौड़ीकरण के लिए उन्हें मात्र एक से दो मीटर जगह चाहिए। जिस पर समाज के लोगों द्वारा स्वयं ही दरगाहों को शिफ्ट कराने की कवायद जारी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लाक के सामने दरगाह की साइड से नगरपालिका द्वारा बनवाए गए पीएम स्वनिधि गलियारा और अन्य भवन भी चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। वहां भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### डिप्थीरिया रोकथाम को स्कूल आधारित टीकाकरण शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में डिप्थीरिया (गलघोटू) संक्रमण की रोकथाम के लिए स्कूल आधारित डीपीटी-टीडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएमएस स्कूल में किया।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 और 30 अप्रैल को संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत सभी स्कूलों एवं मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर (5-6 वर्ष आयु, संभावित कक्षा-एक), टीडी-10 (10 वर्ष आयु, संभावित कक्षा-चार व पांच) और टीडी-16 (16 वर्ष आयु, संभावित कक्षा-10वीं व 11वीं) की अतिरिक्त डोज दी जाएगी। अभियान के लिए जिले में 2378 स्कूलों को चिन्हित किया गया है, जिसमें कक्षा-5 के लगभग 44,642 बच्चों को टीडी-10 व कक्षा-10 के 25,688 बच्चों को टीडी-16 टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

---

# जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग में आरएसडी ने प्राप्त किया पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में सोमवार को जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 10 से अधिक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें आरएसडी एकेडमी, समर वैली स्कूल, एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी कांठ रोड, विल्सोनिया कॉलेज, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, रेनबो पब्लिक स्कूल, टाइनी टोट्स कॉलेज, महिलाल पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल और गांधी नगर पब्लिक स्कूल सहित कई संस्थानों की टीमें शामिल रहीं।

आर्म रेसलिंग एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव मोहित चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 और सीनियर ओपन वर्ग (बालक एवं बालिका) में आयोजित की गई। खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। आरएसडी एकेडमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी को मिला। तीसरे स्थान पर महिलाल पब्लिक स्कूल और विल्सोनिया कॉलेज संयुक्त रूप से रहे।

इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. गौरव कुमार एवं डॉ. गरिमा शर्मा ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जी कुमार और डॉ. अजय शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर और टीम ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में मोहम्मद मोहरीज, शुभांग सिंह, शिव कुमार और आर्यन सिंह रहे। इस अवसर पर आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उप्र के महासचिव शाहवेज अली, मयंक कश्यप, सुरेश चिल्लर, केशव थापा, दीपक, आराध्य ठाकुर, ललिता चौहान, आर्यन मसीह आदि रहे।




मेडल के साथ रेसलर व आयोजक। ● अमृत विचार

- विभिन्न आयु वर्ग में हुए मुकाबले, दस से अधिक स्कूलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# जिले में बढ़े चार गेहूं क्रय केंद्र, 13,991 क्विंटल खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले भर में अब हो गए 71 गेहूं क्रय केंद्र, पारदर्शिता बरतने को कहा

**अमृत विचार :** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 68 से 71 कर दी गई है। पूर्व में पीपलीचक समिति बिलारी स्थित एक केंद्र को जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को हटाने का निर्देश पिछले दिनों बैठक में दिया था। किचार नए क्रय केंद्र स्थापित कर कुल संख्या 71 कर दिया गया है।

केंद्रों पर गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए सोमवार को संभागीय खाद्य नियंत्रक मुरादाबाद संभाग अनुभव सिंह ने मंडी में स्थापित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद में पारदर्शिता रखने का निर्देश दिया। कहा कि जिला प्रशासन किसानों की सुविधा एवं हितों के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि अब गेहूं खरीद के लिए चार नये केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें तहसील ठाकुरद्वारा के अंतर्गत बी-पैक्स समिति डिलारी, बी-पैक्स नन्हूवाला, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र नौहटौरा तथा तहसील सदर के मूंढापांडे ब्लॉक अंतर्गत पैपटपुरा शामिल है। इसके संचालित होने से क्षेत्रीय किसानों को अपने नजदीकी स्थान पर ही गेहूं विक्रय की सुविधा उपलब्ध होगी। किसानों से अनुरोध है कि वह अपने निकटतम क्रय केंद्र पर फार्मर आईडी के माध्यम से अपना गेहूं विक्रय करें, जिससे उन्हें समयबद्ध एवं पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जिले में गेहूं विक्रय के लिए 4520 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। एग्री रिकॉर्ड (ऑनलाइन क्रॉप सर्वे) के माध्यम से 699 किसानों का सत्यापन हो चुका है। फार्मर आईडी की प्रति के आधार पर ही क्रय केंद्रों पर गेहूं की तौल सुनिश्चित की जा रही है। अब तक 270 किसानों से कुल 13,991 क्विंटल गेहूं की है।

### जहरीली शराब कांड में दो को उम्रकैद

**अमरोहा, अमृम विचार :** सोमवार एडीजे तृतीय की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि दो अन्य आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण बरी कर दिया गया है।

23 दिसंबर 2012 का है। जब मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बनाने वाले ठिकानों पर छापेमारी की थी। टीम ने मेरठ जिले के परिक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी परमजीत सिंह और मंडी धनौरा के चांद्रा फार्म निवासी मक्खन चौपड़ा को पकड़ा था। दो अन्य आरोपी फरार हो थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने पैरवी की। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने परमजीत सिंह और मक्खन चौपड़ा को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं विंदर और काके को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# ग्राम पंचायतों में धनराशि के कम खर्च पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में कार्यों की जानकारी मांगी। सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैंकिंग को लेकर डीपीआरओ पर नाराजगी जताई। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा को सीडीओ ने 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार भुगतान कर व्यय प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की स्थिति में सुधार हो सके।

अन्त्येष्टि स्थल और बहुउद्देश्यीय पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों को 30 अप्रैल तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा पंचायत सचिवालयों के संचालन की समीक्षा में 29 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों के पद रिक्त पाए गए। जिस पर सीडीओ ने रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भरने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत सहायकों, सामुदायिक शौचालयों और गौशालाओं के केयरटेकर को प्रतिमाह पांच तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत कल्याण कोष के अंतर्गत मृतक जनप्रतिनिधियों के आश्रितों को मिलने वाली सहायता राशि के लंबित आवेदनों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि पांच आवेदनों पर निदेशालय स्तर से आपत्ति है और छह नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। सीडीओ ने सभी आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन को लेकर सभी ग्राम पंचायतों में 100 प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करने और कूड़ा कलेक्शन अभियान चलाकर यूजर चार्ज वसूली के निर्देश दिए गए।

---

**गर्मी का सितम** | हीट वेव के चलते मरीजों का दबाव बढ़ा, नए भर्ती में आ रही परेशानी

# जिला अस्पताल में बेड फुल, 24 से 48 घंटे में मरीजों की छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि अस्पताल के सभी बेड भरे हुए हैं, जिससे नए मरीजों को भर्ती करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात को नियंत्रित रखने के लिए डॉक्टरों को कई मरीजों को 24 से 48 घंटे के भीतर डिस्चार्ज करना पड़ रहा है।

इन दिनों अस्पताल में बुखार, बैचेनी, घबराहट, डायरिया और सांस संबंधी दिक्कतों के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सुबह से ही ओपीडी में लंबी कतारें लग रही हैं, जबकि इमरजेंसी वार्ड में भी मरीजों का दबाव बना हुआ है। डॉक्टरों के अनुसार दोपहर के समय तापमान बढ़ने के साथ ही मरीजों की हालत ज्यादा बिगड़ रही है। प्रमुख अधीक्षक एवं अपर निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में 187 बेड स्वीकृत हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए 256 बेड तक की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से व्यवस्थाओं पर दबाव बना हुआ है। उन्होंने बताया कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्थाएं की गई हैं। अस्पताल में चार एसी कक्ष और छह कूलर युक्त कमरे तैयार किए गए हैं। साथ ही जनरल इमरजेंसी वार्ड में एक आईसीयू बेड और दो अतिरिक्त बेड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज किया जा सके।

जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि तेज गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों पर पड़ रहा है। शरीर में पानी की कमी, लंबे समय तक धूप में रहना और खानपान में लापरवाही के चलते उनकी स्थिति जल्दी बिगड़ रही है। ऐसे मरीजों में कमजोरी, चक्कर, उल्टी-दस्त और सांस फूलने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिनके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि मरीजों को राहत देने के लिए त्वरित उपचार व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है।



जिला अस्पताल में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

# हीट वेव का कहर, दिन-रात तप रहा शहर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में हीट वेव का असर लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को भी भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। दिन में चिलचिलाती धूप के साथ अब रात का बढ़ता तापमान भी लोगों को राहत नहीं लेने दे रहा है। हालात ऐसे हैं कि दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी से निजात नहीं मिल पा रही है और लोग लगातार परेशान हैं।

सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते रात में भी गर्मी का असर बना हुआ है, जिससे लोगों को सुकून नहीं मिल पा रहा है।

सुबह से ही तेज धूप ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। दोपहर के समय गर्म हवा के चलते सड़कों पर सन्नाटा नजर आया। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकले, जबकि अधिकांश लोग धूप से बचने के लिए घरों में ही रहे। गर्मी का असर बाजारों में भी साफ देखा गया। दोपहर के समय दुकानों पर ग्राहक कम नजर आए। वहीं ठंडे पेय, जूस और आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। कूलर और एसी की मांग में भी तेजी देखने को मिल रही है।



मुंह ढककर निकली महिला।

- न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पहुंचा रातों की ठंड भी हुई गायब

#### आगे और बढ़ेगी गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। ऐसे में हीट वेव का असर और तेज हो सकता है, जिससे लोगों को फिलहाल राहत मिलने के आसार कम नजर आ रहे हैं। 25 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना है।

**शहर में आज**

- राजस्व कार्यों के कर करेत्तर, न्यायिक कार्य, वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4:00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7:00 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

## चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को हमले में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि घटना रविवार की देर रात करीब एक बजे ढक्का रोड स्थित कुन्दनपुर प्रजापति बैंकट हॉल के पास हुई थी। पीड़ित के भाई भूकन निवासी चक्कर की मिलक, थाना सिविल लाइन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई हीरालाल पर जान से मारने की नीयत से चाकू व ईंट-पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया गया। नामजद आरोपी पवन निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइन को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

## नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के करीब दो वर्ष पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मझोला कोतवाली प्रभारी आरपी सिंह ने सोमवार को बताया कि 2024 में धारा 363 तहत दर्ज मुकदमे में बाद में जांच के दौरान पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई थी। दुष्कर्म के आरोपी राम उर्फ ज्योति प्रसाद निवासी कसोट, थाना डींग, जिला भरतपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय से जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटना 8 अप्रैल 2024 की रात करीब तीन बजे की है। इस संबंध में पीड़िता के पिता मझोला थाना क्षेत्र के निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया और दुष्कर्म किया।

## चार जुआरी पकड़े चरस भी बरामद

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा पुलिस ने रविवार को घेराबंदी करके चार जुआरिओं को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। चारों के पास से चरस भी बरामद हुई। इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

## बाइक-स्कूटी की भिड़ंत में चार घायल दो की हालत नाजुक

**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** ठाकुरद्वारा में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्कूटी सवार रतुपुरा निवासी मोहित पुत्र सत्यपाल, अनमोल पुत्र रामपाल और सत्यपाल पुत्र बुद्ध सिंह और बाइक सवार रानी नांगल निवासी विकास कुमार भी हादसे में घायल हो गया। एम्बुलेंस से घायलों को नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

# मकान के विवाद में दंपती की चाकू से गोदकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मकान के नए दाम लगाने से रजिस्ट्री कराने को मकान मालिक और खरीदने वाले में था विवाद

> दोनों लोगों में मकान के रजिस्ट्री को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर यह घटना घटित हुई है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई हैं।
> –कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

**अमृत विचार :** मकान खरीदने और बेचने वाले के बीच काफी समय से चल रहे विवाद को लेकर सोमवार देर रात पति-पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम गठित कर दी है।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के चक्कर की मिलक में सोमवार की देर रात पति-पत्नी राजा और फरहा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। कुछ समय पहले राजा ने वहीं के रहने वाले फहीम से एक कमरे का मकान खरीदा था। मकान की कीमत दो लाख 24 हजार रुपये थी। राजा ने मकान खरीदते समय दो लाख फहीम को दे दिया। फहीम पिछले कुछ समय से राजा से नये दाम पर रजिस्ट्री करने के लिए दबाव बना रहा था। इसके चलते दोनों में विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते फहीम ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजा और फरहा की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने टीम गठित करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### शिकायतों का समाधान न होने का आरोप लगाते हुए सभासदों ने बोर्ड बैठक का किया बहिष्कार

# पाकबड़ा नगर पंचायत बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा

संवाददाता, पाकबड़ा

- सभासदों ने उठाए विकास कार्यों के लंबित रहने पर सवाल
- बजट स्वीकृत होते ही विकास कार्य कराने का आश्वासन

**अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा हुआ। वार्डों के सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध किया। बैठक में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, पथ प्रकाश, जल निकासी और लंबित शिकायतों को लेकर तीखी बहस हुई।

बैठक में वार्ड संख्या 1 एवं वार्ड संख्या 13 के सभासद रोहित सैनी, रंजीत सैनी ने नाराजगी जताते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। वार्ड सभासद मोमिन ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं हो रही है। सफाई कर्मचारियों की हाजिरी के समय सभासद शमसाद की बात भी सुनी जाए, जिससे सही स्थिति सामने आ सके। वहीं वार्ड संख्या 4 के सभासद सहीम ने क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई और कहा कि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं।

बोर्ड बैठक में वार्ड संख्या 18 के प्रतिनिधि ने कब्रिस्तान के पास पड़े कूड़े के ढेर का मुद्दा उठाया। बताया कि पिछले एक साल से शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक कोई अमल नहीं हुआ। साथ ही गैस लाइन डालने के लिए किए गए गड्ढे अभी तक नहीं भरे गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। भट्टा नंबर 1 क्षेत्र में नाला ऊंचा बनने के कारण पानी की निकासी भी बाधित हो रही है। वार्ड संख्या 9 के सभासद हासिम ने अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग रखी। बताया कि बैटरी रिक्शा पिछले छह माह से खराब पड़ा है। वहीं वार्ड 9 के इस्लाम ने क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। वार्ड संख्या 5 के खालिद ने होली वाले कुएं वाली सड़क के निर्माण और मरम्मत की आवश्यकता बताई। सभासदों ने नगर पंचायत प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

बैठक के अंत में चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने सभी सभासदों को भरोसा दिलाया कि बजट आते ही सभी वार्डों में विकास कार्यों की रफ्तार तेज की जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान कराएंगे।



नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में हंगामा करते सभासद। • अमृत विचार

# नाबालिगों के दुपहिया चलाकर स्कूल आने पर लगेगी रोक

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक, तय होगी विद्यालय प्रबंधन की भी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिवहन विभाग के अधिकारी स्कूलों में संपर्क कर करेंगे जागरूक
- बैठक में गूंजा जर्जर सड़कों का मुद्दा, पथ प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश
- सड़कों को गंदगी मुक्त और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराएं अधिकारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें जर्जर व टूटी सड़कों का मुद्दा गूंजा। जिलाधिकारी ने सड़क हादसे रोकने के लिए सड़कों को प्राथमिकता पर जल्द ठीक कराने और पथ प्रकाश व्यवस्था सुधारने का कड़ा निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक के कम उम्र के छात्र-छात्राओं के स्कूटी व बाइक से स्कूल जाने पर कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। ऐसे छात्र छात्राओं को रोका जाए जो बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाकर यातायात नियमों को तोड़ रहे हैं।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारी से कहा कि विद्यालय प्रबंधन से मिलकर इसका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। विद्यालयों में गाइडलाइन उपलब्ध कराकर सुनिश्चित कराएं कि स्कूटी से जाने वाले बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार से यातायात नियमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों द्वारा स्कूटी से विद्यालय जाने की परंपरा को प्रतिबंधित किया जाए। अभियान चलाकर विद्यालयों के प्रबंधकों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मामला है इसलिए गंभीरता जरूरी है। पिछली बैठक में दिए निर्देश के बारे में एआरटीओ आनंद निर्मल से पूछा। जिस पर उन्होंने बताया कि 779 स्कूली वाहनों के सापेक्ष 669 का सेफ्टी ऑडिट हो चुका है।

नेशनल हाईवे पर साइड पट्टी क्लियर करने और बारिश के दौरान जल भराव की समस्या का समाधान कराने के लिए नेशनल हाईवे के मेंटीनेंस से संबंधित नोडल एजेंसी को निर्देश दिया। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को सड़कों की सफाई कराने के लिए कहा। संभल मार्ग पर राहगीरों की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, लोनिवि के अधिशासी अभियंता कुलदीप संत, जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी अनिल कुमार मित्तल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीएम अनुज सिंह।

### सड़कों को करें दुरुस्त, होगी सुरक्षा

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जिले में बनी सड़कों के सेफ्टी ऑडिट के बारे में जिलाधिकारी ने पिछले बैठक में निर्देश पर कार्रवाई की जानकारी ली। कहा कि रंबल स्ट्रिप मानकों के अनुरूप अनिवार्य रुप से लगवाएं। चेतावनी संकेतक एवं थर्मोप्लास्ट पेंट भी अच्छी गुणवत्ता की लगी होनी चाहिए। नेशनल हाईवे पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट की मरम्मत के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए।

### चाइनीज मांझे का प्रयोग करने वालों पर हो मुकदमा

जिलाधिकारी ने पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग कर आमजन को संकट में डालने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। कहा कि ऐसे लोगों से सख्ती से निपटें।

### रिमॉडलिंग कार्य की दूर करें बाधा

हनुमान मूर्ति चौराहे पर रिमॉडलिंग कार्य में बाधा बन रहे 33 केवी एवं 11 केवी के विद्युत पोलों एवं विद्युत केबल को शिफ्ट न करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल विद्युत पोल हटवाने के लिए कहा। अगवानपुर पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से जानकारी ली। एमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुल पर लगे विद्युत पोल को सही कराएं जिससे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनी रहे।

## जागरूकता से ही संभव है कुष्ठ रोग का संपूर्ण खात्मा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्र ने वर्ष 2027 तक कुष्ठ रोग के संचरण को पूर्ण रूप से रोकने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य जन जागरूकता से ही हासिल हो सकता है। इसी कड़ी में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार में सोमवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. मुक्ता अग्रवाल ने कहा कि कुष्ठ रोगी के साथ बैठने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता है, बल्कि ऐसा मरीज जिसने कभी भी कुष्ठ रोग का इलाज नहीं लिया है, उसके श्वास कणों के माध्यम से दूसरे व्यक्ति के शरीर में जा सकता है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने छात्राओं को कुष्ठ रोग की जानकारी दी। बताया कि अगर आरंभिक लक्षणों में ही इलाज आरंभ कर दिया जाए तो इसका प्रभाव आंखों एवं शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचाने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# अनमोल के शतक से एसआर अकादमी की जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बड़े स्कोर वाले मुकाबले में बल्लेबाजों का खासा दबदबा दिखा

**अमृत विचार :** असदपुर स्थित एनएस क्रिकेट अकादमी में सोमवार को खेले गए क्रिकेट मुकाबले में एसआर क्रिकेट अकादमी ने एनएस क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबले में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला, जहां दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एनएस क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 246 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से एमडी अशरफ ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 रन बनाए, जबकि वसीम इरफान ने 69 रन की अहम पारी खेली। इसके अलावा कैफ पाशा ने 29 और वीरप्पना ने 21 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआर क्रिकेट अकादमी की शुरुआत भी शानदार रही। टीम के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

अनमोल प्रकाश ने शानदार शतक लगाते हुए 101 रन की विजयी पारी खेली। उनके साथ नक्श सिंह ने 80 रन बनाकर मजबूत साझेदारी निभाई। वहीं मोहम्मद अरहम ने 15 रन का योगदान दिया। एसआर क्रिकेट अकादमी ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## महेश यादव ने संभाला सीनियर डीसीएम का पदभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 2013 बैच के इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस (आईआरटीएस) के अधिकारी महेश यादव ने सोमवार को मुरादाबाद में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने इस पद का चार्ज निवर्तमान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता से विधिवत ग्रहण किया।


महेश यादव।

महेश यादव अनुभवी व कुशल अधिकारी हैं। उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान नियुक्ति से पूर्व वह उत्तर रेलवे मुख्यालय में डिप्टी चीफ आपरेशंस मैनेजर के पद पर कार्यरत थे।

# शोध परंपरा के लिए उच्च मानक स्थापित करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के प्रथम बैच के पीएचडी शोधार्थियों के लिए अन्वेषण डॉक्टोरल इंडक्शन प्रोग्राम सोमवार को पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत कुलपति प्रो.सचिन माहेश्वरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, कुलसचिव, डीन, प्राचार्यों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य एवं ललित कला संकायों के शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद वर्षा वर्मा ने सरस्वती वंदना की। सीडीओ ने शिक्षा की सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।


पंचायत भवन सभागार में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी के साथ शिक्षक व छात्र।

- अन्वेषण डॉक्टोरल इंडक्शन प्रोग्राम में शोधार्थियों का किया मार्गदर्शन

कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की शोध परंपरा को मजबूत करने और उच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी ने संस्थागत अपेक्षाओं और शैक्षणिक दिशा निर्देशों की जानकारी दी। उद्घाटन व प्रथम सत्र का समापन एमएससी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान के साथ किया गया। द्वितीय सत्र में संवादात्मक प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें शोधार्थियों ने कुलपति से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली पुनिया ने किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के डीन सहित प्रो. डॉ.अनामिका त्रिपाठी, डॉ. धर्मेंद्र यादव, डॉ. विनोद गंगवार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ.दिव्या जैन, सुनील पवार, डॉ. महेंद्र चौहान समेत संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

**आस्था** | गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन में 27 अप्रैल से 8 मई तक 11 रात एवं 12 दिन का होगा सफर

# भारत गौरव ट्रेन कराएगी 7 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा करने का मौका इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) दे रही है। आईआरसीटीसी द्वारा गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन द्वारा उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिलिंग, गुजरात में द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, संभाजी नगर में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर यात्रा का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए श्रेणी अनुसार कुल बर्थों की संख्या 751 है, जिसमें 2 एसी (कुल 49 सीटें), 3 एसी (कुल 210 सीटें) एवं स्लीपर (कुल 492 सीटें) हैं।

यात्रा के दौरान ट्रेन में उतरने/चढने के लिए गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और ललितपुर स्टेशन निर्धारित किया गया है। उत्तर क्षेत्र लखनऊ के आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज में 2 एसी, 3 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी/ नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 23500 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 22160 रुपये है। (स्लीपर क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर नॉन एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में मल्टी शेयर पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) है और स्टैंडर्ड श्रेणी (3 एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 40000 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 38430 रुपये है। (3एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) है। कम्फर्ट श्रेणी (2 एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 53260 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 51370 रुपये है। (2 एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) रहेगी।




- ट्रेन में स्लीपर, एसी थ्री, एसी टू की कुल बर्थों की संख्या 751 मौजूद

### एलटीसी और ईएमआई की सुविधा भी

यात्रा सेवा में एलटीसी और ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

## कासिम की तूफानी पारी से नेक्स्ट जेनरेशन जीता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोधीपुर स्थित रुक्मणी क्रिकेट अकादमी में चल रहे रुक्मणी अंडर-19 वन डे कप के तहत सोमवार को नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी और रामपुर क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। नेक्स्ट जेनरेशन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर क्रिकेट अकादमी की टीम 35.1 ओवर में 140 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से लक्ष्य ने सर्वाधिक 33 रन बनाए, जबकि हर्ष यादव ने 32 रन और अक्षय चौहान ने 21 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 10.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। टीम के कप्तान कासिम सैफी ने धुआंधार नाबाद 85 रन की बेहतरीन पारी खेली और टीम को जीत दिलाई।

# जीआरपी ने 12.5 किलो गांजा संग दो तस्कर दबोचे


जीआरपी की गिरफ्त मे गांजा की तस्करी करने के आरोपी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए दोनों तस्कर बिहार के रहने वाले

**अमृत विचार :** जीआरपी ने प्लेटफॉर्म पर गश्त और चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये बताई जा रही है।

जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ ने सोमवार को टीम के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग के दौरान मुकेश कुमार को हरे रंग के ट्रॉली बैग से 6.412 किलोग्राम गांजा के साथ, वहीं दूसरे अभियुक्त अभय कुमार दुबे निवासी ग्राम सतफेड़ता, थाना सिमरी, जिला बक्सर बिहार को दो पिट्ठू बैग से 6.328 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा। दोनों के पास से कुल 12.740 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेनों के माध्यम से दूसरे राज्यों से सस्ते दामों में गांजा लाकर स्थानीय स्तर पर महंगे दामों में बेचते थे, जिससे मोटी कमाई होती थी।

## थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए 25 यूनिट रक्तदान किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर रामगंगा विहार में बैंक्वेट हाल में लगाया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सलिल सक्सेना, दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव एडवोकेट कपिल गुप्ता ने उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं होता है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सलिल सक्सेना ने रक्तदान करने वालों की सराहना की, कहा कि रक्तदान करना मानवता की सेवा है। प्रदीप सक्सेना ने बताया कि शिविर में थैलीसीमिया से पीड़ित मरीजों की मदद के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 25 यूनिट रक्तदान किया गया। महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, शिवम सक्सेना, दिलीप कृष्ण भटनागर, अरविंद सक्सेना, नीलम भटनागर मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# दुकान में करंट से युवक की मौत

## रिश्तेदार की शादी से शामिल होकर दुकान में गया था विक्की, परिजनों का बुरा हाल



गम में बैठीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी



मृतक विक्की चंद्रा।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट से मौत हो गई। वह शादी समारोह से लौटने के बाद दुकान पर गया था, जहां हादसा हुआ।

विक्की चंद्रा पुत्र सत्य प्रकाश चंद्रा की गांव में ही परचून की दुकान है। रविवार रात रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर घर लौटा था। देर रात करीब 12 बजे वह दुकान में लगे इलेक्ट्रॉनिक कांटे का स्विच हटाने पहुंचा, तभी करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के समय पास में डीजे बज रहा था, जिससे परिजनों को तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। कुछ देर बाद जब परिवार के लोग दुकान पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। किसी तरह उसे करंट से अलग कर उपचार के लिए ले जाया गया। परिजन पहले उसे टीएमयू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद उसे साईं अस्पताल, मुरादाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में कोहराम मच गया। वह परिवार में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई नवनीत चंद्रा व बहनें रेखा, शिवानी, महिमा और झलक सहित मां शारदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को गांव में ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है।

## कार की टक्कर से घायल महिला के बाद पति की भी उपचार के दौरान मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गेहूं की कटाई करने जा रहे साइकिल सवार दंपती को कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति की उपचार के दौरान मौत हो गई। लाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी चंद्र मोहन पत्नी सुनीता के साथ साइकिल से रविवार को जंगल में गेहूं की कटाई करने जा रहे थे। रतूपुरा दारापुर मार्ग गांव के निकट ही पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार चालक कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफदलपत निवासी दिनेश कुमार पुत्र सतवीर सिंह ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार महिला सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायल महिला के पति चंद्रमोहन को उपचार के निजी अस्पताल में आनन फानन में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान चंद्रमोहन सिंह की भी मौत हो गई। पति पत्नी की मौत पर परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने दंपति के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। पुत्र की तहरीर के आधार पर कार चालक दिनेश कुमार पुत्र सतवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला के बैग से 75 हजार रुपये चोरी मां-बेटी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र मस्जिद छिपीयान के पास एक महिला के साथ खरीदारी के दौरान बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। शादी की तैयारियों के लिए बाजार आई महिला के बैग से 75,000 रुपये पार कर दिए गए। पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा निवासी शहाना बेगम पत्नी याद अली 8 फरवरी को शादी के लिए सामान खरीदने मस्जिद छिपियान के निकट स्थित जूते की दुकान पर पहुंची थीं। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद दो महिला खरीदारों ने मौका पाकर उनके बैग में रखी नकदी चोरी कर ली। पीड़िता ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच के दौरान पुलिस ने नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला निवासी नूर अफशा पुत्री निजाम और उसकी मां फातिमा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का विरोध करने पर ग्राम विकास अधिकारी से मारपीट

संवाददाता, डिलारी



घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान व जांच करती पुलिस।

● कार्यालय में तोड़फोड़, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** ब्लॉक डिलारी कार्यालय में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का विरोध करने पर ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट की गई। कार्यालय में तोड़फोड़ की गई।

भोजपुर के गांव अकबरपुर निवासी अरमान ठाकुरद्वारा कोर्ट में एक अधिवक्ता के पास लिपिक है। सोमवार को एडीओ पंचायत कार्यालय पहुंचा। वहां तैनात ग्राम विकास अधिकारी जैकी अनवर पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का दबाव बनाने लगा। अधिकारी ने नियमों का हवाला देते हुए फर्जी प्रमाण पत्र बनाने से इंकार कर दिया। अरमान ने गाली-गलौच करते हुए उनपर हमला कर दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। आरोपी ने कार्यालय में रखे कई कंप्यूटर तोड़ दिए तथा सरकारी अभिलेख और प्रपत्र फाड़कर फेंक दिए। कर्मचारियों व आम लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर जैकी अनवर को बचाया।

सूचना पर थाना डिलारी पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़ित अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने, तोड़फोड़ और अभद्रता की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि आरोपी को मौके से पकड़ लिया गया। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## दबंगों ने कार सवारों को पीटा, चार नामजद

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी फरीद की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार में तोड़फोड़ करने, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि रविवार की रात साढ़े ग्यारह बजे स्विफ्ट से परिवार के साथ दावत से वापस आ रहा था। गांव के निकट पहुंचा तो घात लगाए खड़े आलिम, तौसिफ उर्फ तुलली, नदीम व तौफीक शाह समेत तीन चार अज्ञात ने देखते ही गाड़ी पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में परिजनों को चोटें आईं हैं आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खाना खाने को लेकर विवाद में मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** छजलैट के ग्राम अलीपुर खालसा निवासी तेजपाल संजरपुर में एक बरात में गया था। वहां खाना खाने को लेकर परम सिंह एवं उसके रिश्तेदार जितेंद्र ने पहले गाली गलौज की। जब तेजपाल ने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों व लात घूंसों से जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी



### नारायणपुर छंगा में पसरा सन्नाटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नारायणपुर छंगा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। दो पक्षों के बीच टकराव के बाद पुलिस-प्रशासन ने पूरे गांव को सुरक्षा के लिहाज से छावनी में तब्दील कर दिया है। भारी पुलिस बल की तैनाती के चलते सन्नाटा पसरा हुआ है। दोनों पक्षों की ओर से विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। प्रशासन ने प्रतिमा को ठीक कराया और तारबंदी वायर फेंसिंग कर सुरक्षित कर दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार और एसडीएम प्रीति सिंह लगातार मौके पर डटे हुए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी हाल में अशांति फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### कलाकारों को किया पुरस्कृत

**बिलारी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच बिलारी द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर बिलारी नगर में शोभायात्रा ग़मा देवत से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई मंदिर पौडा खेडा पर पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा में भाग लेने वाले झांकियां में कलाकारों को और पुलिस प्रशासन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच बिलारी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित रामनिवास शर्मा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन अभिलाष गौड़ युवा ब्राह्मण सभा नेता ने की आशीष शंकर पांडे सभासद, राजीव कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता आदि ने पुरस्कार वितरण में सहयोग किया।

### पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर सोमवार को नया मुरादाबाद स्थित कुंवर सर्वेश कुमार सिंह पार्क में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता विकास जैन ने कहा कि कुंवर सर्वेश सिंह निर्भीक नेता थे। वह हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहते थे। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पूर्व सांसद सबके दुख दर्द में उपस्थित रहते थे। इस दौरान अमित सिंह, राजू कालरा, राकेश मल्होत्रा, अंकित शर्मा, कपिल सैनी, मोनू सैनी, गीतांश मित्तल, सक्षम अग्रवाल, विपिन गुप्ता, हरि गोपाल शर्मा, प्रेम शंकर सैनी आदि मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण प्रस्ताव पास न होने पर फिर अटका

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में लंबे समय से प्रस्तावित आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण एक बार फिर शुरू तो हुआ लेकिन प्रशासनिक प्रक्रिया अधूरी रहने के कारण इस पर फिर से अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। यह निर्माण कार्य ग्राम समाज फतेहउल्लागंज की गाटा संख्या 612 पर शुरू किया गया था, जिसे नगर पालिका के मौखिक निर्देश पर रुकवा दिया गया। ठेकेदार मेहकार सिंह के अनुसार उन्हें कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, बल्कि मौखिक रूप से काम रोकने को कहा गया। वहीं नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य को लेकर प्रस्ताव बोर्ड में पारित हुआ है और न ही पालिका की ओर से कोई आधिकारिक अनुमति दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले गाटा संख्या 595 पर अस्पताल निर्माण की योजना बनाई गई थी, लेकिन उक्त भूमि को श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट ने मंदिर की संपत्ति बताते हुए विरोध किया था। मामला शासन स्तर तक पहुंचा, जिसके बाद प्रभारी मंत्री के हस्तक्षेप और डीएम के निर्देश पर निर्माण रोक दिया गया था। बाद में प्रशासन ने अस्पताल के लिए नई भूमि की तलाश कर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर लेखपाल हिमांशु कुमार ने करीब 450 वर्ग मीटर भूमि की पैमाइश भी कराई। हालांकि, नगर पालिका द्वारा इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव पारित न किए जाने से प्रक्रिया अधूरी रह गई है, जिससे निर्माण कार्य फिर से अटकने की आशंका है।
वर्तमान में आयुर्वेदिक अस्पताल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के एक छोटे हिस्से में संचालित हो रहा है।



### भाकियू व अधिकारियों के बीच समस्याओं पर चर्चा

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम की मध्यस्थता में भारतीय किसान यूनियन और संबंधित विभाग के अधिकारियों की वार्ता हुई जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन लंबे समय से क्षेत्र में मृदा परीक्षण केंद्र बिजली के जर्जर तार बदलवाने बिजली के बिलों में संशोधन करने किसानों पर जो बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के मुकदमे लिखे गए हैं, उन्हें समाप्त करने, नहरों में पानी टेल तक रखने, गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान एवं किसानों की आय बढ़ाने आदि की मांग चल रही थी। लंबे समय से भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक वार्ता करते चले आ रहे हैं परंतु शासन प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी किसानों को आश्वासन देकर टरका देते हैं। बैठक में एसडीएम संत दास पवार, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी दर्शन सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी हरदीप सिंह एवं गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह, जेई अरविंद गुप्ता एवं अन्य मौजूद रहे।

### रिश्ता करने से मना करने पर पीटा, पांच पर केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव रूस्तमपुर तिगरी में रिश्ता करने से मना करने पर दबंगों ने घर में घुसकर मार-पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में मकसूद पुत्र मतलूब ने बताया कि बेटे गुलफाम के रिश्ते की बात टांडा के गांव सियोग निवासी भूरा की बेटी से चल रही थी। 8 मार्च को मोबाइल पर बेटे के होने वाले साले गुलफाम का फोन आया और वह बेटे से गाली गलौज करने लगा। इस पर बेटे ने रिश्ता करने से मना कर दिया। रात 11 बजे परिजनों के साथ घर पर बैठा था अचानक भूरा पुत्र जीशान, रुस्तमपुर तिगरी के रिश्तेदारों अरमाना पत्नी आस मोहम्मद, शान मोहम्मद पुत्र आस मोहम्मद व आस मोहम्मद पुत्र यूनुस को लेकर घर में घुस आया परिजनों से मारपीट की।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 210746841 वर्ष 2021 दिनांक 30.03.2026 को अपने ग्राम से मनौटा जाते समय रास्ते में कहीं गिर गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। मंजू पाल पुत्री भगवत सरन निवासी ग्राम रामनगर थाना असमोली जनपद सम्भल

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0607380 का प्रमाण पत्र -सह- अंक पत्र खो गया है। नरवीर पुत्र मोहर सिंह केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

सूचना
मेरी मकान की रजिस्ट्री नं. 3309 जो बही नं. 1 जिल्द सं. 3371 पृष्ठ 33/50 पर दिनांक 24.07.2020 सब रजिस्ट्रार बिलासपुर में दर्ज है कहीं खो गयी है जिसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा अवैध माना जायेगा। उक्त रजिस्ट्री पूर्व क्रेता फय्याज हुसैन पुत्र अहमद के नाम है, यदि किसी बैंक, संस्था, या व्यक्ति को आपत्ति हो या उक्त बैनामा किसी को मिले तो वह 7 दिनों के अंदर पैनल अधिवक्ता श्री दलजीत सिंह मो. 8057034550 को सूचित करें।
वसीम पुत्र अख्तर हुसैन निवासी सोमवार का बाजार बिलासपुर (रामपुर)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बाइक से घर जा रहे ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग, एक पकड़ा

संवाददाता, भगतपुर

● पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूरन सिंह समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मुरादाबाद से वापस घर जा रहे ट्रांसपोर्टर पर थाना क्षेत्र के ग्राम सिरस्वां हरचंद के चौराहे के नजदीक कुछ हमलावरों ने फायरिंग कर दी। घटना में ट्रांसपोर्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने साहस दिखाते हुए डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

जिले के गांव सिरस्वां हरचंद निवासी राजेश कुमार ट्रांसपोर्टर हैं। रविवार रात को राजेश कुमार मुरादाबाद से अपने गांव वापस आ रहे थे। जैसे ही वह सिरस्वां हरचंद के चौराहे के नजदीक पहुंचे। वैसे ही पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही राजेश कुमार बाइक सहित बच गए। घायलावस्था में उन्होंने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद पुलिस ने आकाश कुमार नामक एक आरोपी को हिरासत में लिया है। राजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख पूरन सिंह एवं उनके पुत्र आकाश यादव एवं विशाल यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव, दुष्यंत यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि राजेश कुमार की तहरीर के आधार पर सात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे

राजेश कुमार के परिजनों ने बताया आरोपी पक्ष ने फर्जी तरीके से ट्रस्ट बनवा लिया था। आरोपियों का मकसद ट्रस्ट की आड़ में एक शिक्षण संस्थान को हड़पने का था। इस प्रकरण में राजेश कुमार 21 फरवरी को थाना नागफनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है थाना में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी पक्ष राजेश पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना था। मुकदमा वापस लेने के इनकार करने पर आरोपी रंजिश मानने लगे थे और जान से मारने की धमकी दी थी। इसी वजह से आरोपियों ने राजेश को गोली मार दी।

## महिला समेत तीन पर मारपीट का केस

**भोजपुर, अमृत विचार :** पीपलसाना रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी रेशमा पत्नी अरमाना ने बताया कि रविवार को मामूली कहासुनी में पड़ोसियों सलमान, नसीम व तसकीमा सायबा ने गालियां दीं और लात-घूसों से मारा पीटा। इस दौरान सलमान ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# जेईई मेन में सिद्धांत गोयल को 250वीं रैंक




कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● स्कॉलर्स डेन के छात्रों ने हासिल की उत्कृष्ट सफलता

**अमृत विचार :** जेईई (मेन) के सोमवार को जारी परिणामों में स्कॉलर्स डेन के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्थान के सिद्धांत गोयल पुत्र शशांक एस अग्रवाल ने 99.99 परसेंटाइल के साथ आल इंडिया 250वीं रैंक हासिल कर संस्थान और मुरादाबाद मंडल को गौरवान्वित किया।

इसके अलावा युवल गुप्ता ने 99.87 पर्सेंटाइल के साथ एआईआर 2142, प्रखर गुप्ता ने 99.74 पर्सेंटाइल के साथ आल इंडिया रैंक 4278, सार्थक अग्रवाल ने 99.74 परसेंटाइल के साथ 4233 और भूमिका सक्सेना ने 99.70 पर्सेंटाइल के साथ आल इंडिया रैंक 4900 हासिल कर अपने परिवार, शहर और संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के प्रबंधन ने बताया कि जेईई मेन की वेबसाइट के तकनीकी कारणों से सभी छात्रों के परिणाम अभी उपलब्ध नहीं हो सके हैं। जेईई (मेन) परीक्षा को क्वालीफाई करने के बाद छात्र एनआईटी, आईआईआईटी, जीएफटीआई जैसे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। हालांकि आईआईटी में एडमिशन लेने के लिए उन्हें जेईई (एडवांस्ड) की परीक्षा क्वालीफाई करनी पड़ेगी।

# वैश्य सभा: चौथी बार अध्यक्ष बने मोहित

संवाददाता, कांठ



मोहित माहेश्वरी।

**अमृत विचार:** वैश्य सभा के वार्षिक चुनाव में मोहित माहेश्वरी ने चौथी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा किया।

नगर के मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में रविवार देर रात हुई बैठक के दौरान कार्यकारिणी सदस्यों ने इस बार चुनाव प्रक्रिया से चुनाव कराने की मांग की। पीठासीन अधिकारी मुकेश माहेश्वरी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू कराते हुए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन मांगे। नामांकन में पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी एवं संजीव गुप्ता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दिया। उसके बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी को सर्वाधिक 45 वोट मिले जबकि संजीव गुप्ता मात्र 18 वोट ही हासिल कर पाए। इस प्रकार मोहित माहेश्वरी ने संजीव गुप्ता को 27 मतों से पराजित कर लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। निवास पर बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। मोहित ने कहा कि नागरिकों की सेवा के लिए वैश्य धर्मशाला का विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता है। बधाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एड. दीपक बिश्नोई, राकेश माहेश्वरी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, देवेंद्र बिश्नोई, आलोक वर्मा, सुबोध चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यकारिणी में मोहित माहेश्वरी प्रधान, ऋषि गुप्ता उपप्रधान, अरुण मित्तल मंत्री, अजय माहेश्वरी उपमंत्री, राहुल लोहिया कोषाध्यक्ष, अंकित बंसल भंडारी, मुकेश गुप्ता निरीक्षक, मुकेश माहेश्वरी उप निरीक्षक, सुनील अग्रवाल प्रबंधक

## लापता नाबालिग बरामद

**कांठ।** कांठ के घोसीपुरा का मयंक राठी 18 अप्रैल को कॉलेज में फीस जमा करने गया था। नहीं लौटा तो तहरीर दी। सोमवार को छात्र वापस आ गया। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

न्यायालय उप संचालक चकबन्दी, मुरादाबाद
आर.एस.टी. संख्या-27/20235313540000025 7+49/ 20245313540000060 4
अन्तर्गत धारा-48(1) जोत चकबन्दी अधिनियम
इबले हसन, अहमद हसन पुत्रगण मेहन्दी हसन निवासी ग्राम बीबीपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद (पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता) बनाम भूरा आदि ग्राम-मुस्तफापुर द्वितीय तहसील कांठ जिला मुरादाबाद
सम्मन/सूचना पत्र उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र मेरे न्यायालय में सुनवाई हेतु विचाराधीन है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 नियत है। उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र के विषय में निम्न लिखित पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र में अपना पक्ष रखने/सुनवाई के लिए नियत दिनांक 22.04.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/ पैरोकार द्वारा उपस्थित होकर न्यायालय की कार्यवाही में प्रतिभाग करें। नियत तिथ पर उपस्थित पक्षों को सुनकर उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा। तदनुसार निम्न लिखित पक्षकार सूचित हो। 1. भूरा पुत्र जुम्मा 2. अब्दुल अजीज पुत्र हकीम समस्त निवासी-ग्राम बीबीपुर पोस्ट सराय खजूर तह. कांठ जिला मुरादाबाद
आज्ञा से - उप संचालक चकबन्दी, मुरादाबाद

न्यायालय उप संचालक चकबन्दी मुरादाबाद
आर.एस.टी. संख्या-44/20245413540000024 8
जोत चकबन्दी अधि. 48(3)
कलुवा व शमीम पुत्रगण छोटे निवासी ग्राम मुस्तफापुर द्वितीय तहसील कांठ जिला मुरादाबाद (पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता) बनाम सरकार एवं अन्य (प्रतिवादी) ग्राम मुस्तफापुर द्वितीय तहसील कांठ जिला मुरादाबाद
सम्मन सूचना पत्र
उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र मेरे न्यायालय में सुनवाई हेतु विचाराधीन है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 नियत है। उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र के विषय में निम्न लिखित पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि उक्त पुर्न स्थापना पत्र में अपना पक्ष रखने/ सुनवाई के लिए नियत दिनांक 22.04.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/ पैरोकार द्वारा उपस्थित होकर न्यायालय की कार्यवाही में प्रतिभाग करें। नियत तिथि पर उपस्थित पक्षों को सुनकर उक्त पुर्न स्थापना प्रार्थना पत्र का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा। तदनुसार निम्न लिखित पक्षकार सूचित हो। 1. इरशाद पुत्र रियासत 2. युसुफ पुत्र इतवारी 3. नूरहसन पुत्र गफूर अहमद समस्त निवासी-ग्राम बीबीपुर पोस्ट सराय खजूर तह. कांठ जिला मुरादाबाद।
न्यायालय उप संचालक चकबन्दी मुरादाबाद

## न्यूज ब्रीफ

### पैन कार्ड मामले में सत्य की जीत हुई: विधायक



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट द्वारा याचिका खारिज करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है और सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कोर्ट के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने तथ्यों के आधार पर फैसला किया है और मजबूत पैरवी से सच सभी के सामने आया है।

### फर्जी नंबर प्लेट लगा दौड़ रही टैक्सी सीज

**शाहबाद अमृत विचार :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान एक टैक्सी परमिट अर्टिगा कार पर दूसरी गाड़ी की नंबर प्लेट लगी पाई गई। टीम ने वाहन को तत्काल सीज कर दिया। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन टीम ने ड्रिंक एंड ड्राइव के तीन चालान काटे और चालकों को कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा स्कूलों में संचालित बसों की भी जांच की गई। टीम ने बसों के परमिट, फिटनेस, फर्स्ट एड बॉक्स समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक किया। टीएसआई निरपेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर टीएसआई निरपेंद्र सिंह के साथ आरपी तौमर मौजूद रहे।

### अभियान: स्कूली वाहनों की चेकिंग

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में सोमवार को यातायात पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, रजिस्ट्रेशन, परमिट एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों का गहन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान संबंधित वाहन चालकों एवं संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें तथा यातायात नियमों का पूर्णत: पालन करें। साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ओवरलोडिंग न करने, वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि को अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए।

# हरियाणा से लापता मंदबुद्धि युवक को परिजनों से मिलाया

संवाददाता, मिलक



परिजनों के साथ युवक।

**अमृत विचार:** सोमवार को मिलक पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दिल्ली से ट्रेन द्वारा घर जाते समय रास्ता भटके एक मंदबुद्धि युवक को परिजनों के सुपुर्द किया।

19 अप्रैल को मिलक क्षेत्र में मोहन(22) पुत्र भीरगुनाथ निवासी फरीदाबाद हरियाणा मिला था। पूछताछ में पता चला कि मोहन दिल्ली में काम करता था और ट्रेन से घर जा रहा था, लेकिन रास्ता भटक गया। मिलक पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के परिजनों की जानकारी जुटाई। पिता भीरगुनाथ व भाई संजीत थाना मिलक पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह व हमराह पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर मोहन को उसके पिता भीरगुनाथ व भाई संजीत के सुपुर्द कर थाने से सकुशल परिजनों के साथ भेजा गया। पिता भीरगुनाथ ने कहा कि वह उम्मीद खो चुका था।

### संभावित हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी, सतर्क रहें लोग

# जरूरी होने पर ही बाहर निकलें, शरीर को हाइड्रेट रखें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मौसम विभाग के अनुसार 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पहुंच सकता है तापमान

**अमृत विचार:** बढ़ते तापमान एवं आगामी दिनों में संभावित हीट वेव के खतरे को देखते हुए रामपुर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार आमजन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तहत आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच सकता है, जिससे हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं एवं शरीर को हाइड्रेट रखें। हल्के, ढीले एवं सूती कपड़े पहनें तथा सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने की भी अपील की गई है। घरों में खिड़कियों पर पर्दे या कूलिंग सामग्री लगाकर अंदर का तापमान नियंत्रित रखने की सलाह दी गई है। अत्यधिक गर्मी के दौरान भारी एवं तैलीय भोजन से बचने तथा हल्का एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई है।

यदि किसी व्यक्ति में लू लगने के लक्षण जैसे चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल सुविधा के निर्देश :** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए है कि वह सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाएं। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों एवं प्राथमिक उपचार की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने अपील की है कि वह अफवाहों से बचें तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### हीट वेव अलर्ट, स्कूलों के समय में बदलाव की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** हीट वेव को लेकर शासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सहित अन्य शिक्षक संगठनों ने स्कूलों में बदलाव की मांग की है।जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और जिला महामंत्री डॉ. अंजुम सक्सेना ने बताया कि जिले में बेसिक शिक्षा के नियंत्रणाधीन परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का भीषण गर्मी के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने लू से बचाव एवं राहत के निर्देश दिए हैं। संगठनों ने शासनादेशों का पालन करते हुए विद्यालय का समय प्रात: 7.30 बजे से अपराह्न 12:30 करने की मांग की है।

# गर्मी बढ़ते ही आक्रामक होने लगे कुत्ते व बंदर, 57 को लगे इंजेक्शन

### जिला अस्पताल में सोमवार को अपराह्न 2 बजे तक पहुंचे थे 57 पीड़ित

- लोगों ने की कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ते ही कुत्ते और आक्रामक होने लगे हैं। बच्चों और बड़ों पर बंदर भी हमलावर हो रहे हैं। जिला अस्पताल में सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 44 और अपराह्न 2 बजे तक 57 लोगों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। प्रतिदिन औसतन 35 से 40 लोगों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं।

ग्राम अजीतपुर निवासी 4 वर्षीय अदीबा नूर पुत्री अफसर अली पर सोमवार की सुबह कुत्तों के झुंड ने घर के बाहर खेल रही अजीतपुर निवासी 4 वर्षीय अदीबा नूर पर कुत्तों ने हमला कर दिया। समय रहते लोगों की नजर पड़ गई और लोगों ने लाठी-डंडे मारकर कुत्तों को भगाया। इसके बावजूद कुत्तों के दांत लग गए। ग्राम घाटमपुर निवासी राशिद अहमद(35) को कुत्तों झुंड ने घेर लिया और उनकी पीठ में कुत्तों ने दांत मार दिए उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए और उन्हें बचाया। अजीतपुर निवासी तुषार(10) किसी काम से घर से बाहर निकला तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग घर से बाहर आए और लाठी डंडे मारकर कुत्तों को भगाया।

शहर के मोहल्ला बांके मियां का मजार निवासी सोमपाल सिंह(55) को बंदर ने काटकर घायल कर दिया वह दोपहर को इंजेक्शन लगवाने जिला अस्पताल पहुंचे।



निशान दिखाता तुषार।



सोमपाल सिंह।





अदीबा नूर।



पीठ पर निशान दिखाते राशिद अहमद।

### लोगों ने कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग

शहर की सड़कें हों या फिर गांव की गलियां हर जगह कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं। शहर की सड़कों पर जैसे ही कोई दो पहिया वाहन गुजरता है कुत्तों का झुंड भौंकता हुआ उसके पीछे दौड़ लगा देता है। कुत्तों के निशाने पर बच्चें हैं और मौका लगते ही कुत्तों का झुंड उन पर हमला कर देता है। सोमवार को कुत्तों के झुंड ने 4 वर्ष से 16 वर्ष तक के 38 बच्चों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं बंदर भी लोगों पर हमला करने में पीछे नहीं हैं। सोमवार की सुबह से दोपहर तक करीब दर्जन भर लोगों पर बंदरों ने भी हमला किया है। लोगों ने कुत्तों और बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है।

## गायत्री परिवार की बैठक में ब्लॉक कमेटी का गठन

**स्वार, अमृत विचार:** अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक नगर के मौहल्ला खास स्वार स्थित अर्जुन शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। अध्यक्षता रामपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा व संचालन जिला समन्वयक सोहन लाल राजपूत ने किया।

बैठक में संगठन के विस्तार और सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से ब्लॉक स्तर की कमेटी का गठन किया गया। इसमें मोहनलाल सैनी को ब्लॉक समन्वयक तथा शंकर लाल राठौर को सह समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अर्जुन शर्मा, शिव अवतार सक्सेना, लक्ष्मी कांत सैनी, प्रशांत कुमार शर्मा, नौबत राम सैनी और धर्म सिंह राजपूत को ब्लॉक समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द ही स्वार, टांडा, मसवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल स्तर पर पुरुष और महिला समितियों का गठन किया जाएगा। वक्ताओं ने गायत्री परिवार के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

# तेजी से उभरता व्यवसाय है मशरूम कल्टिवेशन



पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी में प्रमाणपत्रों के साथ अभ्यर्थी व स्टाफ।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मशरूम कल्टिवेशन प्रशिक्षण के अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र बांटे

**अमृत विचार:** पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी रामपुर में सोमवार को 10 दिवसीय मशरूम कल्टिवेशन प्रशिक्षण संपन्न हो गया। कृषि उप निदेशक राम किशन सिंह एवं आरसेटी निदेशक देशराज मीणा की उपस्थिति में प्रशिक्षण पूर्ण हुआ।

कृषि उप निदेशक ने कहा कि वर्तमान समय में मशरूम कल्टिवेशन एक तेजी से उभरता हुआ व्यवसाय है, जिसे कम लागत एवं सीमित पूंजी में भी प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। कृषि आधारित उद्यमों जैसे राइस मिल, आयल स्पेलर, आटा चक्की, बेकरी आदि सदाबहार व्यवसायों को अपनाने की सलाह दी। आरसेटी निदेशक ने कहा कि मशरूम कल्टिवेशन को अपनाकर प्रशिक्षणार्थी समाज में एक अलग पहचान बना सकते हैं।

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे हानिकारक रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से बचें। अच्छे एवं लाभदायक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दें। इस दौरान आरसेटी स्टाफ सरफराज हुसैन ने बताया कि प्रशिक्षण में मशरूम कल्टिवेशन की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ स्वरोजगार, उद्यमिता विकास, मार्केटिंग, संचार कौशल तथा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

# तहसीलों में बनेंगे हेलीपैड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- चुनाव में नेताओं के हैलीकॉप्टर उतरवाने के लिए प्रशासन को तलाशनी पड़ती है जगह
- शहर में पुलिस लाइन और सीआरपीएफ में बना हुआ हेलीपैड

**अमृत विचार:** तहसीलों में हेलीकॉप्टर उतारने के लिए लोक निर्माण विभाग हेलीपैड बनवाएगा। इससे चुनावी मौसम में अधिकारियों की आनन-फानन में हेलीपैड बनवाए जाने की तवालत खत्म होगी। दूसरे हर हेलीपैड बनवाने और उसको तुड़वाने का खर्च बचेगा। इसके लिए लोनिवि ने तैयारी शुरू कर दी है, सरकारी जमीनें तलाशी जा रही हैं।

एक हेलीपैड के निर्माण पर करीब 40 लाख रुपये लागत आने का अनुमान है। चुनाव के दौरान वीवीआईपी और नेताओं का दौरा बढ़ जाता है। वर्ष 2027 के फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव होना है। इससे पहले जुलाई तक स्वार, टांडा, मिलक, बिलासपुर और शाहबाद में हेलीपैड बनवाए जाएंगे। इन तहसीलों में प्रशासनिक अधिकारी जमीनें तलाश रहे हैं। क्योंकि, चुनाव से पहले ही राजनैतिक दलों के बड़े नेताओं की जिले में आवाजाही शुरू हो जाएगी। हेलीपैड बनवाने पर श्रम, समय और सरकारी धन की बरबादी होती थी। लेकिन, इस बार चुनाव से पहले हेलीपैड तैयार करा दिए जाएंगे। रामपुर में एक हेलीपैड पुलिस लाइन और दूसरा हेलीपैड सीआरपीएफ में बना हुआ है।

> मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक तहसील में स्थाई हेलीपैड जुलाई तक बनवाए जाने हैं। सभी के निर्माण पर करीब दो करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। - **केवी सिंह**, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड

# प्रगणकों और सुपरवाइजरों के बनेंगे तीन बैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर



तहसील सभागार में जनगणना प्रशिक्षण के बारे में जानकारी लेते कर्मी। ● अमृत विचार

- जनगणना के लिए कर्मचारियों को पांच स्थानों पर मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** सोमवार से सदर सहित जिले की सभी तहसील क्षेत्रों में जनगणना-2027 के पहले चरण के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इस चरण में 22 मई से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से पांच अलग-अलग स्थानों पर किए गए हैं। इनमें बिलासपुर तहसील सभा कक्ष, ब्लॉक कार्यालय का सभागार, ब्रह्मदत्त विद्या मंदिर, श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज और सर्व संस्कृति स्कूल शामिल हैं। ब्लॉक में केमरी उपनगर, ब्रह्मदत्त में पालिका क्षेत्र तथा अन्य तीन स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 230 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण ले रहे हैं। तहसील के सभाकक्ष में आईटीआई के अनुदेशक अनिल कुमार और सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सुनील कुमार ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने 22 मई से 20 जून तक चलने वाली प्रथम चरण की जनगणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि जनगणना पेपरलेस ऑनलाइन होगी और प्रत्येक प्रगणक को एक निश्चित क्षेत्र आवंटित किया जाएगा। प्रगणना के दौरान सतर्कता, शालीनता और गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार ने बताया कि 50-50 प्रगणकों और सुपरवाइजरों के तीन बैचों को तीन-तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 28 अप्रैल तक चलेगा।शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, बीएलओ, लेखपालों तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को प्रगणक और सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है।

## न्यूज डायरी

### भक्ति और श्रद्धा के माहौल में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष



**रामपुर, अमृत विचार :** कोसी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में नवनिर्मित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सोमवार को अत्यंत भव्य और श्रद्धा मय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे परिसर में सुबह से ही जय श्रीराम के उद्घोष, वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्तों की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पावन आयोजन की शुरुआत 14 अप्रैल से हुई थी। कई दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के बाद सोमवार प्रात: 5 बजे से 11 बजे तक विशेष पूजन के बीच अंतिम अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। श्रद्धालुओं ने श्रीराम के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। उत्सव पैलेस परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भजन-कीर्तन और धार्मिक उत्साह ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। इस दौरान वीरेंद्र जौली, विजय जौली, वीरेंद्र गर्ग, सुनील गोयल, योगेश गर्ग, अर्पित अग्रवाल, प्रदीप सक्सेना, सुमन जौली, रेनू गर्ग, पूनम अग्रवाल, अनीता गोयल, रेनू सक्सेना, विष्णु शरण अग्रवाल, हरीश चंद्र ठेकेदार, सुभाष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एनएमएमएसई प्रदेश टॉपर को साइकिल भेंट कर किया सम्मानित





**रामपुर, अमृत विचार :** सीटीई प्रयागराज द्वारा लखनऊ स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में रविवार को कार्यक्रम किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जबकि परीक्षा में प्रदेश टॉपर बने जौनपुर जिले के प्रतिभाशाली छात्र अनुराग यादव को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। रामपुर के शिक्षक साइकिल मैन सतेंद्र पांडेय द्वारा साइकिल दी गई। इस दौरान एआरपी संघ रामपुर के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, शैलेंद्र कुमार एवं प्रभाकर गौतम उपस्थित रहे। जौनपुर के छात्र अनुराग यादव को 180 में से 172 सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। आयोजक प्राचार्य सीटीई अजय कुमार सिंह तथा मुख्यातिथि पूर्व शिक्षा निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ सर्वेंद्र बहादुर विक्रम ने रामपुर टीम के प्रयासों की सराहना की। साइकिल मैन अब तक 29 मेधावी छात्र-छात्रों को साइकिल भेंट कर चुके हैं।

### चार्ट व पोस्टर प्रतियोगिता के रोवर्स वर्ग में योगेश रहे प्रथम



**संवाददाता, बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर के चौथे दिन विविध गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। शुभारंभ रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलम मौर्य द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। शिविर के अगले चरण में जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड नरवन्त कौर एवं जीतू कुमार ने शिविरार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने स्काउट-गाइड आंदोलन के गौरवशाली इतिहास के विभिन्न चरणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। चौथे दिन की प्रतियोगिताओं की मुख्य थीम सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा मतदाता जागरूकता रखी गई। चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता के रोवर्स वर्ग में योगेश कुमार ने प्रथम, प्रशांत सिंह ने द्वितीय और मंगलदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रेंजर्स वर्ग में निधि प्रथम, मुस्कान द्वितीय और हबीबा नूर तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में रोवर्स वर्ग में शहीद भगत सिंह टोली ने बाजी मारी। रेंजर्स वर्ग में कमल टोली को प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टोली को द्वितीय तथा डॉ. आंबेडकर टोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स प्रभारी संघ रतन सिंह ने किया।

# भ्रष्टाचार के विरोध में करेंगे हड़ताल

संवाददाता, मिलक



सोमवार को तहसील मिलक में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- मिलक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** सोमवार को बार एसोसिएशन मिलक ने तहसील मिलक में पनप रहे भ्रष्टाचार और प्राइवेट कर्मचारियों के अनैतिक कार्यों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। एसोसिएशन ने सोमवार को उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से जिलाधिकारी रामपुर को ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया गया कि तहसील में कार्यरत निजी कर्मचारी न्यायालय की गरिमा एवं विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वादों की गोपनीयता भंग होने से वादकारियों और अधिवक्ताओं का खुलेआम उत्पीड़न हो रहा है। बार एसोसिएशन की आम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक तहसील मिलक में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नहीं हटाया जाता, तब तक अधिवक्ता अनिश्चितकाल के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार ने कहा कि अनैतिक कार्यों पर रोक और न्यायालय से भ्रष्टाचार समाप्त करना जरूरी है। सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार ने की, जबकि संचालन महासचिव रमेश चंद्र ने किया। बैठक में नरेंद्र गंगवार एडवोकेट, सुभाष चंद्र आर्य एडवोकेट, राजेंद्र पाल यादव एडवोकेट, प्रेमपाल गंगवार एडवोकेट, महेंद्र प्रकाश अग्रवाल एडवोकेट, शेखर रुहेला एडवोकेट, देवेंद्र गंगवार एडवोकेट, मुंबई जावेद मलिक एडवोकेट, अरविंद पांडे एडवोकेट, त्रिलोकचंद गंगवार एडवोकेट, योगेश कुमार बंसल एडवोकेट, चौधरी रघुवर सिंह एडवोकेट, अर्जुन सिंह एडवोकेट, राकेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट, श्रीराम एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गुटबाजी छोड़ संगठन मजबूत करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में बोले जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार:** ग्राम मडैयान पीपला में सोमवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। पदाधिकारियों को गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करना होगा।

उन्होंने कहा कि 1990 से आर्थिक सुधार के लिए निजीकरण हुआ था। शिक्षा संस्थान से लेकर विवि तक प्राइवेट खुले हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियां नाम मात्र रह गई है। उद्योग फैक्ट्री या प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, विवि में एससी एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए था, लेकिन नहीं मिल रहा है। समाज के पिछड़ेपन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। जब तक समाज का प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। इस दौरान गोविंद राम, अर्जुन कुमार, दीनदयाल, प्रमोद कुमार, रवि कुमार, राहुल, मोहित, राम सिंह तुरैहा, अर्जुन कुमार, अशोक कुमार, गोविंदराम, राम किशोर रहे।



तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# क्रय केंद्रों पर बारदाना न होने से नुकसान

## किसान बोले- गेहूं से भरी गाड़ी लौटाना मजबूरी, औने-पौने दामों पर आढ़ती खरीद रहे गेहूं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले के किसानों का आरोप है कि गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना नहीं होने से किसान आढ़तियों के हाथों लुट रहा है। केंद्रों पर बारदाना नहीं होने से गेहूं से भरी गाड़ी को क्रय केंद्र से लौटाकर आढ़त पर ले जाना किसानों की मजबूरी हो गया है।

आढ़ती किसानों के गेहूं में तमाम तरह कमियां निकालकर कम से कम कीमत पर गेहूं खरीदते हैं। जबकि गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये है। इसके अलावा किसानों को कागजों जांच पड़ताल के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जिले में 129 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं किसानों का कहना है कि अधिकांश क्रय केंद्रों पर बारदाना नहीं है। किसानों के पास फार्मर रजिस्ट्री है इसके बावजूद उनका गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। आढ़ती किसानों का गेहूं 24 से 25 सौ रुपये क्विंटल की दर से खरीद रहे हैं। किसानों को हर दिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। जबकि, खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी का दावा है कि सभी 129 क्रय केंद्रों पर बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 500 गांठें स्टॉक में रखी हुई हैं एक गांठ में 500 बोरे होते हैं। इसके अलावा पांच दिन बाद 4 हजार गांठों की रेक रामपुर पहुंचने वाली है। जिले में 5300 किसानों का पंजीकरण हो चुका है और 78 हजार गेहूं खरीद के लक्ष्य के सापेक्ष 26 हजार क्विंटल की गेहूं खरीद सोमवार तक हो चुकी है।


सोमवार को गेहूं क्रय केंद्र पर निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गेहूं खरीद में जरूरी नहीं फार्मर आईडी

सरकार ने गेहूं खरीद के नियमों में परिवर्तन कर दिया है। अब गेहूं खरीद में फार्मर आईडी जरूरी नहीं है। खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि गेहूं खरीद में फार्मर आईडी जरूरी कर देने से बिना फार्मर आईडी वाले किसानों का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा था। उन्होंने बताया कि अब सभी किसान अपना गेहूं क्रय केंद्रों पर बेच सकते हैं।

### बोले किसान


फार्मर रजिस्ट्री होने के बाद भी किसानों को कागजों के सत्यापन में अधिकारी परेशान कर रहे हैं। गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना नहीं और खरीद शुरू करा दी गई है। - हसीब अहमद, प्रदेश महासचिव, भाकियू टिकैत


टांडा-शाहबाद क्षेत्र में बारदाना नहीं होने से किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। किसानों के कागजों का अधिकारियों द्वारा सत्यापन नहीं किया जा रहा है। - मोहम्मद मुस्तकीम, किसान नेता


गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने की कमी से किसान परेशान हैं। केंद्र प्रभारी बारदाना नहीं होने की बात कहकर किसानों को टाल देते हैं जोकि, पूरी तरह गलत है। - जावेद आलम


गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाने में दिक्कत आ रही है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होने के बावजूद उनके कागजों का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। केंद्रों पर बारदाना पहुंचाया जाए। -बाबू राम लोधी

## न्यूज ब्रीफ

### मैजिक-बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजा घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बमनपुरी निवासी शोभिदर भतीजे विनय के साथ बाइक से तहसील क्षेत्र के ढोलसर मतवाली गांव स्थित ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे मतवाली गांव के पास पहुंचे, सामने खड़ा एक मैजिक वाहन चालक गाड़ी को पीछे कर रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर मैजिक से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मैजिक चालक ने घायलों को तुरंत उठाकर सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मिलक, अमृत विचार :** सोमवार शाम विशाल सिंह निवासी ग्राम मानपुर थाना शीशगढ़ जनपद बरेली यह अपनी बाइक से डांडिया से अपने गांव को जा रहे थे। मुझयाना गांव के निकट विशाल सिंह की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी और यह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। घायल को आनन फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलक पर लाया गया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टांडा,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसिया कुंडा निवासी प्रमोद कुमारी ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया कि 19 अप्रैल की सुबह उसके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ के बाद उन्होंने ग्राम के ही राजा पुत्र राजू उर्फ रियाजुल पर बाइक चोरी का संदेह जताया था। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को आरोपी राजा को करखेड़ा और कसिया कुंडा के बीच स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है, आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लुधियाना से गोंडा जा रही डबल डेकर बस पेड़ से टकराई


डबल डेकर बस पेड़ से टकराने के बाद बाहर खड़े यात्री। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** रामपुर-बरेली हाईवे पर मिलक क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लुधियाना से जनपद गोंडा जा रही सवारियों से भरी डबल डेकर बस मोगा ढाबा के पास अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बस में क्षमता से अधिक करीब 80 यात्री सवार थे। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं।

बताया जा रहा है कि यह बस डग्गामारी कर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। रामपुर-बरेली हाईवे पर लंबे समय से अवैध डबल डेकर बसों का संचालन हो रहा है। ये बसें पंजाब से यूपी-बिहार तक सवारियां भरकर ले जाती हैं और क्षमता से दोगुना-तिगुना यात्री बैठाती हैं। मोगा ढाबा के पास बस के दुर्घटनाग्रस्त होते ही चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना जनहानि हो सकती थी। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में कोई भी शिकायती पत्र नहीं मिला है शिकायती पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटें

● अपना दल एस ने न्याय पंचायत स्तर पर नियुक्त किए प्रभारी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** सोमवार को अपना दल एस विधानसभा बिलासपुर के जोन रठौंडा स्थित पार्टी कार्यालय पर सोमवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष भूपेंद्र गंगवार ने की, जबकि मुख्यातिथि अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह संधू रहे।

जिलाध्यक्ष घनवीर सिंह संधू ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पंचायत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए बिलासपुर विधानसभा की सभी 10 न्याय पंचायतों में प्रभारियों की नियुक्ति की। न्याय पंचायतवार धनेली उत्तरी से अरविंद गंगवार जिला उपाध्यक्ष युवा मंच, ववूरा से जसवंत सिंह पटेल जिला महासचिव, मदानगला से डॉ. संजीव पटेल जिलाध्यक्ष युवा मंच, श्यामपुर से होवेश कुर्मी जिला उपाध्यक्ष युवा मंच, खमरिया से जीवेंदर गंगवार जिला कोषाध्यक्ष, सिमरिया से हाजी पुत्तन जिला अध्यक्ष व्यापार मंच, मनोना से नवी अहमद जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच, भवरका से रिंकू नायक न्याय पंचायत प्रभारी, कपनैरी से मोहन लाल गंगवार फौजी जिला उपाध्यक्ष, वराखास से इक़्तेदार अली जिला उपाध्यक्ष, नियुक्त किए गए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल गंगवार फौजी, जिला कोषाध्यक्ष जीवेंदर गंगवार, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच हाजी पुत्तन, जिला अध्यक्ष युवा मंच संजीव पटेल, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच नवी अहमद मंसूरी, जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच मनोज पटेल, जोन अध्यक्ष केमरी कमरुद्दीन भाई, जोन अध्यक्ष रठौंडा संजीव गंगवार, जिला उपाध्यक्ष युवा होवेश कुर्मी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


अपना दल एस विधानसभा बिलासपुर के रठौंडा में बैठक करते पदाधिकारी।

# महिला सिपाही व बेटे की हत्या में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** गंज थाना क्षेत्र में सिपाही पत्नी और तीन साल के बेटे की हत्या को सड़क हादसा दिखाने के मामले में पुलिस ने रविवार रात को चौथे आरोपी 25 हजार के इनाम रवि को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मुख्य आरोपी पति समेत तीन लोगों को जेल भेजा जा चुका है।

25 फरवरी 2026 की रात कार में टक्कर और आग लगने से महिला आरक्षी लता और उनके बेटे अवांश की मौत हो गई थी। शुरुआती तौर पर इसे हादसा माना गया, लेकिन जांच में सुनियोजित हत्या निकली। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि हत्या समेत गंभीर धाराएं जोड़ी गईं। पति दानसिंह के साथ रवि, प्रदीप कुमार, नूरहसन और सलमान के नाम सामने आए। पुलिस आरोपी पति दानसिंह यादव, नूरहसन और सलमान को जेल भेज चुकी है। सीओ सिटी जितेंद्र संगम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# भूसे के ढेर में लगी आग, मचा हड़कंप

● शाहबाद की घटना, दमकल टीम ने समय रहते पाया काबू

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुरा गांव में स्थित ईंट भट्ठे के निकट भूसे के ढेर में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना से हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जलती हुई बीड़ी भूसे के ढेर में फेंक दी गई। जिससे आग लग गई। तेज हवा ने आग को और भड़का दिया जिससे लपटें ऊंची उठने लगीं। दहशत का माहौल बन गया। सूचना दमकल विभाग को दी गई। टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह आग पास के अन्य भूसे के ढेरों और ईंट भट्ठे तक पहुंच सकती थी।


शाहबाद में भूसे के ढेर में लगी आग को देखते लोग। ● अमृत विचार

### आग से फसलें नष्ट, किसानों को मिले मुआवजा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने डीएम को सौंपे पत्र में आग लगने से नष्ट हुई फसलों के पीड़ित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने जाने की मांग की है। कहा कि ग्राम खौद, आंगा, रतनपुरा, मीरापुर आदि गांवों में किसानों की फसलें आग से जलकर राख हो गई हैं। जिला योजना समिति के सदस्य और जिला पंचायत के सदस्य ने कहा है कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पीड़ित किसानों से मुलाकात की। किसानों ने बताया कि आगजनी से छोट–मझोले किसानों की कई–कई बीघा फसलें जलकर राख हो गई हैं। जिससे गरीब किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा है। तहसील टांडा के ग्राम सरावा के किसान हसीन की 7 बीघा गेहूं की फसल जल गई है। किसान शेर सिंह पुत्र लालजी और संतोष देवी की संयुक्त रूप से खेत में लगे 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। जिसकी सूचना तहसीलदार और संबंधित अधिकारियों को दे गई थी। ग्राम खौद, आंगा, रतनपुरा, मीरापुर में भी किसानों की फसलें जलकर राख हो गई हैं।

# मां के स्नेह, मार्गदर्शन व शिक्षा को पोस्टर के माध्यम से दर्शाया


लालपुर कला प्राथमिक विद्यालय में प्रतियोगिता में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● लालपुर कला में हुई न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** लालपुर कला प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता हुई। संचालन शिक्षक संकुल के सुनील कुमार, शबनम आरा एवं छवि त्यागी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक रेखा रानी, रीना, बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक परिवेश में मां की भूमिका विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे चित्रों के माध्यम से मां के स्नेह, मार्गदर्शन और शिक्षा में उनकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं उच्च प्राथमिक वर्ग के लिए नारी शक्ति वंदन विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। पोस्टर में मुन्तेहा प्राथमिक विद्यालय लालपुर प्रथम, अब्दुल्ला प्राथमिक विद्यालय मझरा रुद्रपुर द्वितीय तथा इल्मा प्राथमिक विद्यालय लालपुर तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में एंजेलिना उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदाबाद ने प्रथम एवं मधुवी उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### लेखन, वाद-विवाद से दी कल्पना को उड़ान

**रामपुर, अमृत विचार :** नारी शक्ति बंधन के तहत माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार को छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला, वाद–विवाद, पेंटिंग एवं लेखन प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें छात्र–छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों अपनी कल्पना को उड़ान दी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को तमाम माध्यमिक विद्यालयों में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। माध्यमिक विद्यालयों में शौर्य प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति, नारी सम्मान एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रस्तुति हुई। जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। वाद–विवाद एवं लेखन प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्र–छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए। छात्र–छात्राओं में नारी सम्मान, समानता एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता विकसित करने का सफल प्रयास किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कई विद्यालयों का निरीक्षण कर कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया।

### आशा-आंगनबाड़ी मरीजों का कराएं उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत समीक्षा बैठक हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर–घर भ्रमण कर बुखार, टीबी, डायरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ आदि रोगों से संबंधित संभावित मरीजों की पहचान कर समय से स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार कराएं। समीक्षा के दौरान पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों में जनपद की प्रगति राज्य औसत से बेहतर है। साथ ही शौचालय उपयोग, आईईसी गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में भी संतोषजनक कार्य हुआ है। सीएमओ ने कहा कि इसके अलावा जलभराव रोकने, साफ–सफाई बनाए रखने एवं जन जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, नगर विकास, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि मनाई

● व्यापारियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** व्यापारियों ने सोमवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रहे पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा की सोमवार पुण्यतिथि मनाई। व्यापारियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

उनकी याद में मिस्टन गंज में सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्रा चार बार सांसद रहे और व्यापार मंडल के संस्थापक हैं। पूरे देश में व्यापार मंडल की मजबूत नींव रखकर व्यापारी समाज को संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। कहा कि श्याम बिहारी मिश्रा के बताए हुए रास्ते पर पूरा व्यापारी समाज फल फूल रहा है। इस मौके पर शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खां, जगन्नाथ चावला, हरीश अरोड़ा, प्रदीप खंडेलवाल, अवतार सिंह, शकेब अहमद, इमरान सलीम, राम गुप्ता, अनिल अरोड़ा, मुकेश आर्य, बिलाल, हारिस शम्सी वाजिद खान, उजैर अहमद, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, रुषि जमाल, तौसीफ खान, गुलशन अरोड़ा, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


सबील लगाकर लोगों को शरबत बांटते व्यापारी। ● अमृत विचार

# समाज को मिले माटी कला योजना का लाभ


बैठक में बोलते जिला अध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय प्रजापति समाज की एक बैठक सोमवार को जिलाध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति के निवास टैक्सी स्टैंड रोड पर संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा समाज के दबे कुचले माटी कला शिल्पकारों को मिट्टी के पट्टों को दिलाए जाने के लिए विभागीय अफसरों से वार्ता की जाएगी। जिससे मिट्टी का कार्य करने वाले शिल्पकारों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा अवैध पट्टों पर किए गए कब्जों को मुक्त कराने के लिए विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। जिससे लोगों को सरकार द्वारा समाज के उत्थान हेतु चलायी जा रही माटी कला स्वरोजगार योजना का लाभ मिल सके।

बैठक में ग्राम प्रधान कुंवरपाल प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति, संजू बाबा प्रजापति, डाल चंद गोला, जय प्रकाश प्रजापति, गंगाराम राम प्रजापति, राजीव कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। बैठक का संचालन लाल सिंह प्रजापति ने किया।

# मुख्य राजस्व अधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

**रामपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के मीडिया प्रभारी व शिक्षक सय्यद आफाक हुसैन ने मुख्य राजस्व अधिकारी जुनेद खान से शिष्टाचार भेंट की। शिक्षा विभाग में संचालित स्कूल चलो अभियान एवं नवीन नामांकन को लेकर विस्तार से चर्चा की। नामांकन संख्या बढ़ाने के प्रभावी उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। सय्यद आफाक हुसैन ने अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा विद्यालयों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने जैसे सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्य उद्देश्य जिले में अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना रहा।


मुख्य राजस्व अधिकारी को बुके देते लोग।

## न्यूज डायरी



### भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष हबीब अहमद की बरसी मनाई

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत से जुड़े किसानों ने पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. हबीब अहमद की 15वीं बरसी पर उन्हें याद किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ककरौआ निवासी भाकियू नेता की सोमवार को बरसी थी। किसानों ने सोमवार सुबह से प्रदेश कैंप कार्यालय पर पहुंचना शुरू कर दिया। इसके बाद हबीब अहमद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मरहूम की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ की। कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा ने कहा कि हबीब अहमद की कमी हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने हमेशा किसानों के हित के लिए काम किया। इस अवसर मोहम्मद मुस्तकीम, सेवा राम, पप्पू सलमानी, राजपाल यादव, हरेंद्र यादव, मोहम्मद तालिब, रामपाल लोधी, दीपचन लोधी, जुबैद अलम, गुलाम मोहम्मद,अशोक सागर, दिनेश सागर, हसीब अहमद, फैसल तुर्की और दानियाल खां आदि मौजूद रहे।



### स्वार कोतवाली में चार बाइकों की नीलामी 25,500 में छूटी

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर स्थित सभागार में सोमवार को लंबित मुकदमों में खड़ी बाइकों की नीलामी संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया नायब तहसीलदार लोकेश कुमार की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोतवाली में विभिन्न मामलों में जब्त कर रखी गई कुल चार बाइकों को नीलामी के लिए प्रस्तुत किया गया। बोली प्रक्रिया के दौरान कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन अंत में सबसे अधिक 25 हजार 500 रुपये की बोली लगाकर नेशनल इंटर प्राइजेज के स्वामी शाहिद खान ने सभी बाइकों को अपने नाम कर लिया। नीलामी के दौरान सुरक्षा और नियमों का विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि जब्त वाहनों के लंबे समय तक खड़े रहने से उनकी स्थिति खराब हो जाती है। इसलिए समय–समय पर नीलामी कर उन्हें निष्पादित किया जाता है।



### चाइनीज मांझे की दुकानों पर छापेमारी, दुकानदारों में हड़कंप

**शाहबाद, अमृत विचार :** सोमवार को कस्बे में पुलिस द्वारा पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर चाइनीज मांझे की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार की विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर टीम ने बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कहीं भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला कानूम गोयान, सादात, खटपुर एवं हकीमान में चेकिंग के दौरान दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी हालत में चाइनीज मांझा न बेचें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि चाइनीज मांझा से अक्सर हादसे होते हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा रहता है। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। कोतवाल ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि किसी दुकान पर चाइनीज मांझा पाया गया तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे ऐसे मांझे का प्रयोग न करें और सुरक्षित पतंगबाजी करें।



### 39 बच्चों का हुआ टीडी और डिप्थीरिया टीकाकरण

**स्वार, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में टीडी एवं डिप्थीरिया बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर विद्या भारती से संबद्ध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में हुआ। जिसमें 14 एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के भैया–बहनों को टीके लगाए गए। शिविर में एएनएम शिवानी भटनागर, आशा कार्यकर्ता राजेश्वरी, शिल्पी सक्सेना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय की चिकित्सा प्रमुख दीदी सुनीता रानी मौर्य की देखरेख में कुल 39 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इससे पूर्व एएनएम द्वारा बच्चों को टीकाकरण के महत्व और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा, उमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह एवं ब्रजकिशोर का विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### शॉर्ट सर्किट से मजदूर के घर में लगी आग

आदमपुर (अमरोहा), अमृत विचार : शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में मजदूर के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पाडली गांव निवासी नन्हे शनिवार को अपने परिवार के साथ गेहूं की कटाई के लिए खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान उनके घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर नन्हें तब तक घर पहुंचे तब तक सारा सामान राख हो गया। पीड़ित के अनुसार, घर में रखी करीब 16 हजार रुपये की नगदी, 5 कुंतल गेहूं, कपड़े, रजाई, गद्दे और अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। घटना के बाद पीड़ित ने आदमपुर थाने में तहरीर देकर प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

### व्यापारी नेता ने की सीएम से मुलाकात

हसनपुर, अमृत विचार : व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल अपने साथियों के साथ गंगोत्री धाम दर्शन के लिए गए थे वहीं पूजा अर्चना के दौरान उत्तराखंड मुख्यमंत्री से मुलाकात की। कपाट खुलने के समय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे थे। वहीं पर वही व्यापारी नेता एवं श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान विशालदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल मौजूद रहे।

### डीएम ने जल कनेक्शन करने पर दिया जोर

बिजनौर, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सीमावर्ती गांवों में पाइप से पेयजल आपूर्ति को प्राथमिकता देते हुए हर घर तक जल कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सीमावर्ती गांवों में पेयजल की समस्या गंभीर है, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर पानी की टंकियों का निर्माण कराया जाए और घर-घर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता और कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत गांवों के साथ-साथ स्कूल, पंचायत भवन, बारात घर और धार्मिक स्थलों तक भी जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि कई गांवों में मानक के अनुरूप जल स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को हैंडपंप तक लगवाने में कठिनाई हो रही है। ऐसे में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की हादसे में मौत, चार लोग घायल

## रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली के नजदीक सड़क पर गिरने के बाद अज्ञात वाहन ने रौंदा

संवाददाता हसनपुर

- परिजनों की ओर से पुलिस को अब तक नहीं मिली है तहरीर
- हादसे के बाद घर वालों का रो रोकर हुआ बुराहाल

अमृत विचार: दोस्त के संग शादी से लौट रहे थाना डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी युवक की अलीगढ़ मार्ग पर हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सामने से आ रही बाइक से दुर्घटना के बाद सड़क पर गिरे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन का चालक फरार हो गया। दुर्घटना में बच्ची समेत चार लोग घायल हुए, जिन्हें हसनपुर सीएचसी से उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

पुलिस के मुताबिक दुर्घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली के नजदीक हुई। थाना डिडौली के कस्बा जोया निवासी राजू पुत्र मुरारी (32) अपने कस्बा निवासी दोस्त हरिओम के साथ रहरा के ग्राम गंगवार में राजकुमार के घर शादी में हुए शादी समारोह से वापस बाइक से बुरावली लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गंगवार व बुरावली के बीच पहुंची कि सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। राजू टक्कर के बाद सड़क पर गिर गया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे भारी वाहन ने उसे कुचल दिया। राजू की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हरिओम व दूसरी बाइक पर सवार मनोज व सोनू ग्राम फतेपुर थाना सैदनगली व इनके साथ मौजूद एक छोटी बच्ची घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को आनन फानन में हसनपुर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है जबकि, चार लोग घायल हुए हैं। मृतक राजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## विदाई के बाद सांड से टकराई दूल्हे की कार



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के निकट भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। विदाई के बाद दुल्हन लेकर लौट रहे दूल्हे की कार अचानक आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, संभल जिले के गांव शेरपुर से रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा में आई थी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे सभी रस्में संपन्न होने के बाद दूल्हा विशाल पुत्र सतपाल अपनी दुल्हन स्वाति को विदा कराकर घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी कार अलीगढ़ मार्ग पर रहरा पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो अचानक सड़क पर एक छुट्टा सांड आ गया। रफ्तार अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सांड से बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े एक नीम के पेड़ से टकरा गई नीम के पेड़ से टकराने के बाद कर खंदक में पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने कार में फंसे दूल्हा विशाल, दुल्हन स्वाति, दूल्हे के फूफा बिजेंदर, फूफेरे भाई कुनाल और चाचा तेजपाल को बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत रहरा सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दुल्हन की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बिजनौर, अमृत विचार: सोमवार को एक युवक का शव घर से कुछ दूरी पर बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 22 वर्षीय बंटी कुमार पाल पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी रेहड़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक सुबह घर से पासपोर्ट से जुड़े काम के सिलसिले में बरेली जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन दोपहर में उसका शव गांव के पास एक बाग में आम के पेड़ पर लटका मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, बंटी अपने परिवार में सबसे छोटा था और घर की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाता था। पिता का इलाज ऋषिकेश के अस्पताल में चल रहा है, जहां बड़ा बेटा मौजूद है। मौके पर पहुंची जांच टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पेट्रोल पंप कर्मियों ने कार सवार को पीटा, दी तहरीर



मारपीट करते पंप कर्मचारी। (वायरल वीडियो से लिया गया फोटो)। ● अमृत विचार

संवाददाता गजरौला

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार: नेशनल हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप कर्मचारियों व कार सवार युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कर्मचारियों ने युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रविवार की रात गजरौला स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार सवार दो युवकों का किसी बात को लेकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पेट्रोल कर्मी और असलहे से लैस सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को लात-घूंसे व बेल्टों से पीटना शुरू कर दिया। जिसमें दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। लोगों ने किसी तरह दोनों युवकों को पेट्रोल कर्मचारियों से बचाकर पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों युवकों की हालत नाजुक बताई जा रही है। भीड़ में मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैदकर सोमवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नवागत डीएम नितिन गौड़ ने संभाला चार्ज

- विकास कार्यों पर दिया जाएगा जोर

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



चार्ज ग्रहण करते जिलाधिकारी नितिन गौड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नवागत जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने सोमवार को अमरोहा में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कोषागार कक्ष में जाकर उन्होंने कार्यभार संभाला। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने बताया कि वह मूल रूप से दिल्ली के निवासी हैं और वर्ष 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना होगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे जुड़े सभी विकास कार्यों को तेज गति से पूरा कराया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि अस्पतालों में बाह्य एवं आंतरिक रोगी सेवाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा दवाओं की उपलब्धता बनाए रखी जाएगी। उन्होंने अमरोहा शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए भी विशेष प्रयास करने की बात कही।

# परशुराम जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

- श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे, कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ो लोग, 21 फीट की है प्रतिमा
- बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए पूजा अर्चना की

अमृत विचार : परशुराम जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सैदनगली के वार्ड संख्या-01 स्थित मेंहदीपुर में रविवार देर शाम भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।

इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। जय परशुराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अवनीश शर्मा, शीलू शर्मा, अरविंद शर्मा, भान प्रकाश शर्मा, विशाल भारद्वाज, भूपेंद्र शर्मा, सलिल शर्मा, राजा शर्मा, हनी शर्मा, पारस शर्मा, अंश शर्मा, पुष्कर शर्मा, हिमांशु शर्मा, छोटे शर्मा, भुवनेश शर्मा, सुमंत शर्मा, सुधीश शर्मा, अतुल शर्मा, रामानंद शर्मा, दयानंद शर्मा, लवी शर्मा, दीपक शर्मा, मिनकू शर्मा और वैभव शर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

# डिडौली में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, घरों में घुसा गंदा पानी

- शिकायतों के बावजूद नहीं हुई सुनवाई, जलभराव से घरों में कैद हुए लोग, जताया आक्रोश

संवाददाता डिडौली (अमरोहा)



घरों में भरा गंदा नाला का पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कस्बा डिडौली में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालियों और नाले की सफाई न होने से हालात बद से बदतर हो गए हैं। पूरनपुर रोड पर जल निकासी के लिए बना नाला चोक हो जाने से गंदा पानी घरों में घुस गया है, जिससे कई परिवारों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

यह मामला डिडौल कस्बे का है। यहां स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार के कुछ दुकानदारों ने नालियों के ऊपर पक्के सीमेंट के पाट डाल दिए हैं, जिससे नालियों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इसके अलावा नालों में कूड़ा-करकट और पत्थर जमा होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। नतीजतन, गंदा पानी सड़कों से होता हुआ घरों में भर रहा है। जलभराव की समस्या के चलते कई परिवार अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं। लोगों का कहना है कि बदबू और गंदगी के कारण रहना दूभर हो गया है, वहीं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। पीड़ितों ने बताया कि मामले की शिकायत ग्राम प्रधान महीपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारियों से कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल नाले की सफाई कराकर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। सचिव आलोक कुमार का कहना है कि कि मेरे संज्ञान में नहीं है सुबह को देखकर स्वयं कार्रवाई करूंगा।

## डग्गामार वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

गजरौला अमृत विचार : शहर के चौपला पर धड़ल्ले से निजी वाहनों में सवारियां ढोकर संचालक शासन को हर महीने लाखों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं। 13 अप्रैल को दैनिक अमृत विचार अखबार में डग्गामार वाहनों के खिलाफ खबर प्रकाशित होने बाद सोमवार को एआरटीओ महेश चंद शर्मा व टीएसआई अनुज मलिक ने गजरौला के चौपला पर निजी वाहनों से डग्गामारी करने वालों के खिलाफ टीम गठित कर अभियान चलाया। अभियान में एआरटीओ ने डग्गामारी कर रहे कई वाहनों को मौके पर ही पकड़कर सीज कर दिया। एआरटीओ ने बताया कि निजी वाहनों में सवारियां ढोकर संचालक राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। संचालक अपने वाहनों की फिटनेस भी नहीं करा रहे हैं। इससे हादसों की संभावना है।

# लाखों रुपये की नकदी और जेवर लेकर प्रेमी संग युवती फरार, दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- युवती के परिजनों ने युवक के परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप
- गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव पुलिस तैनात

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग के चलते युवती के प्रेमी संग चली गई। आरोप है कि युवती घर में रखी लाखों रुपये की नकदी और जेवरात भी साथ ले गई। वहीं शिकायत करने पहुंचे परिजनों के साथ प्रेमी पक्ष के लोगों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में प्रेमी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, उनकी 20 वर्षीय बेटी 14 अप्रैल की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद जानकारी हुई कि गांव का ही युवक इरफान उसे बहलाकर अपने साथ ले गया है। बताया गया कि दोनों के बीच पहले से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि बेटी के घर से जाने के बाद जब उन्होंने घर की तलाशी ली तो अलमारी में रखी करीब 1.92 लाख रुपये की नकदी, दो तोला सोने के आभूषण और करीब 40 तोला चांदी के जेवरात भी गायब मिले। उन्हें आशंका है कि युवती यह सामान अपने साथ ले गई है। पीड़ित परिवार जब इस संबंध में शिकायत करने इरफान के घर पहुंचा तो वहां मौजूद उसके परिजन भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे परिजन घायल हो गए। साथ ही पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। क्षेत्राधिकारी अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर इरफान के अलावा शराफत, फिरोजा, रियासत, फरजाना और गुफरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस युवती की तलाश में जुटी है और उसके बरामद होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# प्रदूषण के खिलाफ भाकियू संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन जारी, धरने पर बैठे पदाधिकारी

- 121 दिन बाद भी नहीं निकला समाधान, उग्र आंदोलन की तैयारी

संवाददाता गजरौला



प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में 121वें दिन भी सोमवार को जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह ने कहा कि पिछले चार माह से पानी और भूमि की जांच रिपोर्ट को दबाए बैठे अधिकारियों का स्थानांतरण के रूप में शासन द्वारा दंडित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी गुप्त रिपोर्ट को जल्द सार्वजनिक करेंगे। जिससे पिछले 121 दिन से चली आ रही किसानों की समस्या का जल्दी समाधान हो सकें। यदि आने वाले कुछ समय में चली आ रही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा क्षेत्र के किसानों के साथ एकजुट होकर एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। बताया पिछले 30 वर्षों से किसान पानी के रूप में जहर पीता आया है। हजारों किसानों की इस पानी को पीकर मौत हो चुकी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, सचिव चंद्रपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, पृथ्वी सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामशरण सिंह, होमपाल सिंह, रामप्रसाद सिंह, समरपाल सिंह, पंचम सिंह आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# भाकियू असली की पंचायत में स्मार्ट मीटरों का गूंजा मुद्दा

- किसानों ने छह गुना मुआवजा दिलाने की मांग

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: सोमवार को नगर की मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्मार्ट मीटर, गोशाला और गंगा एक्सप्रेसवे का मुद्दा उठाया गया।

बैठक में चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि तहसील क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर नहीं लगने चाहिए, क्योंकि स्मार्ट मीटर से बिल अधिक आ रहा है। रिचार्ज की वजह से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई विद्युत विभाग का कर्मचारी व अधिकारी मीटर लगाने जाए तो भाकियू असली के कार्यकर्ता और पदाधिकारी स्मार्ट मीटर को उखाड़ कर फेंक देंगे। तहसील महासचिव राहुल चौधरी ने कहा कि अमरोहा हरिद्वार के लिए जो गंगा एक्सप्रेसवे निकाला गया है। उसका छः गुना मुआवजा होना चाहिए ऐसा नहीं हुआ तो किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होगा। बैठक में गोवर्धन सिंह ने विचार रखे। इस मौके पर अलीमुद्दीन सैफी, रणवीर सिंह, जय सिंह राणा, राहुल चौधरी, टेक चंद्र सिंह, समरपाल, दसिंह मोहम्मद उमर, जयसिंह राणा आदि मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह। ● अमृत विचार



तहसील पर प्रदर्शन करते भाकियू शंकर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## समाधान न होने पर तहसील का घेराव करेंगे किसान

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन शंकर ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सोमवार को तहसील प्रशासन को घेरा। तहसील अध्यक्ष राकेश चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर चेतावनी दी कि यदि 23 अप्रैल तक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ, तो 24 अप्रैल को तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

मांग पत्र में संगठन ने प्रमुख रूप से हसनपुर चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दिलाने, आवारा कुत्तों व छुट्टा गोवंश के हमलों पर रोक लगाने और चेतन चौहान मार्ग पर यातायात अव्यवस्था सुधारने के लिए रामपुर भूड़ रोड की ओर वैकल्पिक गेट खोलने की मांग की है। इसके अलावा अन्य मांगे भी की गई हैं। इस दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबीता रानी, नेतराम सैनी, हरि सिंह, लोकेश प्रधान और कैप्टन वीर सिंह चौहान बड़ी संख्या में किसान रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रॉप कटिंग में संभल को मिला प्रथम स्थान

**संभल/ बहजोई, अमृत विचार :** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार फसलों की उत्पादकता का सटीक आकलन करने के लिए सीसीई एग्री एप के माध्यम से कराए जा रहे क्रॉप कटिंग प्रयोग में जनपद संभल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 20 अप्रैल तक जिले में सभी निर्धारित प्रयोग शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिए गए, जिसके चलते संभल को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। रबी मौसम 2025-26 के तहत जिले में कुल 4312 क्रॉप कटिंग प्रयोग निर्धारित किए गए थे। इनमें गेहूं के 2680, सरसों के 1040 और आलू के 592 प्रयोग शामिल रहे। अधिकारियों के अनुसार, सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से किए जा रहे इन प्रयोगों से आंकड़ों की पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित होती है। साथ ही, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली क्षतिपूर्ति का निर्धारण भी वैज्ञानिक और विश्वसनीय आधार पर किया जाता है। डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहना की।

### पड़ोसी युवक ने की छेड़छाड़, दी तहरीर

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली कस्बा निवासी महिला ने छत पर सोते समय पड़ोसी युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने सोमवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह रविवार की रात्रि गर्मी के कारण छत पर सोई थी तो पड़ोसी युवक अकेला देखकर छत पर आ गया और बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। महिला के शौर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए युवक फरार हो गया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी हरकिशोर (40) तेजपाल ने रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई । तो वह उसे चंदौसी लेकर दौड़े । सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

## बैठक में पूर्व सैनिकों की उठाईं समस्याएं

**बहजोई, अमृत विचार:** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में सैनिक कल्याण से संबंधित सैनिक बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने की।

बैठक में असमोली शुगर मिल चौराहा के पास यात्री शेड निर्माण, भूमि संबंधी प्रकरण, विकासखंड असमोली के ग्राम कल्याणपुर में हैंडपंप स्थापना आदि पर चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर संदीप कुमार चड्ढा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद संभल के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद यादव, हरीशंकर, जिला गौरव, सोमवीर आदि रहे।

### पुलिस प्रशासन बना रहा अंजान, क्षेत्र में घटना के बाद आक्रोश, आसपास के मकान भी चटके, अग्निशमन विभाग करेगा जांच

# घर में कई साल से बन रहा था मौत का सामान, पड़ोसी रहे चुप

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** संभल जनपद में रजपुरा थाना क्षेत्र के इशाकपुर गांव में अजयपाल के घर में पिछले कई साल से मौत का समान बनाया जा रहा था, लेकिन पुलिस प्रशासन इसे पूरी तरह से अनजान बना हुआ था।

लगभग 1400 की आबादी वाले इस गांव में रहने वाले अजयपाल का मुख्य रोजगार ही आतिशबाजी बनाना था। वह जनपद में शादी विवाह के लिए आतिशबाजी सप्लाई करने के साथ ही बुलंदशहर व दूसरी जगहों पर अपने घर में बनाई गई आतिशबाजी सप्लाई करता था। कहा जा रहा है कि कुछ साल पहले तक अजयपाल के पास आतिशबाजी बनाने का लाइसेंस था। यह लाइसेंस गांव के बाहर आतिशबाजी बनाने के लिए जारी किया गया था हालांकि उस समय भी अजय पाल गांव के अपने घर में ही आतिशबाजी बनाता था। गांव के लोगों का कहना है कि अजय पाल के परिवार के सभी लोग आतिशबाजी बनाने के काम में जुटे रहते थे। सोमवार को आतिशबाजी बनाते समय विस्फोट हुआ तो पूरा गांव दहल गया। हालांकि खुद अजय पाल के परिवार का ही बड़ा नुकसान हुआ। उसकी एक पोती की मौत हो गई जबकि दूसरी जिंदगी मौत से जूझ रही है। अजय पाल के घर में विस्फोट हुआ तो परिवार के लोगों ने गांव में यही बताया कि गैस का सिलेंडर फटने से हादसा हुआ है। हालांकि गांव के लोग नजदीक पहुंचे तो बात साफ हो गई की मामला गैस सिलेंडर फटने का नहीं बल्कि आतिशबाजी में विस्फोट का है पुलिस अब पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं इसके बाद पुलिस ने मकान को सील कर दिया है।



विस्फोट में झुलसी किशोरी का इलाज करते रजपुरा सीएचसी के डाक्टर।



ईशाकपुर गांव में विस्फोट के बाद मौके पर जानकारी लेते एएसपी, एसडीएम व अन्य अधिकारी।

### तीन साल पहले गुन्नौर में जिंदा जले थे 5 लोग

रजपुरा। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से आतिशबाजी बनाने और इस दौरान हादसों की बात कोई नई नहीं है। इससे पहले जून 2023 में गुन्नौर कस्बे में अवैध रूप से आतिशबाजी बनाने की वजह से बड़ा हादसा हुआ था। उस समय बारूद में विस्फोट होने से कई मकान जमींदोज हो गए थे जबकि पांच लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने हाथ पैर मारे थे तब लगा कि यह अवैध कारोबार थम जाएगा। लेकिन कुछ दिन बाद पुलिस प्रशासन ने सब कुछ भुला दिया और फिर से आतिशबाजी बनाने का गैर कानूनी कारोबार पुराने ढर्रे पर लौट आया।

# पेड़ से टकराने के बाद कार में लगी आग, चालक जिंदा जला

### बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हो गई थी कार, बाइक सवार की मौके पर मौत

**कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद आगरा नेशनल हाईवे पर ग्राम आटा के पास सोमवार शाम कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई । कार में लगी आग से कार चालक की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई । वहीं बाइक सवार ने उपचार को ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। कार में सवार तीन युवक भी घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर दमकल व थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची।

सोमवार की शाम एक बलेनो कार चंदौसी से बहजोई की ओर जा रही थी। जिसमें कार चालक के अलावा जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर के अल्हैपुर निवासी हिमांशु, ललतेश, , रितिक सवार थे। रितिक का जन्मदिन था और तीनो दोस्त जन्मदिन पर काटने के लिए केक लेने आए थे। तीनों ने कार चालक से लिफ्ट ली और बहजोई जाने के लिए सवार हो गए। कार चालक जब गांव आटा के पास पहुंचा तो बहजोई की ओर से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार नीचे गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि कार टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और उसमें आग लग गई। आसपास के लोगों ने अल्हैपुर निवासी तीनों युवकों को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया । जबकि ग्रामीण कार चालक को स्टेरिंग में फंसे होने के कारण बाहर नहीं निकल सके। कार में आग की ऊंची - ऊंची लपटे उठने लगीं। जिसमें कार चालक जिन्दा जल गया। वहीं घायल बाइक सवार ने भी उपचार को ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। बाइक सवार की शिनाख्त अवधेश ( 40 ) निवासी गांव लहरशीश थाना हयातनगर तथा कार चालक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पता चला है कि जिस कार में आग लगी वह आस मोहम्मद निवासी सुभाष विहार नॉर्थ घोंडा नोर्थ ईस्ट दिल्ली की है। सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी बनियाठेर सचिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर दमकल के दो वाहनों बिटोरों में लगी आग पर काबू पाया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की । आग बुझाने के बाद बमुश्किल मृतक कार चालक के शव को कार से बाहर निकाला गया।



चंदौसी में पेड़ से टकराने के बाद धू धूकर जलती कार। ● अमृत विचार



चंदौसी में हादसे के बाद मौके पर पहुंची दमकल व पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### कार से निकलीं लपटों से बिटोरों में लगी आग

सोमवार की शाम गांव आटा के पास कार में आग लग गई । आग इतनी तेज थी कि आसपास कई उपलों के बने बिटोरों ने भी आग पकड़ ली। जिनसे ऊंची - ऊंची लपटें उठ रहीं थीं। जिनकी आग बुझाने के लिए दमकल को कडी मशक्कत करनी पड़ी । सोमवार को जिस कार में आग लगी थी, वह डीजल की थी। अगर यह कार पैट्रोल आदि से चलने वाली होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। तब आग लगने के बाद कार गैस का गोला बन जाती और आसपास के वाहनों को अपनी चपेट में ले सकती थी।

### बाइक फिसली चालक की मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के थरेसा जयसिंह के पास सोमवार की सुबह बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई । जिससे बाइक चालक गंभीर उनसे घायल हो गया । सोमवार सुबह ग्राम थरेसा जयसिंह मे भट्ठे के पास एक मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसको उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी बहजोई भेजा गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त विमल पुत्र हरी राम निवासी वहीपुर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं का के रूप में हुई । मृतक नोएडा गौर सिटी में ब्लैंकेट मार्केटिंग कंपनी में काम करता था। मृतक रविवार की अपने भाई को यह बात कर आया था कि वह ग्राम मऊ अस्सू में अपने रिश्तेदार मनोज कुमार पुत्र लखपत सिंह के यहां जा रहा है। पुलिस ने पंचानामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**बहजोई, अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर धनारी के निकट सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जनपद के थाना अनूपशहर क्षेत्र के गांव घरेरा निवासी संजना (28) पत्नी जितेंद्र अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से आंवला से वापस घर लौट रही थीं। शाम करीब 6:15 बजे धनारी के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संजना गंभीर रूप से घायल हो गईं और सड़क पर गिर पड़ीं। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पाकड़ के पेड़ पर लटका मिला दुष्कर्म के आरोपी का शव

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

- तीन दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था कपिल
- परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के आरोपी का शव जिले के असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर उसके परिजनों को सूचित किया। मृतक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म के आरोप में वह जेल गया था, तीन दिन पहले शनिवार को ही जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर आया था।

खेमपुर निवासी कपिल (21) रविवार शाम को तलवार गांव में एक लगन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। सोमवार को सुबह गांव देहरी जग्गू मिलक निवासी ऋषिपाल के खेत में कपिल का शव गमछे के सहारे पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद कपिल के परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर किशोरी के परिजनों पर कपिल की हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर मामला शांत किया। परिजनों का आरोप है कि तलवार गांव में किशोरी के परिजन भी पहुंचे थे। उन्होंने ही हत्या कर शव पर पेड़ पर लटका दिया होगा। युवक की मौत से मां प्रेमवती का रो रोकर बुराहाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



संभल के गांव में युवक का शव मिलने के बाद पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

### वर्ष 2024 में लगा था आरोप

बताया जाता है कि कपिल का प्रेम प्रसंग असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी था। गांव निवासिनी किशोरी को कपिल अपने साथ ले गया था। इस प्रकरण में 21 दिसंबर 2024 को किशोरी के पिता ने असमोली थाने में कपिल और उसके साथी गुड्डू निवासी भुड़डईया, थाना अमरोहा देहात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि कपिल का गांव देहरी जग्गू में एक किशोरी से करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### युवक, किशोरी का ऑडियो वायरल होने की चर्चा

असमोली थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी युवक का शव पेड़ से लटका मिलने के बाद अब उसकी आखिरी मोबाइल कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल होने से मामला और भी चर्चा में आ गया है। वायरल ऑडियो में युवक और किशोरी के बीच हुई बातचीत सामने आई है, जिसमें दोनों के बीच तीखी नोकझोंक और धमकी भरी बातें कही जा रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस किशोरी से युवक की बातचीत हो रही है, वह वही है जिसके पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। वायरल ऑडियो के अनुसार बातचीत के दौरान किशोरी युवक से पूछती है कि उसके भाई से उसकी क्या बात चल रही है। इस पर युवक जवाब देता है कि यह दोनों के बीच का मामला है। किशोरी अपने भाई को नुकसान न पहुंचाने की बात कहती है, जिस पर युवक तलवार गांव में होने वाले लगन कार्यक्रम का जिक्र करता है। युवक कहता है कि तेरा भाई भी तलवार गांव में आ रहा है ना। जवाब में लड़की कहती है कि आ रहा है लेकिन उसे कुछ होना नहीं चाहिए। युवक कहता है कि वह तो अलग बात है, तू जिससे बात कर रही है न, उसे मैं दिनदहाड़े गोली मारूंगा। जवाब में लड़की कहती है कि किससे बात कर रही हूं? नाम बता जरा उसका। युवक कहता है कि मेरी जिंदगी तो खत्म हो गई है। बाहर आने में 7 लाख रुपए लग गए हैं। तुझे भी गोली मारूंगा, कहां मिलेगी तू। लड़की कहती है घर पर ही हूं, हिम्मत है तो आ जाना।

## दिव्यांगजन कल्याण शिविर में पहुंचे दिव्यांग

**संभल, अमृत विचार:** ब्लॉक कार्यालय संभल पर दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।

इस दौरान डॉ. अफजल कमल (ऑर्थो सर्जन), डॉ. राजेश कुमार (सर्जन) और डॉ. गौरव बंसल (फिजियोथैरेपिस्ट) ने दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। वहीं सीएमओ कार्यालय से जुड़े अमन बाबू और दिव्यांगजन विभाग के कर्मचारी किशन ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन के नए पंजीकरण, कृत्रिम अंगों के लिए आवेदन सहित अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े सभी कार्य ब्लॉक स्तर पर ही पूरे किए गए। राष्ट्रीय दिव्यांग महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को जागरूक कर शिविर में भागीदारी करने को कहा।

# पिता-पुत्र हत्याकांड में एक लाख के इनामी का सुराग नहीं

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- 7 अप्रैल को शामली के जंगल से पुलिस ने दोनों शव बरामद किए थे

**अमृत विचार :** संभल के बहुचर्चित पिता-पुत्र हत्याकांड में फरार चल रहे एक लाख रुपये के इनामी बदमाश की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। घटना के 18 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं।

तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी नरेश यादव और उनके पुत्र भीमसेन का पिकअप लोडर 2 अप्रैल को थाना कैलादेवी क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार से कुछ लोगों द्वारा मेरठ के लिए बुक किया गया था। परिजनों के अनुसार उसी रात दोनों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने 7 अप्रैल को जनपद शामली के जंगल से पिता-पुत्र के शव बरामद किए थे। जांच के दौरान मामले में शामिल बदमाशों की पहचान हुई, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए गए। इसी क्रम में पुलिस ने 14 अप्रैल को एक लाख रुपये के इनामी बदमाश अरविंद निवासी गांव रझेड़ा सलेमपुर, थाना कैलादेवी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके अलावा एक अन्य आरोपी को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि मुख्य आरोपी संतोष, जो कि अरविंद का सगा भाई बताया जा रहा है, अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना धनारी पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन लगातार हो रही देरी से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं पीड़ित परिवार अब भी न्याय की आस लगाए बैठा है और जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।

## गर्मी का सितम : सड़क पर लड़खड़ाकर गिरा घोड़ा



गर्मी में रोड पर गिरे घोड़े को उठाने का प्रयास करते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, संभल/ओबरी**

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर अब जानवरों पर भी साफ नजर आने लगा है।

सोमवार दोपहर मनोटा रतनपुर कलां मार्ग स्थित गांव ओबरी में ईंटों से लदी बुग्गी खींच रहा एक घोड़ा तेज धूप और गर्मी की तपिश सहन न कर पाने के कारण अचानक बीच सड़क पर लड़खड़ा कर गिर गया। उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बुग्गी से ईंटें नीचे उतारीं, जिससे घोड़े पर पड़ा वजन कम हो सका। घटना के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

## लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित करें

**चंदौसी, अमृत विचार:** आगामी लोक अदालत के सफल आयोजन और प्रचार-प्रसार के लिए चंदौसी न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक बाद निपटाए जाने पर जोर दिया गया । नोडल अधिकारी व अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वादों को जल्दी निपटाने पर जोर दिया। बैंक ऋण वसूली, राजस्व विवाद, नामांतरण और सीमांकन जैसे मामलों को अधिक संख्या में लोक अदालत में रखने के निर्देश दिए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, परिवहन विभाग से पीटीओ योगेंद्र यादव, तहसीलदार रवि सोनकर, धीरेंद्र सिंह व रविंद्र विक्रम आदि रहे।

## जनगणना कार्य में जुटेंगे 100 प्रगणक और 184 पर्यवेक्षक



बबराला में प्रगणकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार :** जनगणना 2027 के पहले चरण में मकानों के सूचीकरण और गणना कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हो गया। शिविर बीबीएस स्कूल में चल रहा है।

एसडीएम एवं उपजिला जनगणना अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत गुन्नौर तहसील क्षेत्र के 382 गांवों को 1080 गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। इस कार्य के लिए 1100 प्रगणक और 184 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, जिन्हें प्रशिक्षण देने के लिए 14 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। इनमें 100 प्रगणक और 17 पर्यवेक्षक रिजर्व में रखे जाएंगे। सोमवार को प्रशिक्षण के पहले दिन ग्रामीण क्षेत्र के सात बैचों और नगर पंचायत क्षेत्र के तीन बैचों को प्रशिक्षण दिया गया।

# मकान सूचीकरण के लिए प्रगणकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

- संभल के शंकर कॉलेज में शुरु किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अमृत विचार :** संभल जनपद में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और भवनों की गणना के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। सोमवार सुबह शहर के शंकर कॉलेज में इसका शुभारंभ किया गया।

मास्टर ट्रेनर रितेश कुमार ने बताया कि जनगणना का यह पहला चरण बेहद अहम है, क्योंकि इसी के आधार पर आगे की पूरी प्रक्रिया तय होगी। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों को तीन-तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए अलग-अलग बैच बनाए गए हैं। पहले दिन चार बैचों में प्रशिक्षण शुरू हुआ है, जबकि आगामी दिनों में अन्य बैचों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया क्षेत्रवार विभाजन के आधार पर संचालित की जा रही है, ताकि हर क्षेत्र से सटीक और विश्वसनीय आंकड़े जुटाए जा सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को भवन और मकान के बीच अंतर, परिवार की परिभाषा और रहन-सहन की स्थिति को सही तरीके से दर्ज करने की जानकारी दी जा रही है। पहले चरण में मकानों की पहचान और उनका वर्गीकरण प्रमुख उद्देश्य है। इसके बाद दूसरे चरण में व्यक्तियों की गणना की जाएगी, जो फरवरी में शुरू होने की संभावना है। इस चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की योजनाओं और नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



शंकर कालेज में जनगणना प्रशिक्षण लेते प्रगंणक। ● अमृत विचार

# राम का नाम लेने से चिढ़ती हैं ममता दीदी : योगी

## पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री बोले -यूपी में अब न सड़कों पर इफ्तारी-नमाज, न सुनाई देती मस्जिद से अजान की आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ पश्चिम बंगाल




पश्चिम बंगाल में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपस्थित जनसमूह।

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ताबड़तोड़ सभाएं करके ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में नौजवान परेशान हैं, किसान हताश हैं और उद्योग-धंधे चौपट हो चुके हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी हुई है। आरोप लगाया कि ममता दीदी बंगाल में राम का नाम लेने पर चिढ़ती हैं। जबकि अब यूपी में सड़कों पर इफ्तारी और नमाज नहीं होती है। मस्जिद से अजान भी नहीं सुनाई देती।

मुख्यमंत्री योगी ने ने पिंगला से भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना, जॉयपुर (पुरुलिया) से विश्वजीत महतो और गारबेटा से प्रदीप लोढ़ा के समर्थन आयोजित जनसभाओं कहा कि यूपी में विधर्मियों के हौसले पस्त हुए हैं। आज न कर्फ्यू है, न दंगे। अब एक ही नारा गूंजता है 'न गौ माता को कटने देंगे, न हिंदुओं को बंटने देंगे'। हर जाति का हिंदू सुरक्षित और समृद्ध है। यूपी का यह मॉडल साबित करता है कि डबल इंजन सरकार आने से विकास होता है और बंगाल में भी यही बदलाव लाना है। योगी ने कहा कि अयोध्या में आसमान को छूता भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया है। हर भारतीय को सीना तानकर खड़े होने और मर्यादा की प्रेरणा देने वाला राम मंदिर बताता है कि आस्था झुकती, रुकती, टूटती नहीं है। बस चुनौती का सामना करने की इच्छाशक्ति हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में आज जो अराजकता, गुंडागर्दी और तुष्टिकरण की स्थिति है, यही स्थिति वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में थी। उस समय यूपी में पर्व-त्योहार से पहले दंगे होते थे, कर्फ्यू लगा रहता था, लव जिहाद-लैंड जिहाद आम थे और गौ-हत्या सरेआम होती थी। लेकिन जब डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी, तो सब बदल गया।

### यूपी में माफिया पर चलता है बुलडोजर

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गोहत्या, लवजेहाद, लैंडजेहाद नहीं हो सकता। माफिया व गुंडों ने हिमाकत की तो बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली को चकनाचूर कर देता है। टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज व करप्शन है। इसे केवल भाजपा सरकार ही समाप्त कर सकती है।

### उद्योग और रोजगार को लेकर लगाए आरोप

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बंगाल में बीते वर्षों में हजारों उद्योग बंद हुए और लाखों युवा बेरोजगार हो गए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अवैध गतिविधियों और माफियाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

# राहुल मामले में जज ने खुद को सुनवाई से किया अलग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याची की ओर से सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों को माना अदालत पर प्रतिकूल टिप्पणी

**अमृत विचारः** राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता विवाद मामले में सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया है। न्यायालय ने मामले के रिकॉर्ड को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि नई बेंच को मामले को आवंटित किया जा सके।

सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई विवादित पोस्ट का जिक्र किया। उक्त पोस्ट्स में न्यायालय पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, पोस्ट्स में 'फाउल प्ले', 'बैक रूम एक्सरसाइज' और 'डीप स्टेट' जैसे शब्दों का उपयोग किया गया, जिससे न्यायालय की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा। न्यायालय ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची ने अदालत के प्रति विश्वास खो दिया है और सार्वजनिक रूप से इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। एकल पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा कि इस प्रकार के आरोप न्यायालय के विरुद्ध आक्षेप लगाने के समान हैं और ऐसी स्थिति में उनके लिए इस मामले की सुनवाई इसी पीठ द्वारा जारी रखना उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि याची एवं अन्य अधिवक्ताओं द्वारा कानून की सही स्थिति कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे न्यायिक समय की अनावश्यक हानि हुई। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ताओं का कर्तव्य है कि वे न्यायालय की निष्पक्ष सहायता करें और सही कानूनी स्थिति प्रस्तुत करें।

## न्यूज ब्रीफ

### झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा पर सख्ती की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश में झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना और सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि झोलाछाप चिकित्सक गैरकानूनी तरीके से इलाज कर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्या के समाधान के लिए एक समन्वित कमेटी गठित की जाए, जो ऐसे अवैध चिकित्सकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। प्रतिनिधिमंडल ने जनस्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आईएमए की भूमिका बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। साथ ही संगठन के नए भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को सुनकर जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान आईएमए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर जोर, 'रश्मिरथी पर्व' 24 से 26 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम रामधारी सिंह दिनकर की कृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, कार्यक्रम में साहित्यिक परिचर्चा, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। सरकार का कहना है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव ने दी नसीहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट के दौरान कहा कि प्रशासनिक सेवा का मूल आधार ईमानदारी, समर्पण और जनता से सतत संवाद है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यशैली में संवेदनशीलता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही, जनप्रतिनिधियों से तालमेल जरूरी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। उन्होंने जोर दिया कि सभी अधिकारी पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए, जिस पर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

# नासा के 'वर्ल्ड नाइट मैप' में चमका यूपी, ऊर्जा नीति को वैश्विक पहचान

## हर घर रोशनी मॉडल को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्पादन से वितरण तक सुधारों का असर


सैटेलाइट से लिया गया चित्र।

**अमृत विचारः** प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नासा द्वारा जारी 'वर्ल्ड नाइट मैप' में उत्तर प्रदेश दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरा है। यह उपलब्धि राज्य में बिजली आपूर्ति और ऊर्जा प्रबंधन में हुए व्यापक सुधारों का संकेत मानी जा रही है।

नासा के इस मैप में 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात के समय रोशनी में हुए बदलाव को दर्शाया गया है। वैज्ञानिकों ने नौ वर्षों में एकत्रित 16 लाख से अधिक सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि उत्तरी भारत, खासकर उत्तर प्रदेश में रोशनी का स्तर तेजी से बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में "सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली" के लक्ष्य को लेकर लगातार काम किया गया। इसके तहत गांव से शहर तक बिजली आपूर्ति को मजबूत किया गया और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की सक्रियता से उत्पादन क्षमता बढ़ाने, ट्रांसमिशन नेटवर्क मजबूत करने और वितरण प्रणाली को सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए। नए उपकेंद्रों की स्थापना, जर्जर लाइनों के आधुनिकीकरण और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर हुई है। डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम जानकारी और ऑनलाइन सेवाएं मिल रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है। वहीं निर्बाध बिजली आपूर्ति से कृषि, उद्योग और निवेश को भी नई गति मिली है। नासा के इस वैश्विक आकलन ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित कर दिया है, जिससे आने वाले समय में निवेश और नवाचार को और गति मिलने की उम्मीद है।

# 10 डीएम समेत 24 आईएएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शशांक त्रिपाठी अयोध्या, ईशा प्रिया अंबेडकरनगर और ईशान प्रताप सिंह बाराबंकी के डीएम बने
- शासन से लेकर जिलों तक व्यापक फेरबदल, विकास प्राधिकरण भी प्रभावित

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 10 जिलाधिकारियों समेत 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शशांक त्रिपाठी को अयोध्या, ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी और ईशा प्रिया को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। इससे पहले रविवार देर रात 15 जिलाधिकारियों समेत 40 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण किए गए थे। लगातार दो दिनों में हुए इन बड़े बदलावों से शासन-प्रशासन में हलचल तेज हो गई है।

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी में बड़ा बदलाव करते हुए 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस सूची में 10 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं, जिससे जिला प्रशासन की कमान नए हाथों में सौंपी गई है। आदेश के अनुसार, अविनाश कुमार को अलीगढ़, अरविंद सिंह को एटा, अमित आसेरी को बांदा, डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद, कविता मीना को हापुड़ और ईशा प्रिया को अंबेडकर नगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, चर्चित गौड़ को सोनभद्र, अनुपम शुक्ला को गाजीपुर, बाराबंकी के डीएम शशांक त्रिपाठी को अयोध्या और ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी के नए डीएम की जिम्मेदारी दी गई है।

आठ आईएएस अधिकारियों को शासन में विशेष सचिव स्तर पर नई जिम्मेदारी मिली। इसमें अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव बनाया गया है। एटा के डीएम प्रेम रंजन सिंह को अपर राज्य परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) व निदेशक, मध्यान्ह भोजन अधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। हापुड़ के डीएम अभिषेक पाण्डेय को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त (राजस्व परिषद) बनाया गया, जबकि अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। बांदा की डीएम जे. रीभा को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है, वहीं इस विभाग में तैनात अरुण कुमार को इस प्रभार से मुक्त किया गया। फर्रुखाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग में विशेष सचिव और सोनभद्र के डीएम बद्री नाथ सिंह को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा तीन आईएएस अधिकारियों को विकास प्राधिकरणों और तीन आईएएस अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन को यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया। शाहजहांपुर की सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष और सीतापुर की सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सोनभद्र के अपर जिलाधिकारी उत्कर्ष त्रिवेदी को शाहजहांपुर का सीडीओ, मथुरा के अपर जिलाधिकारी अभिनव जे जैन को कानपुर नगर का सीडीओ और मेरठ की अपर जिलाधिकारी दीक्षा जोशी को सीतापुर का सीडीओ बनाया गया है। इस तरह कुल 24 अधिकारियों के तबादलों में जिला प्रशासन, शासन, विकास प्राधिकरण और योजनागत विभागों तक व्यापक फेरबदल किया गया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएम मोदी 29 को करेंगे लोकार्पण, मेरठ से प्रयागराज सिर्फ 6-7 घंटे में
- टोल प्लाजा, एयरस्ट्रिप और आधुनिक सुविधाओं से लैस हाई-स्पीड कॉरिडोर


गंगा एक्सप्रेस-वे पर तैयार टोल प्लाजा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में बड़ा कदम साबित होने जा रहा गंगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को लोकार्पित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेस-वे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे जोड़ते हुए प्रदेश में हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का नया युग शुरू करेगा। करीब 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे को 120 किमी/घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इससे मेरठ से प्रयागराज का सफर, जो पहले 10-12 घंटे लेता था, अब महज 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा।

गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास का इंजन बनने जा रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी से प्रदेश 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में और मजबूत होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी। एक्सप्रेस-वे 6 लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। 120 मीटर चौड़े राइट ऑफ वे के साथ यह परियोजना आधुनिक इंजीनियरिंग का उदाहरण है। परियोजना में गंगा नदी पर 960 मीटर और रामगंगा नदी पर 720 मीटर लंबे पुल बनाए गए हैं, जो बाढ़ और जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं।

शाहजहांपुर के पास 3.5 किमी लंबी एयरस्ट्रिप इस एक्सप्रेस-वे की खास पहचान है। यहां भारतीय वायुसेना इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल कर चुकी है। आपात स्थिति में यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित होगी।

### ये होंगी सुविधाएं

- *2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज)
- *19 रैंप टोल प्लाजा—आसान एंट्री और एग्जिट
- *9 जनसुविधा परिसर—ईंधन, भोजन, शौचालय, विश्राम
- *लंबी दूरी की यात्रा होगी अधिक सुरक्षित और आरामदायक

### क्या बदल जाएगा

- *पश्चिमी यूपी के उद्योग और पूर्वी यूपी की कृषि को सीधा लाभ
- *माल ढुलाई की लागत और समय में कमी
- *धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच

# ट्रांसफर सत्र शून्य करने की मांग मुख्यमंत्री को भेजे 21 सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वर्ष 2026-27 के स्थानांतरण सत्र को शून्य घोषित करने की मांग उठाई है। परिषद अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर तबादला नीति पर 21 बिंदुओं के सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

परिषद का कहना है कि वर्ष 2027 में संभावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए 2026-27 का ट्रांसफर सत्र अत्यंत संवेदनशील रहेगा। बड़े पैमाने पर तबादलों से प्रशासनिक कार्य और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, इसलिए सामान्य स्थानांतरण पर रोक लगाई जानी चाहिए। हालांकि, अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही तबादले किए जाने का सुझाव दिया गया है।

परिषद ने यह भी मांग की है कि स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में तबादले न किए जाएं। आरोप है कि कई विभागों में सत्र खत्म होने के बाद भी तबादले होते हैं, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। सुझावों में पति-पत्नी को एक ही स्थान पर तैनाती, दिव्यांग या गंभीर बीमार बच्चों के अभिभावकों को छूट, और सेवानिवृत्ति से दो वर्ष पहले कर्मचारियों को गृह जनपद में पोस्टिंग जैसे प्रावधान शामिल हैं।

# आधी आबादी के अधिकारों से किया खिलवाड़ः पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ/ महराजगंज :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महराजगंज में विपक्ष पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी देने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिला आरक्षण का केवल दिखावटी समर्थन करता है, जबकि वास्तविकता में वह महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इंडी गठबंधन को "एंटी वूमेन एलायंस" करार देते हुए कहा कि देश का विकास आधी आबादी की भागीदारी के बिना संभव नहीं है और महिलाएं ऐसे विरोधी रुख को स्वीकार नहीं करेंगी।

# काशी में अब मिलेगी 'डिजिटल लगेज लॉकर' की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ/ वाराणसीः** वाराणसी में बाबा के दर्शन और गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब अपने सामान की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और प्रमुख घाटों के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा विकसित की जा रही है।

इस पहल के तहत श्रद्धालु अपने मोबाइल, बैग, कपड़े या सूटकेस तक सुरक्षित रख सकेंगे और बेफिक्र होकर दर्शन व गंगा स्नान कर पाएंगे। यह सुविधा डिजिटल भुगतान आधारित होगी, जिससे उपयोग आसान और पारदर्शी रहेगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दशाश्वमेध प्लाजा, गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग क्षेत्रों में डिजिटल लॉकर लगाए जाने का प्रस्ताव है। इन स्थानों का चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि यहां श्रद्धालुओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है।

कुल 225 डिजिटल लॉकर स्थापित किए जाएंगे, जो चार अलग-अलग आकार छोटे, मध्यम, बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज में उपलब्ध होंगे।

उपलब्धि | राष्ट्रीय रैंकिंग में कार्डियोलॉजी विभाग का शानदार प्रदर्शन

# केजीएमयू के लारी को देश में चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ का बढ़ा मान, वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई सूची



**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग कॉर्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल की ओर से जारी की गई सूची में दर्ज की गई है।

दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज और इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते केजीएमयू ने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की साख भी मजबूत हुई है।

समिति ने देशभर के उन सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया, जहां कैथलैब की सुविधा उपलब्ध है। रैंकिंग में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और अन्य कार्डियोलॉजी इंटरवेंशन के आंकड़ों को आधार बनाया गया। वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के अनुसार सूची तैयार की गई है।

इस राष्ट्रीय सूची में पहला स्थान बेंगलुरु के श्रीजय प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च को मिला, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली का जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च रहा। तीसरे पायदान पर अहमदाबाद का यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी और पांचवें स्थान पर चंडीगढ़ का पीजीआई चंडीगढ़ शामिल है।

लारी कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठ्ठी ने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि सूची में शामिल अधिकांश संस्थान केवल हृदय रोगों के इलाज के लिए समर्पित हैं, जबकि केजीएमयू में यह एक विभाग मात्र है। ऐसे संस्थानों के बीच चौथा स्थान प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि रैंकिंग में आधुनिक कार्डियक इंटरवेंशन की संख्या को प्रमुख आधार बनाया गया है। इस उपलब्धि पर केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने विभाग को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# आयुष्मान योजना में यूपी अव्वल

## एनएचए ने किया सम्मानित, पुणे में राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा को सम्मानित करते नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अधिकारी।

**अमृत विचारः** प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए) ने पुणे में 17-18 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में प्रदेश को सम्मानित किया।

प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उत्कृष्ट संचालन के लिए यह सम्मान मिला है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी और साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने इसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डिजिटलीकरण का परिणाम बताया। प्रदेश में वर्तमान में 6,433 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हैं, जिनमें 3,521 निजी और 2,912 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को पारदर्शी और तेज स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। बड़ी संख्या में अस्पताल एबीडीएम-इनेबल्ड एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) से लैस हैं, जिससे इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हुई है।

# अमृत विचार

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026






मुझे सफलताओं से मत आंकिए, बल्कि जितनी बार गिरा हूं और गिरकर उठा हूं, उस बिना पर आकलन कीजिए।

**-नेल्सन मंडेला**, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति

## स्मार्ट मीटर पर राहत

स्मार्ट बिजली मीटरों के बारे में व्यापक जन असंतोष और आंदोलन के बाद आई सरकारी घोषणा सूबे के 82 लाख स्मार्ट मीटर धारकों के लिए बहुत राहत पहुंचाने वाला है। सिद्धांततः यह व्यवस्था क्रांतिकारी है— प्रीपेड रिचार्ज, रीयल-टाइम खपत की जानकारी, बिलिंग में पारदर्शिता और कई विवादों का अंत। इसे डिजिटल भारत के विज़न के तहत बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता नियंत्रण का प्रतीक बताया गया था, पर प्रश्न यह कि यह योजना उपभोक्ताओं के रोष और अविश्वास का कारण क्यों बनी? समाधान ऐसी समस्या क्यों बन गई कि सरकार को ऐसे फैसले लेने पड़े।

विरोध का मूल कारण है मीटर का तेज चलना और गलत रीडिंग का संदेह, प्रीपेड बैलेंस खत्म होते ही अचानक सप्लाई कटना और रिचार्ज एवं रीकनेक्शन में तकनीकी खामियों के चलते देरी। वादा यह था कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग की त्रुटियां खत्म होंगी, कई मामलों में उपभोक्ताओं से पहले से अधिक बिल आने की शिकायत मिली। आम उपभोक्ता चाहता है कि नई व्यवस्था से उसकी जेब पर बोझ कम हो तथा अबाध विद्युत आपूर्ति मिले। यदि ऐसा अनिश्चित है, तो विरोध स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश में 82 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, इसके बाद आगे की स्वीकृति इससे ज़रूर प्रभावित होगी। इसी दबाव में राज्य सरकार ने 45 दिन तक बिजली न काटने, शून्य बैलेंस पर 3 दिन सप्लाई जारी रखने और रविवार या अवकाश पर डिस्कनेक्शन न करने जैसे राहत उपाय घोषित किए, पर ये कदम अस्थायी राहत देंगे, स्थायी समाधान नहीं। तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक का फैसला बताता है कि समस्या गंभीर है। समिति को जिन बिंदुओं पर ध्यान देना होगा, उनमें मीटर की सटीकता का स्वतंत्र ऑडिट, डेटा ट्रांसमिशन की विश्वसनीयता, बिलिंग-सिस्टम और भुगतान-गेटवे के बीच तालमेल और शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। आज इंटरनेट या मोबाइल रिचार्ज की तरह निर्बाध समन्वय बिजली प्रणाली में नहीं दिखता। यही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है। कंपनियां, जो तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम हैं, वे त्वरित विस्तार का दबाव, गुणवत्ता नियंत्रण की कमी और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सिस्टम के अभाव में विफल हो रही हैं। कई जगह नेटवर्क कनेक्टिविटी, सर्वर क्षमता और फील्ड सपोर्ट बहुत कमजोर है, लेकिन उलटे वे उपभोक्ता को ही दोषी ठहराने पर उतारू हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नई व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

विश्वसनीयता ही कंपनियों की सबसे बड़ी पूंजी है, भले सरकार निजी कंपनियों को नुकसान में नहीं जाने देगी, लेकिन जनविश्वास नहीं बढ़ा तो राजस्व घटेगा, इसलिए उन्हें सुधार तो करने ही होंगे। स्मार्ट मीटर भविष्य की अनिवार्यता हैं, पर भरोसा वर्तमान की शर्त है। तकनीक तभी सफल होगी जब वह उपभोक्ता के लिए 'भरोसेमंद सुविधा' बने, 'सांसत' नहीं। यह प्रणाली तभी निरापद होगी, जब थर्ड-पार्टी कैलिब्रेशन और पब्लिक डैशबोर्ड पर पारदर्शी डेटा होगा, रीयल-टाइम, फेल-सेफ आईटी सिस्टम भुगतान, बिलिंग व कनेक्शन के बीच निर्बाध समन्वय बनेगा।

### प्रसंगवश

## वीआईपी दर्शन का बढ़ता चलन और आम श्रद्धालु

भारत जैसे देश में, जहां धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहां मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। 'भगवान के दरबार में सब बराबर हैं'- यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं।

देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं, जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है, विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक 'प्रीमियम सेवा' बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है।

मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है।

धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है, जहां सब बराबर हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# श्रम को सम्मान और अधिकार देने का प्रश्न





अनिल त्रिगुणायत

लखनऊ

किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका शरीर में प्रवाहित लहू मानिंद होती है। मजदूर ही हैं, जिसके श्रम की बदौलत राष्ट्र के विकास की ऊंची इमारत खड़ी होती है। सूक्ष्म संरचनाओं से लेकर बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में यह वर्ग विकास की धूरी होता है। यह सच है कि विकास के लिए संसाधन मायने रखते हैं, किंतु बिना श्रम संसाधन वैसे ही हैं, जैसे 'बिना इंजन की मर्सिडीज' गाड़ी। आशय यह कि मजदूर ही वह असल शिल्पकार होता है, जिसके कठोर श्रम से विकास की बगिया लहलहाती है, लेकिन कई दशकों के बाद भी मजदूरों की स्थिति में आमूलचूल सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है।

गांव-जवार, खेत-खलिहान, रिश्ते-नाते, भाई-बंधु छोड़कर देश-प्रदेश के शहरों-कस्बों के उद्योगों तथा प्रतिष्ठानों को गति प्रदान करने वाले मजदूरों के लिए फलदायी योजना क्यों नहीं मूर्तरूप ले पा रही? वह चाहे सरकारें हों या उद्योगों के मालिक। चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

> चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

मजदूरों के हितों की रक्षा और उनकी बेहतरी को वैसे तो केंद्र से लेकर राज्य सरकारों ने कथित 'भगीरथ प्रयास' कर रखे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अलावा राज्य सरकारों के संबंधित विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों की भारी भरकम फौज मजदूरों की सेवा का दंभ भर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मजदूरों लिए विभागीय कृत्य-प्रयास आज भी या तो फाइलों में हैं या जमीनी हकीकत से कोसों दूर।

देश में अधिकांश मजदूर कृषि निर्माण और घरेलू कार्यों में लगे रहते हैं। इन असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों के साथ न तो कोई लिखित अनुबंध होता है, न ही छुट्टी या स्वास्थ्य बीमा की सुविधा ही दी जाती है। मूल कारण यह कि बाजार में श्रम की आपूर्ति मांग से बहुत अधिक है, इसलिए उद्योगों तथा विनिर्माण क्षेत्र में कम वेतन पर भी मजदूर मिल जाते हैं। एक ही काम के लिए जब 'दस हाथ' मिल जाते हैं, तो नियोक्ता की 'पौ बारह' हो जाती है। नतीजतन वह मजदूरों को औने-पौने वेतन या मजदूरी पर कार्य कराता है, उनका शोषण करता है।

भारत में वर्ष 1991 में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए। श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। निर्मित नीतियों से नियोक्ताओं को कानूनी पाबंदियों से कुछ छूट मिल गई। परिणामस्वरूप मजदूरों का शोषण बढ़ता ही गया। अधिकांश मजदूरों में तकनीकी कौशल या औपचारिक शिक्षा न के बराबर होती है। उनके उपेक्षित होने का यह भी अहम कारण है। तात्पर्य यह कि समाज को समर्पित मजदूरों को 'समाज' ने ही तिरस्कृत कर रखा है।

मिल मालिकों द्वारा मजदूरों के शोषण आधारित बालीवुड फिल्में पहले खूब बना करती थीं। मजदूरों के संघर्षों तथा गानों को निर्देशक इतनी संवेदनशीलता के साथ दिखाते थे कि हाल में बैठा दर्शक अपने को मजदूर या मजदूरों का हितैषी ही मान बैठता था। यही हाल आज भी है। भारत में मजदूरों की दशा पर महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कलम खूब चली। उन्होंने मजदूरों के शोषण पर आधारित फिल्म 'मिल मज़दूर' (1934) की पटकथा लिखी, एक छोटी सी भूमिका भी निभाई थी। बताते हैं कि फिल्म का एक डायलाग मजदूरों के हित में इतना असरदार था कि तत्कालीन टेक्सटाइल हब बंबई (अब मुंबई) में श्रमिकों ने मिल मालिकों के खिलाफ जमकर आंदोलन किया था।

एक दौर ऐसा भी था, जब निजी क्षेत्र के मिल मालिकों तथा सरकारी उद्योगों के प्रबंधनों के खिलाफ मजदूर संगठन आक्रोश व्यक्त करते रहते थे। मजदूर संगठनों में शामिल श्रमिकों के साथ जब-जब शोषण की बात सामने आई, तो आंदोलन हुआ। 'जनता जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, हर जोर-जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगे पूरी हों, अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जो हम से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा, जैसे जोशीले नारे उद्योगों तथा सरकारी तंत्र के गलियारों में आज भी गूंजते हैं।

असंगठित क्षेत्र का, जीडीपी व रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत मजदूर असंगठित क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में तो इनका योगदान अत्यधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण-2025 के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में लगभग 50 करोड़ श्रमिक हैं, जो देश के कुल कार्यबल का करीब 90 प्रतिशत है।

फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की बदौलत ही चलते हैं। इसमें ऊबर और ओला ड्राइवर, राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लंबर आदि भी शामिल हैं। कुछ दिन पहले यूपी सरकार ने न्यूनतम मजदूरी की दर तय करते हुए मजदूरों को राहत दी है, लेकिन मजदूरों के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। औद्योगिक स्थलों पर उनकी सुविधाओं की दरकार तो है ही, सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा के भी वे हकदार हैं।

हालिया दिनों में केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों के लिए ठोस व तार्किक कार्य किए हैं। श्रम सुधारों को नव स्वरूप दिया है, लेकिन निर्मित गाइडलाइंस तभी प्रासंगिक है, जब उसका लाभ मजदूरों तक सही रूप में प्राप्त हो। चूंकि, असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों की अधिकता है, अतएव उनके हितों के लिए निर्मित नियमों का अपेक्षित क्रियान्वयन जरूरी है। उपेक्षा का शिकार बने मजदूरों के लिए आमजन को भी अपनी सोच बदलनी होगी। देश की समृद्धि के लिए अपना खून-पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनका अधिकार व मान देने में हमें कोई हर्ज तो नहीं होना चाहिए।

### आमने



17 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक बन सकता था, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बना दिया। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन करने के बावजूद महिलाओं को उनका उचित अधिकार नहीं दिया। अब समय बदल रहा है और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।

**-भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

### सामने



वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक लागू नहीं किया जाना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता को जवाब देने से बच रहे हैं और दिल्ली से तय एजेंडे के अनुसार काम कर रहे हैं।

**-टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान

# वैश्विक उथल-पुथल से निवेशकों में उलझन



रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

साल 2026 निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। इसके साथ ही तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सोना-चांदी जैसी कमोडिटी में तेजी और गिरावट ने निवेश को और मुश्किल बना दिया है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हैं, इन परिस्थितियों से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक सवाल है- 2026 में पैसा कहां लगाएं?

मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तेल महंगा होता है, तो परिवहन और उत्पादन की लागत भी बढ़ जाती है। इससे महंगाई बढ़ जाती है। महंगाई बढ़ने से निवेश से मिलने वाला असली फायदा (रियल रिटर्न) कम हो जाता है। दूसरी तरफ, सोना और चांदी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले निवेश भी इस समय पूरी तरह स्थिर नहीं हैं।

कभी इनकी कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो कभी अचानक गिर जाती हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि केवल एक ही जगह निवेश करना आज के समय में सही नहीं है। ऐसी स्थिति में निवेश का सबसे अच्छा तरीका है- विविधता (Diversification), सुरक्षा (Protection) और विकास (Growth)। इसका मतलब है कि आपको अपना पैसा अलग-अलग जगहों पर लगाना चाहिए, ताकि एक जगह नुकसान हो तो दूसरी जगह से फायदा मिल सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो ही इस समय सबसे सुरक्षित और समझदारी भरा विकल्प है।

> साल 2026 निवेशकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक ही सवाल है- 2026 में पैसा कहां लगाएं?

इक्विटी यानी शेयर बाजार अभी भी लंबी अवधि में पैसा बढ़ाने का सबसे अच्छा माध्यम है, लेकिन 2026 में सही सेक्टर चुनना बहुत जरूरी है। रक्षा (Defence), नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy), बैंकिंग और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। युद्ध की स्थिति में रक्षा कंपनियों की मांग बढ़ती है, जबकि तेल महंगा होने पर नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व बढ़ता है। टेक्नोलॉजी और AI से जुड़ी कंपनियां भविष्य में तेजी से बढ़ सकती हैं।

निवेशकों को अच्छी और मजबूत कंपनियों में धीरे-धीरे SIP के माध्यम से निवेश करना चाहिए, ताकि बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो सके। सोना और चांदी आज भी निवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पूरी तरह स्थिर नहीं हैं, लेकिन मुश्किल समय में आपके पोर्टफोलियो को सुरक्षा देते हैं। निवेशकों को फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय Gold ETF या Sovereign Gold Bond जैसे विकल्प चुनने चाहिए।

फिक्स्ड इनकम निवेश जैसे बैंक FD, सरकारी बॉन्ड और डेट म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो को स्थिरता देते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है, तब ये निवेश नियमित आय और सुरक्षा प्रदान करते हैं। खासकर उन लोगों के लिए यह जरूरी है, जो कम जोखिम लेना चाहते हैं। इसके अलावा, थोड़ा पैसा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेश करना भी अच्छा होता है। इससे आपका जोखिम कम होता है और आपको दूसरे देशों की ग्रोथ का फायदा मिलता है। आप इंटरनेशनल म्यूचुअल फंड या ETF के जरिए यह निवेश कर सकते हैं। कुछ निवेश जैसे REITs और InvITs भी पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकते हैं। ये आपको अलग तरह का रिटर्न देते हैं और निवेश को और संतुलित बनाते हैं, हालांकि इनमें बहुत ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए।

आज के समय में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- लिक्विडिटी यानी जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा उपलब्ध होना, इसलिए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का एक हिस्सा लिक्विड फंड या सेविंग इंस्ट्रूमेंट्स में रखना चाहिए, ताकि किसी आपात स्थिति में उन्हें परेशानी न हो। इसके साथ ही, बीमा (Insurance) को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हेल्थ इंश्योरेंस और टर्म इंश्योरेंस आपकी वित्तीय सुरक्षा का आधार होते हैं और अनिश्चित समय में बहुत मददगार साबित होते हैं।

इसके अतिरिक्त, निवेशकों को कर योजना (Tax Planning) पर भी ध्यान देना चाहिए। सही निवेश विकल्प जैसे ELSS, PPF या टैक्स सेविंग बॉन्ड न केवल आपको टैक्स बचाने में मदद करते हैं, बल्कि दीर्घकाल में अच्छा रिटर्न भी प्रदान करते हैं। बदलते आर्थिक माहौल में वित्तीय जागरूकता और सही जानकारी होना उतना ही जरूरी है, जितना निवेश करना। निवेश करते समय सबसे जरूरी चीज है धैर्य और अनुशासन। बाजार ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन आपको घबराकर गलत फैसले नहीं लेने चाहिए।

लंबे समय तक निवेश बनाए रखना और समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करना सफलता की कुंजी है। (यह लेख जानकारी के लिए है। निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह जरूर लें।)

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## परवरिश का असर

महाभारत पर लिखा गया भैरप्पा का बेहद प्रसिद्ध उपन्यास है 'पर्व'। इसमें सारे चमत्कारों को हटाकर महाभारत की कहानी को वास्तविकता के निकट लाकर लिखा गया है।

इसमें कंस के जन्म की कहानी है। कंस राजा उग्रसेन का बेटा था, तो फिर वो राक्षस कैसे हो गया? यहां लेखक ने बच्चे के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए कल्पना की है।



अनुरोध शर्मा

लेखक

उग्रसेन की पत्नी जंगल के सरोवर के निकट शिकार पर जाती थी और वहां उसकी मुलाक़ात द्रोमिल नाम के राक्षस से हो गई। दोनों में संबंध बने। अब तक उग्रसेन की पत्नी जो गर्भवती नहीं हो पाती थी, उस राक्षस के बच्चे की मां बन गई। ये बच्चा हुआ 'कंस' जिसे उग्रसेन ने सब कुछ जानते हुए भी बदनामी के डर से पाला। बाद में उग्रसेन की पत्नी अपने पति उग्रसेन से कई और बच्चों की भी मां बनी, लेकिन राक्षस का बेटा होने की वजह से कंस और बच्चों से कहीं अधिक शक्तिशाली था।

पर क्या सिर्फ़ राक्षस की संतान होने से ही कंस राक्षस हो गया? लेखक का जवाब है, नहीं।

कहानी आगे कहती है कि क्यूंकि उग्रसेन ये जानता था कि कंस उसकी संतान नहीं है, तो उसने कंस को कभी पिता का प्यार दिया ही नहीं। दूसरे बच्चों की तरह कंस भी पिता की गोद में बैठना चाहता था, लेकिन उग्रसेन उसे बैठने न देता। बाकी भाई-बहनों को जो स्नेह मिलता, वो कंस के हिस्से कभी न आया।

कंस के मन में जो पिता के प्रति नफ़रत भरी उसकी वजह पिता ही थे। उनका कंस के प्रति आचरण था। पिता द्वारा दी गई परवरिश थी।

आखिरकार बड़े होकर कंस ने अपने पिता को जेल में डाल दिया और खुद राजा बन बैठा। कंस को राक्षस कहा गया, लेकिन किसी ने इस बात की पड़ताल करने की कोशिश नहीं की कि कंस के राक्षस होने की वजह क्या रही।

परवरिश, माहौल, संगत और विचार बच्चे के कोमल मन पर बहुत असर डालते हैं। आज के माहौल में बच्चे जिस तरह बड़े हो रहे हैं, जिस तरह हम उन्हें बड़ा कर रहे हैं, उसके बाद अगर वो रोबोट बन रहे हैं, तो किसकी गलती है?

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## महिला विधेयक जनगणना बाद ही अब होगा लागू

2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं, हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेंगी, तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।



प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाएं। विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फार्मूला रास नहीं आया, दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोर्चाबंदी भी शुरू कर दी थी।

राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का एलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे।

लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17% है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल नौ फीसदी है। अब 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# अंतस



नेपाल अपनी उत्पत्ति काल से ही देवर्षि, महर्षियों तथा अनेक देव स्थलों का देश रहा है। यहां आज भी अनेक पौराणिक स्थल, सिद्ध संत तथा महात्माओं की जन्मभूमि और कर्मभूमि अभी मौजूद हैं, जहां नेपाल ही नहीं भारत के भी हजारों श्रद्धालु आते रहते हैं। यहां की पवित्र भूमि पर भारत से भी कई साधक संत आए और यहीं के होकर रह गए। ऐसा ही एक पवित्र स्थल स्वर्ग द्वारी है, जिसे प्रभु नाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है। प्रभु नाथ धाम नेपाल के सुदूर पश्चिम प्यूठान जिले में ऊंचे पहाड़ पर स्थित है।



यशोदा श्रीवास्तव
लेखक

# प्रभु नाथ धाम: जहां पहुंच कर श्रद्धालु होते हैं धन्य

## स्फूर्ति के संचार की अनुभूति

यूं तो यहां सावन मास में श्रद्धालुओं का रेला लगता है, लेकिन हाल के वर्षों से हर महीने यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने लगे हैं। यहां आने के लिए मुख्यतः दो रास्ते हैं। यूपी के बहराइच जिले से होकर नेपाल के बांके से होकर आ सकते हैं। इस रास्ते करीब 150 किमी दूरी तय कर भिंगरी होते हुए प्रभु नाथ धाम तक पहुंचा जा सकता हैं। दूसरा रास्ता सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी नेपाल सीमा पार कर कृष्णा नगर से आना होता है, जहां से बसें, छोटी बसें यहां तक आती हैं। लोग अपने निजी साधनों से भी आते हैं। बसों का किराया प्रति व्यक्ति 500 से 700 रूपए तक है। नेपाल के भालू बांग से पहाड़ के दुर्गम रास्तों से होकर भिंगरी पहुंचना होता है। भिंगरी से प्रभु नाथ धाम तक के करीब 30 किमी तक पहाड़ी मार्ग बहुत ही घुमावदार है, जिसे पूरा कर पाना बेहद कठिन है। इन कठिन मार्ग को पूरा कर श्रद्धालु प्रभु नाथ धाम के निकट वहां तक पहुंचते हैं, जहां से 700 सीढ़ी चढ़ कर इस पवित्र और पूज्यनीय स्थल तक पहुंचना होता है। जाहिर है इतनी विकट और पहाड़ की लंबी यात्रा से थकान और सुस्ती से चूर हो जाना लाजिमी है, लेकिन चमत्कार यह है कि यहां पहुंचते ही गजब की स्फूर्ति के संचार की अनुभूति होती है। प्रभुनाथ आश्रम का वृतांत अनंत है। यहां ऋषि-मुनियों की तपस्या के भी ढेरों उदाहरण हैं। इस पुण्य भूमि का खास महत्व एक चमत्कारिक संत 1008 महा प्रभु हंसानंद महराज से जाना जाता है। यह तपस्वी संत 75 वर्ष पूर्व यहीं ब्रम्हलीन हुए थे। यहीं पर उनकी समाधि है। इस स्थल की बढ़ती महत्ता को देखते हुए स्थानीय नगरपालिका प्रशासन और नेपाल सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम कर रखें हैं। सरकारी अस्पताल, धर्म शाला, गौशाला सब कुछ यहां उपलब्ध है।




## लोकमान्यता

प्रभु हंसानंद के महात्म्य की अनेक कहानियां है। यहां मौजूद पुजारी और आसपास के लोग इसे कहानी नहीं उनका प्रताप मानते हैं। नेपाल ही नहीं भारत के प्रयागराज, हरिद्वार,काशी आदि जगहों तक उनके भक्त विराजमान हैं। प्रभु हंसानंद के विपत्ति में अपने भक्तों की मदद करने के ढेर सारी किंवदंतियां यहां हर जुबान पर हैं। बताते हैं कि सदियों पूर्व किसी ऋषि ने भविष्यवाणी की थी कि सल्यान जिले के रुमटी गांव में गौतमवंश में भगवान का अवतार होगा। उसका कर्म क्षेत्र प्युठान जिले का दुर्गम पहाड़ी होगा। आगे चलकर लोग इसे स्वर्गद्वारी के नाम से जानेंगे और यह एक सिद्धपीठ तीर्थ स्थल होगा। प्रभु हंसानंद महराज का जन्म रुमटी गांव में ही हुआ था। वे यहां आए, वर्षों तक तपस्या की और यहीं ब्रह्मलीन हुए। प्रभु हंसानंद महाराज को लोग अवतारी पुरुष मानते हैं। आगे चलकर उनके द्वारा किए गए शुभ-अशुभ भविष्यवाणियों से भी यह सिद्ध होता है। कुछ वर्ष पूर्व नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप की भविष्यवाणी उन्होंने दशकों पूर्व की थी। यहां के पुजारी बताते हैं कि स्वर्गद्वारी के महाप्रभु हंसानंद महाराज जी यज्ञों के साथ गोपालात्मा बनकर भगवान कृष्ण के समान हजारों गायों को पालने और उन्हें चराने का काम स्वयं करते थे। यहां आश्रम पर आज भी सैकड़ों गायों का पालन होता है। बताते हैं कि यहां आकर सच्चे मन और पवित्र भाव से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। यहां आसपास के लोग बताते हैं कि भाव और श्रद्धा से जो भी स्मरण किया सबके कष्ट अवश्य ही दूर होते हैं।



पौराणिक कथा

# हृदय रूपी मंदिर का रहस्य



एक बार भगवान दुविधा में पड़ गए। कोई भी मनुष्य जब मुसीबत में पड़ता है, तब मेरे पास भागा-भागा आता है। मुझे सिर्फ अपनी परेशानियां बताने लगता है। मेरे पास आकर कभी भी अपने सुख या अपनी संतुष्टि की बात नहीं करता। मेरे से कुछ न कुछ मांगने लगता है।

भगवान ने इस समस्या के निराकरण के लिए देवताओं की बैठक बुलाई और बोले- "हे देवों, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूं। कोई न कोई मनुष्य हर समय शिकायत ही करता रहता है, जबकि मैं उन्हें उसके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूं। फिर भी थोड़े से कष्ट में ही मेरे पास आ जाता है, जिससे न तो मैं कहीं शांतिपूर्वक रह सकता हूं, न ही शाश्वत स्वरूप में रहकर साधना कर सकता हूं। आप लोग मुझे कृपया ऐसा स्थान बताएं, जहां मनुष्य नाम का प्राणी कदापि न पहुंच सके।"

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करने शुरू किए। गणेश जी बोले- "आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएं।" भगवान ने कहा- "यह स्थान तो मनुष्य की पहुंच में हैं।" उसे वहां पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इंद्रदेव ने सलाह दी- "आप किसी महासागर में चले जाएं।" वरुण देव बोले- "आप अंतरिक्ष में चले जाइए।"

भगवान ने कहा- "एक दिन मनुष्य वहां भी अवश्य पहुंच जाएगा।" भगवान निराश होने लगे थे। वह मन ही मन सोचने लगे- "क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहां मैं शांतिपूर्वक रह सकूं"। अंत में सूर्य देव बोले- "प्रभु! आप ऐसा करें कि मनुष्य के हृदय में बैठ जाएं। मनुष्य अनेक स्थान पर आपको ढूंढने में सदा उलझा रहेगा, क्योंकि मनुष्य बाहर की प्रकृति की तरफ को देखता है। दूसरों की तरफ को देखता है खुद के हृदय के अंदर कभी झांककर नहीं देखता। इसलिए वह यहां आपको कदापि तलाश नहीं करेगा। करोड़ों में कोई एक जो आपको अपने हृदय में तलाश करेगा। वह आपसे शिकायत करने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी बाहरी इच्छा शक्ति खत्म हो चुकी होगी।"

ईश्वर को सूर्य देव की बात पसंद आ गई। उन्होंने ऐसा ही किया और भगवान हमेशा के लिए मनुष्य के हृदय में जाकर बैठ गए। उस दिन से मनुष्य अपना दुख व्यक्त करने के लिए ईश्वर को मंदिर, पर्वत-पहाड़, कंदरा-गुफा ऊपर, नीचे, आकाश, पाताल में ढूंढ रहा है, पर वह मिल नहीं रहें हैं। परंतु मनुष्य कभी भी अपने भीतर ईश्वर को ढूंढने की कोशिश नहीं करता है। इसलिए मनुष्य 'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए ईश्वर को नहीं देख पाता और ईश्वर को पाने के चक्कर में दर-दर घूमता है, पर अपने हृदय के दरवाजे को खोलकर नहीं देख पाता। हृदय रूपी मंदिर में बैठे हुए ईश्वर को देखने के लिए मन रूपी द्वार का बंद होना अति आवश्यक है, क्योंकि मन रूपी द्वार संसार की तरफ खुला हुआ है और हृदय रूपी मंदिर की ओर बंद है।

*–सतीश कुमार गर्ग*

# सेहतमंद समाज और धार्मिक संस्थाओं की भूमिका



पृथ्वी का लगभग संपूर्ण मानव समाज किसी-न-किसी धर्म से जुड़ा हुआ है। मनुष्य का स्वास्थ्य, आचरण एवं व्यवहार तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक मान्यताएं कहीं-न-कहीं धार्मिक आस्था पर आधारित हैं। मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, मस्जिद, गिरजाघर, आदि जैसे धार्मिक स्थल न केवल व्यक्ति की पूजा के पवित्र स्थान होते हैं, बल्कि वे समुदाय के लोगों की दैनिक दिनचर्या से जुड़े उनके सामाजिक, सार्वजनिक पहलुओं का आधार भी होते हैं। विश्वभर में प्रचलित अनेक धार्मिक संस्थाओं के बीच कुछ-न-कुछ समानता अवश्य देखी जाती है। लोगों का अपने धार्मिक स्थलों के साथ पारंपरिक अथवा औपचारिक तौर पर गहरा जुड़ाव देखा जाता है। लोगों का व्यक्तिगत अथवा समुदाय का सामूहिक स्वास्थ्य और बीमारी से जुड़े आचरण उनकी धार्मिक संस्थाओं की शक्ति से प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं।



विगत वर्षों में सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा रोगों से बचने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और आस्था से जुड़े अनेक समूहों एवं अन्य धार्मिक संस्थाओं के बीच एक सहयोग देखा जाता था। परंतु सरकारों द्वारा, खासकर कोविड-19 जैसे स्वास्थ्य संकट के दौरान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर जैसे पवित्र पूजा स्थलों के माध्यम से न केवल रोगियों, बल्कि समुदाय के सभी पीड़ित व्यक्तियों की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने, आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने, मौत की कगार पर खड़े रोगियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था, ऑक्सीजन सिलेंडरों को उपलब्ध कराने जैसी अनेक गतिविधियों में सहायता प्रदान की गई।

इनके अलावा, स्थानीय रूप से व्याप्त रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए धर्म एवं आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति शुरुआती जागरूकता उत्पन्न करने, रोग की समस्या से जुड़ी अवधारणाएं को दूर करने अथवा उन्हें मिटाने तथा रोग एवं रोगी की पहचान करने में समुदाय के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने में बढ़-चढ़ कर सहायता प्रदान की जाती है। कोविड-19 महामारी के दौरान अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा बेघर, बेरोजगार, पीड़ित-लाचार व्यक्तियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं विकास पोषण की व्यवस्था की गई थी, जो उनकी सेवा समर्पित भावना के अद्वितीय उदाहरण हैं। टीबी और कई प्रकार के अन्य संचारी रोगों की स्थिति में भी धार्मिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समुदाय में व्याप्त कुछ प्रकोपों को रोकने एवं उन पर काबू पाने में सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में धार्मिक संस्थाओं की भूमिका पर कुछ अध्ययन किए गए हैं, परंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए संचालित कार्यक्रमों में पूजा स्थलों की भूमिका की जांच पर प्रामाणिक जानकारी का अभाव रहा है। इन पहलुओं पर जानकारी समुदाय आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ समावेशी स्वास्थ्य सम्मत प्रणालियां विकसित करने में सहायक होगी। इसमें मौजूदा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं सम्मिलित हैं। समावेशी स्वास्थ्य एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो गंभीर अभाव और गहरे सामाजिक बहिष्कार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली अत्यधिक स्वास्थ्य असमानताओं को रोकने और उनका समाधान करने के लिए बनाया गया है। यह मूल रूप से अंतः विषयक होता है, जिसमें व्यापक पेशेवर और व्यक्तिगत अनुभव वाले विशेषज्ञों के योगदान की आवश्यकता होती है। विश्व के अधिकांश लोग किसी-न-किसी धर्म के अनुयायी होते हैं। प्रायः लोग नियमित रूप से अथवा विशेष अवसरों पर धार्मिक स्थलों पर एकत्रित होते हैं। ये धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों के माध्यम से समुदाय के लोगों में रोगों पर नियंत्रण रखने के प्रति न केवल जागरूकता पैदा कर सकते हैं, बल्कि विकट स्थितियों में यथासंभव रोगियों और उनके परिजनों को सहायता भी उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं। रोगियों की नकारात्मक मनोदशा को दूर करने, उन्हें भावनात्मक और मानवीय सहायता प्रदान करने, समुदाय के साथ अनुकूल संबंधों को बढ़ावा देने के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास पैदा करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। व्यक्तियों में हेल्दी बिहेवियर यानी स्वास्थ्य संवर्धक आदतें विकसित करने, रोगों की व्यापकता फैलने से रोकने के लिए व्यक्तियों को बेहतर जानकारी उपलब्ध कराने, समुदाय के लोगों तथा स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणालियों के बीच विश्वासपूर्ण संबंध विकसित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच से दूर सुदूर स्थित समुदायों को भी सहायता प्रदान करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के अधिकारियों को जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने हेतु प्रेरित करने में भी इन धार्मिक स्थलों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुल मिलाकर ये सारी गतिविधियां समुदाय के लोगों को रोग से संबंधित गंभीर परिस्थितियों से निपटने के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने तथा उनकी क्षमता को बढ़ाने में धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
लेखक



बोध कथा

## समय और भाग्य



एक सेठ थे, जिनके पास काफी दौलत थी। सेठ जी ने अपनी बेटी की शादी एक बड़े घर में की थी। परंतु बेटी के भाग्य में सुख न होने के कारण, उसका पति जुआरी, शराबी निकल गया, जिससे सब धन समाप्त हो गया। बेटी की यह हालत देखकर सेठानी जी रोज सेठ जी से कहती कि आप दुनिया की मदद करते हो, मगर अपनी बेटी परेशानी में होते हुए उसकी मदद क्यों नहीं करते हो? सेठ जी ले कहा- "जब उनका भाग्य उदय होगा, तो अपने आप सब मदद करने को तैयार हो जाएंगे।" एक दिन सेठ जी घर से बाहर गए थे कि तभी उनका दामाद घर आ गया। सास ने दामाद का आदर-सत्कार किया और बेटी की मदद करने का विचार उसके मन में आया कि क्यों न मोतीचूर के लड्डूओं में अशर्फियां रख दी जाएं।

यह सोचकर सेठानी ने लड्डूओं के बीच में अशर्फियां दबाकर रख दीं और दामाद को टीका लगाकर विदा करते समय पांच किलो शुद्ध देशी घी के लड्डू, जिनमें अशर्फियां थीं, दिए। दामाद लड्डू लेकर घर से चला, दामाद ने सोचा कि इतना वजन कौन लेकर जाए! क्यों न यहीं मिठाई की दुकान पर बेच दिए जाएं। दामाद ने वह लड्डूओं का पैकेट मिठाई वाले को बेच दिया और पैसे जेब में डालकर चला गया। उधर सेठ जी बाहर से आए तो उन्होंने सोचा घर के लिए मिठाई की दुकान से मोतीचूर के लड्डू लेता चलूं और सेठ जी ने दुकानदार से लड्डू मांगे। मिठाई वाले ने वही लड्डूओं का पैकेट सेठ जी को वापिस बेच दिया। सेठ जी लड्डू लेकर घर आए। सेठानी ने जब लड्डूओं का वही पैकेट देखा तो सेठानी ने लड्डू फोड़कर देखे, अशर्फियां देखकर अपना माथा पीट लिया।

सेठानी ने सेठ जी को दामाद के आने से लेकर जाने तक और लड्डूओं में अशर्फियां छिपाने की बात कह डाली। सेठ जी बोले-"भाग्यवान मैंनें पहले ही समझाया था कि अभी उनका भाग्य नहीं जागा। देखा मोहरें न तो दामाद के भाग्य में थी और न ही मिठाई वाले के भाग्य में। इसलिये कहते हैं कि भाग्य से ज्यादा और समय से पहले न किसी को कुछ मिला है और न मीलेगा।" कथा से सीख मिलती है कि ईश्वर जितना दे उसी मैं संतोष करना चाहिए।

*–ऋतु गुप्ता*

# झूठ और मिथ्याचार के जंगलों में मत भटकिए



हमारी अंतरात्मा जिस कार्य को उचित कहती या स्वीकार करती है, उस आचरण को करने वाला ईमानदार कहा जाता है। वास्तव में सदचरित्र का संबंध मानव के गुप्त मन से होता है। सही कार्य करने में हमें अंदर से ही एक गुप्त शांति और संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत आत्मा का हनन कर छल-कपट व गलत तरीके से कार्य करने पर हमारा गुप्त मन हमें अंदर ही अंदर कचोटता रहता है। हमें शांति नहीं मिलती। हमेशा यह गुप्त भय रहता है कि हमारे इस गलत कार्य या चोरी किसी को किसी दिन किसी भी समय पता न चल जाए। हनन की हुई आत्मा ही हमें गलत की ओर जाने देती है और दुष्कर्म कराती है। असत्य या बेईमानी के कार्य द्वारा असत्य कार्य करने, रिश्वत, चोर बाजारी आदि चोरियां करने से धीरे-धीरे हमारी अंतरात्मा मर जाती है। हनन की हुई आत्मा में सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म, उचित-अनुचित का विवेक नहीं रहता।

बहुत से व्यक्ति चोरी करते हुए भी बाहर से संतुष्ट से दिखते हैं, पर बुरे कार्यों की सूक्ष्म रेखाएं अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती हैं और मन पर सदा आघात करती हैं। एक न एक दिन पाप प्रकट होता ही है और करनी का फल भुगतना ही पड़ता है। सही मार्ग के साथ आपको आत्मा की दैवी शक्तियों का भी सहयोग मिलता रहेगा। सच्चे व्यक्ति को कभी किसी गुप्त भेद के प्रकट होने का कोई भय नहीं होता। वह तो खरा है। चाहे किसी कसौटी पर कस लीजिए, सदैव चमकता ही रहेगा। सत, चित, आनंदस्वरूप आत्मा इसीलिए इस धरती पर भेजा गया है कि वह सत्य का अनुसरण करे, असत्य या झूठ के अंधकार से बचा रहे, जो व्यक्ति यह समझता है कि बेईमानी से, लोगों की आंखों में धूल झोंककर बढ़ता रहेगा, वह वास्तव में बड़ी भूल करता है। बेईमानी, चोरी, रिश्वत, छल-कपट तो एक प्रकार की अग्नि है। वह कब छिपती है? उसे चाहे सौ पर्दों में रखा जाए, एक न एक दिन पर्दों को जलाकर प्रकट हो ही जाती है। धोखा या बेईमानी चार दिन ही फलती-फूलती सी दिखती है। वास्तव में वह नीचे की ओर गिरता जाता है। दीपक जब बुझने को होता है, तब तेजी से चमक कर शान्त हो जाता है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

इसी प्रकार इन सबसे क्षणभर के लिए समृद्धि प्रतीत होते है, पर चोरी के प्रकट होते ही वे ऐसे गहरे गड्ढे में गिर पड़ते हैं, जिससे निकलना असंभव सा हो जाता है। वे दीर्घकाल तक असत्य के अंधकार में भटकते रहते हैं। सच्चे और ईमानदार गरीब होकर भी पूजे जाते हैं, झूठे और बेईमान ठगी से अमीर होकर भी तिरस्कृत होते हैं। आप सत्य के यात्री हैं। सत्यस्वरूप आत्मा हैं। झूठ और मिथ्याचार के सुहावने दिखने वाले भयानक जंगलों में मत भटकिए। ध्यान रहे जो पैसा दूसरों को रूलाते हुये हड़प लिया जाता है, वह लेने वाले को नष्ट करके ही विदा होता है। सत्यता और ईमानदारी धर्मात्मा मनुष्य के भूषण हैं। ये ईश्वर की सत्ता के द्योतक हैं। मरते दम तक इन दिव्य गुणों का ह्रास मत होने दीजिएगा। यदि हमारी आजीविका झूठ, अन्याय, छल, कपट से कमाई हुई है, तो उस पर पलने वाली हमारी संतान भी उसका उपयोग करने पर अधिकाधिक अन्याय, झूठ और धूर्तता की ओर बढ़ती जायेगी और हमारी आने वाली पीढ़ी को भी दुखी बना डालेगी। ऐसी कमाई कमाईए, जिससे दुनिया के किसी व्यक्ति के सामने आंखें नीची न करनी पड़ें।

असत्यभाषण, क्रोध, काम इत्यादि दुष्ट मनोविकारों के वशीभूत होकर हम कई गलतियां, बेईमानी, कपट, मिथ्याचार किया करते हैं। ये दोष मन के मन में ही रह जाते हैं। मन ही चोरी से हमें पथभ्रष्ट करता है। मन के ये राक्षस किसी न किसी काने में छिपकर उभर उठने की प्रतीक्षा किया करते है। यदि हम इन्हें मन में छिपाए रहें तो हमें सदा यह भय रहता है कि न जाने ये कब उठकर हमें गिरा देंगे। इसीलिए प्रतिदिन अपना निरीक्षण करते रहना चाहिए।

## बिजनेस ब्रीफ

### रेनो डस्टर को मिली 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में फिर से लॉन्च हुई रेनो डस्टर एसयूवी ने 'भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम' के क्रैश टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। रेनो इंडिया के अनुसार, डस्टर ने वयस्क सुरक्षा में 32 में से 30.49 अंक और बच्चों की सुरक्षा श्रेणी में 49 में से 45 अंक प्राप्त किए। कंपनी के इंजीनियरिंग प्रमुख वी. विक्रमन ने बताया कि वाहन को भारतीय सड़कों की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप कड़े परीक्षणों से गुजारा गया है, जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई।

### मिनी कारों की बिक्री दोगुनी करेगी बीएमडब्ल्यू

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने साल 2026 में अपने प्रीमियम ब्रांड मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने सोमवार को कहा कि स्थानीय उत्पादन, नए मॉडल्स और बिक्री नेटवर्क के विस्तार के दम पर यह मुकाम हासिल किया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में मिनी की 730 इकाइयां बिकी थीं, जबकि 2026 की पहली तिमाही में ही 42% की उछाल के साथ 213 कारें बिक चुकी हैं। कंपनी इस साल के मध्य तक भारत में निर्मित 'मिनी कंट्रीमैन' लॉन्च करने और नौ विशेष संस्करण पेश करने की तैयारी में है। बरार के अनुसार, यदि लक्ष्य पूरा हुआ तो यह भारत में मिनी के लिए अब तक का सबसे सफल साल होगा।

### कोलकाता से कुनमिंग के बीच शुरू हुई विमान सेवा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती देते हुए चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कोलकाता और कुनमिंग के बीच अपनी सीधी उड़ान सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। सोमवार को एयरलाइंस ने बताया कि 19 अप्रैल को दोनों शहरों के बीच पहली सीधी उड़ान संचालित की गई। कोरोना काल के बाद दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है। पिछले साल दिल्ली-शंघाई मार्ग के बाद अब कोलकाता-कुनमिंग मार्ग पर सेवाएं शुरू की गई हैं, जो सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होंगी। कोलकाता हवाई अड्डे पर आयोजित उद्घाटन समारोह में चीन के महावाणिज्य दूत शू वेई और एयरलाइन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कुनमिंग-कोलकाता मार्ग रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जिंदल स्टेनलेस का खुदरा बाजार में कदम

**नई दिल्ली।** देश की बड़ी स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (JSL) ने सोमवार को खुदरा बाजार में उतरने का एलान किया। कंपनी ने निर्माण क्षेत्र के लिए 'जिंदल इन्फिनिटी' ब्रांड नाम से स्टेनलेस स्टील सरिया पेश किया है। इस रणनीतिक विस्तार के जरिए कंपनी अब सीधे आम उपभोक्ताओं, बिल्डरों और कारीगरों तक अपनी पहुंच बनाएगी।

# कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा

## अर्थव्यवस्था सुस्त: 5 महीने की बढ़त पर लगा ब्रेक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वित्त वर्ष 2025-26 की कुल वृद्धि घटकर 2.6% रही, कोरोना के बाद का सबसे निचला स्तर

### एक नजर में आंकड़े

मार्च में किसका कैसा रहा प्रदर्शन

- उर्वरक : -24.6% ↓
- कच्चा तेल : -5.7% ↓
- कोयला : -4.0% ↓
- बिजली : -0.5% ↓
- प्राकृतिक गैस : +6.4% ↑
- सीमेंट : +4.0% ↑
- इस्पात : +2.2% ↑
- रिफाइनरी उत्पाद : +0.1% ↑

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के 'इंजन' कहे जाने वाले आठ प्रमुख उद्योगों (Core Sector) को तगड़ा झटका लगा है। मार्च महीने में इन उद्योगों के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल मार्च में यह 4.5 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.8 प्रतिशत बढ़ा था।

**चार क्षेत्रों में सुस्ती, चार में बढ़त:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों में से आधे (चार क्षेत्रों) में उत्पादन घटा है। सबसे बुरा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा, जिसमें 24.6% की भारी कमी आई है। इसके अलावा कच्चे तेल का उत्पादन 5.7%, कोयला 4% और बिजली उत्पादन 0.5% घटा है। वहीं, प्राकृतिक गैस (6.4%), सीमेंट (4%), इस्पात (2.2%) और रिफाइनरी उत्पादों (0.1%) में मामूली बढ़त दर्ज की गई।

**कोरोना काल के बाद सबसे कमजोर साल:** अक्टूबर 2025 के बाद यह पहली बार है जब कोर सेक्टर का उत्पादन नकारात्मक रहा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो कुल वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही। यह वित्त वर्ष 2020-21 (कोरोना काल) के बाद का सबसे निचला स्तर है, जब 6.4% की गिरावट दर्ज की गई थी। तुलनात्मक रूप से, वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 4.5 प्रतिशत रही थी।

## जायद फसलों की 69.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी:** देश में ग्रीष्मकालीन यानी जायद फसलों का रकबा इस साल अब तक हल्की बढ़त के साथ 69.06 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसमें सबसे अधिक क्षेत्र धान के तहत है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

जायद फसलें फरवरी से जून महीने के बीच बोई जाती हैं। रबी (सर्दियों) की फसलों की कटाई और खरीफ (मानसून) फसलों की बुवाई के बीच के समय में जायद फसलों की खेती होती है। पिछले साल इसी अवधि में 66.14 लाख हेक्टेयर में जायद फसलों की बुवाई हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 17 अप्रैल तक धान की बुवाई 30.64 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 32.31 लाख हेक्टेयर थी।

# अमेरिका में भारतीय सामान बेचना होगा आसान, सरकार कर रही है खास तैयारी

**नई दिल्ली**



- वाशिंगटन में भारतीय टीम की अहम बैठक: पीयूष गोयल बोले-समझौता अंतिम चरण में

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों का एक दल इस समय वाशिंगटन में है, जो अमेरिकी बाजार में घरेलू उत्पादों के लिए 'तरजीही बाजार पहुंच' सुनिश्चित करने पर चर्चा करेगा।

गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (Trade Deal) का पहला चरण लगभग तैयार है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिससे हमारे व्यापारियों को अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में ज्यादा लाभ मिले। गौरतलब है कि अमेरिका में हाल ही में शुल्क (टैरिफ) परिदृश्य में आए बदलावों के बाद दोनों देश समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

### क्या है मामला?

फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों के खिलाफ वहां के उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 10% शुल्क लगा दिया। पुराने समझौते के तहत अमेरिका भारत पर शुल्क 50% से घटाकर 18% करने और रूसी तेल खरीद के कारण लगे 25% अतिरिक्त शुल्क को हटाने पर सहमत था। अब बदले हुए नियमों के बीच वाशिंगटन में हो रही तीन दिवसीय वार्ता में इन दरों को फिर से तय किया जाएगा।

# राज्यों के पूंजीगत व्यय की रफ्तार होगी धीमी

**मुंबई, एजेंसी**

- चेतावनी: बढ़ते राजस्व खर्च और भू-राजनीतिक तनाव से घटेगा बुनियादी ढांचा निवेश

रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में राज्यों के पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर घटकर 8-10 प्रतिशत रह सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले एक बड़ी गिरावट को दर्शाता है।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पूंजीगत व्यय में इस सुस्ती का मुख्य कारण राजस्व व्यय में बढ़ोतरी और राजस्व वृद्धि की धीमी रफ्तार है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि राजस्व घाटा: सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का राजस्व घाटा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत था, 2026-27 तक बढ़कर 1.2 प्रतिशत तक पहुँच सकता है। राज्यों की राजस्व प्राप्तियां वित्त वर्ष 2025-26 में 6.2% और 2026-27 में 7.9% बढ़ने का अनुमान है, जो जीएसडीपी की सामान्य वृद्धि दर से भी कम है।

केयरएज रेटिंग्स के सह निदेशक प्रसन्ना कृष्णन ने बताया कि केंद्र से मिलने वाले अनुदान में कमी और वैश्विक चुनौतियों के कारण राज्यों की आय मध्यम रहेगी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा की बढ़ती कीमतें राज्यों के खजाने पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध धन कम हो सकता है।

कल्याणकारी योजनाओं और निवेश के बीच संतुलन की चुनौती

रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक योजनाओं पर निरंतर खर्च, विभिन्न योजनाओं में राज्यों की बढ़ती हिस्सेदारी और वस्तु एवं ईंधन की ऊँची कीमतों के कारण राजस्व व्यय ऊँचा बना रहेगा। ऐसे में राज्यों के सामने जनकल्याणकारी खर्च और बुनियादी ढांचे के निवेश के बीच संतुलन बनाए रखते हुए वित्तीय अनुशासन का पालन करना एक कड़ी चुनौती होगी।

### उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन रहा बेहतर

चुनौतियों के बावजूद, रिपोर्ट में कुछ प्रमुख राज्यों की सराहना की गई है जिन्होंने बुनियादी ढांचा विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। केयरएज ने यह विश्लेषण देश के उन 15 प्रमुख राज्यों के आंकड़ों के आधार पर किया है, जिनकी भारत की कुल जीएसडीपी में 89 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितंबर से, तैयारी शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर लोक भवन में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन बड़े पैमाने पर होगा और प्रस्तुतीकरण को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार ने जनसंचार रणनीति मजबूत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मीडिया और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़े। ट्रेड शो को "ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म" के रूप में विकसित करने पर जोर है, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल सके। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपये तय की गई हैं। "सीएम युवा" पवेलियन का विस्तार कर स्टार्टअप और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

## पंचायतों को 1000 करोड़ की पहली किस्त जारी

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत अप्रैल माह के लिए 1000 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर यह धनराशि जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के बीच निर्धारित अनुपात में वितरित की जाएगी।

## व्यापार निगरानी रिपोर्ट की चेतावनी: बढ़ सकता है व्यापार घाटा, रुपए पर बढ़ेगा दबाव

# पश्चिम एशिया संकट से भारत की आर्थिक स्थिरता को खतरा: नीति आयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




नीति आयोग ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता जताई है। सोमवार को जारी 'व्यापार निगरानी' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में अस्थिरता के कारण 'चालू खाते का घाटा' बढ़ने और मुद्रा के विनिमय मूल्य पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापारिक और व्यापक आर्थिक स्थिरता को जोखिम हो सकता है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संकट ने भारत और खाड़ी देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहुंच और व्यापार के विस्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारिक समझौते दोनों पक्षों के हितों पर आधारित होते हैं। यदि हम विदेशी बाजारों तक पहुंच चाहते हैं, तो हमें भी अपने बाजार में दूसरों का स्वागत करना चाहिए। उनके अनुसार, आयात ही घरेलू उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सुमन बेरी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा व्यापार और वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है। पिछले दो दशकों में भारत की छह प्रतिशत की औसत विकास दर इसकी आर्थिक मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के लिए पूंजी की लागत कम करने और वित्तीय संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। आयोग ने छोटे उद्यमियों को बिना किसी सुरक्षा के ऋण उपलब्ध कराना, उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजना और ब्याज दर में छूट देने और माल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष धन की व्यवस्था करने के सुझाव दिए हैं।

भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को वैश्विक स्तर पर और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए रिपोर्ट में नीतिगत बदलावों की सिफारिश की गई है। इसके तहत साधारण आभूषणों के स्थान पर 'उच्च मूल्य' वाले निर्यात और विशेष बनावट वाले विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही क्षेत्रीय पहचान वाले (जीआई) उत्पादों और पुरुषों के आभूषणों के बाजार को बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

### प्रशासनिक सुधारों के लिए सुझाव

व्यापार को सहज बनाने के लिए रिपोर्ट में कुछ प्रशासनिक सुधारों की बात कही गई है। इनमें सीमा शुल्क और व्यापार महानिदेशालय की प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाना। माल के दोबारा आयात या निर्यात की कानूनी जटिलताओं को दूर करना। बेहतर नीतियां बनाने के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र से संबंधित सटीक और अलग आंकड़े तैयार करना शामिल है।

## रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी:** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ।

## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

# नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक रोकने के लिए द्रमुक-कांग्रेस की आलोचना की

**कोयंबटूर, एजेंसी**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक को रोकने के लिए तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक, कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी दलों पर सोमवार को हमला बोला। विजयवाड़ा से आज दोपहर यहां पहुंचे नायडू अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आये थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में पेश किये गये परिसीमन प्रस्तावों और महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध करके द्रमुक और उसके सहयोगियों ने राजग को नहीं, बल्कि महिलाओं को हराया है। नायडू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के वास्तविक इरादे से लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस-द्रमुक ने राजनीतिक कारणों से इसे पारित होने से रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस विधेयक को अवरुद्ध कर, कांग्रेस और द्रमुक ने उन महिलाओं के साथ अन्याय किया है जो लंबे समय से समान प्रतिनिधित्व का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने मांग की कि द्रमुक महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने पर अपना रुख स्पष्ट करे और महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण की व्याख्या करे।

राजग गठबंधन की सहयोगी तेदेपा अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में संसदीय सीटें बढ़ जातीं।

## गृहमंत्री जातीय जनगणना पर अपने इरादे स्पस्ट करें: तेजस्वी

**पटना, एजेंसी**

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण सोमवार को पूरा किया और कहा कि गृहमंत्री को यह स्पस्ट करना चाहिए कि वह जातीय जनगणना के विषय पर क्या इरादा रखते हैं।

यादव ने कहा कि जातीय जनगणना पर संसद में अपनी बात कहते समय देश के गृहमंत्री अमित शाह को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वर्ण-व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज में जाति के नाम पर मकान ही नहीं बल्कि मोहल्ले टोले, इलाके और संपूर्ण गांव भी होते है। देश के अधिकांश राज्यों में असंख्य गांवों के नाम ही जातिसूचक है।

## संघ प्रमुख त्रिपुरा यात्रा पर पहुंचे

**अगरतला, एजेंसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भगवत दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को त्रिपुरा पहुंचे। इस दौरान वह मोहनपुर क्षेत्र में एक मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के पश्चिम त्रिपुरा जिले में स्थित एक धार्मिक संगठन चिन्मय मिशन के परिसर में मां सौदर्य चिन्मयी मंदिर स्थित है जो देवी त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है।

# बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ

**सैंथिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (बीच में) का भाजपा नेता स्वागत करते हुए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।

राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे।

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के बांग्ला निजेर मेयेकेई चाय का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्क्वाड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भय का माहौल है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति "न्याय और मानवता" पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर।

उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी।

बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। उन्होंने दावा किया कि जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा नहीं किया। अंततः अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा और तभी जमीन उपलब्ध कराई गई।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी और सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी पूरा करेगी।

## विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की भागीदारी बढ़े: सम्राट



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें। चौधरी ने कहा राहुल गांधी केवल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राजद नेता लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को सांसद देखना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के महिला मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में भाग लेने के बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह पदयात्रा महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम, यानी लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के विरोध में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विधेयक नहीं है, यह देश की आधी आबादी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मादक पदार्थों की तस्करी कर रही नौका पर हमले में तीन मरे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ ले जा रही एक नौका पर रविवार को हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अब तक ऐसे हमलों में लगभग 181 लोग मारे जा चुके हैं। इसी तरह के हमले पूर्वी प्रशांत महासागर में भी हुए हैं। ईरान युद्ध के बावजूद पिछले करीब एक सप्ताह में इस तरह के हमले फिर तेज हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्ध में मादक पदार्थ आतंकवाद को रोकने के लिए अमेरिका के आक्रामक कदमों में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिकी सेना ने हालांकि यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि जिन पोतों को निशाना बनाया गया, उनमें मादक पदार्थ थे।

### लंदन : यहूदी उपासना गृह में आगजनी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी लंदन के एक यहूदी उपासना गृह में सप्ताहांत हुई आगजनी की घटना के सिलसिले में दो किशोरों को गिरफ्तार किया है। यहूदी समुदाय के नेताओं ने अपने संस्थानों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा के उपायुक्त मैट ज्यूक्स ने सोमवार को बताया कि हैरो स्थित केंटन यूनाइटेड सिनैगॉग पर हुए हमले में 17 और 19 वर्ष के दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में यहूदी ठिकानों और ईरान सरकार के आलोचक एक फारसी मीडिया संगठन पर हुए छह हमलों के संबंध में अब तक 15 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

### राजस्थान में हवाई हमले से बचाव के लिए होगा ब्लैक आउट

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में नागरिक सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर बाहरी/हवाई आक्रमण से बचाव एवं आवश्यक तैयारियों के तहत मंगलवार को सायं साढ़े छह बजे से अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया अभ्यास बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में होगा और ब्लैक आउट रात करीब पौने आठ बजे से इसी महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र जिसमें कर्मचारी कॉलोनी, अशोक विहार, रेलवे पुलिया के निकट क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग

## फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा टीमों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू, जांच का आदेश

**जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित पचपदरा रिफाइनरी की एक यूनिट में सोमवार को भीषण आग लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को इस रिफाइनरी का उद्घाटन करना था। फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा गाड़ियों और कई आपातकालीन टीमों ने कई घंटे तक मशक्कत करने के बाद आग को काबू तो कर लिया है लेकिन फिलहाल प्रधानमंत्री का दौरा रद्द कर उद्घाटन कार्यक्रम को टाल दिया गया है। घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।

आग गने की शुरुआत रिफाइनरी की कच्चे तेल की डिस्टिलेशन इकाई के पास हुई जो कुछ ही देर में काफी भीषण हो गई। इस घटना से रिफाइनरी में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। चना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू बुझाना शुरु कर दिया। कुछ घंटों बाद आपातकालीन टीमों ने विकराल आग पर पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक दमकल की गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के बाद अब इससे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी एवं उनकी टीमें मौके पर पहुंची है जो हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

### घटना के बाद मोदी का दौरा टला उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित

पचपदरा रिफाइनरी का मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेंद्र के हाथों उद्घाटन किया जाना था जिसे आग लगने की घटना के बाद स्थगित कर दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है और नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस घटना के कारण रिफाइनरी में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार का प्रस्तावित रद्द भी कर दिया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने रिफाइनरी में आग लगने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। शर्मा ने बताया कि रिफाइनरी में वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं।



पचपदरा की रिफाइनरी में आग लगने के बाद आसमान में उठता काले धुएं का गुबार।

### 9,450 करोड़ की परियोजना, सालाना क्षमता 90 लाख टन

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बालोतरा के पचपदरा में स्थित 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह परियोजना देश के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही यह भारत का पहला नया एकीकृत रिफाइनरी सह पेट्रोरसायन परिसर भी है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी के हाथों मंगलवार को इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम तय किया गया था। यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। इसकी सालाना क्षमता 90 लाख टन होगी।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो सकती है कारण: कांग्रेस

इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस घटना को सुरक्षा में चूक का संकेत बताया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस घटना को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कार्यक्रम से पहले तैयारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजन की जल्दबाजी में सुरक्षा मानकों से समझौता किया गया और परियोजना के क्रियान्वयन में देरी भी हुई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी की सुरक्षा की कामना की।

# केजरीवाल को झटका, जज का खुद को सुनवाई से अलग करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● आप संयोजक से कहा- आपके तर्क अनुमानों पर आधारित, खारिज की याचिका

दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने सोमवार को आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इन्कार करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी वादी को बिना किसी सबूत के न्यायाधीश पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न्यायाधीश किसी वादी के पूर्वाग्रह के निराधार डर को दूर करने के लिए खुद को मामले से अलग नहीं कर सकते हैं।

एक घंटे से अधिक समय तक हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी राजनीतिक नेता को बिना किसी आधार के किसी संस्था को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि किसी न्यायाधीश पर व्यक्तिगत हमला न्यायपालिका पर ही हमला होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें हटाने की याचिकाओं में वर्णित विवरण अनुमानों और कथित झुकावों पर आधारित था। न्यायाधीश ने कहा, यह अदालत अपने और संस्था के लिए खड़ी रहेगी, मैं खुद को इस मामले से अलग नहीं करूंगी।

केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी रिहाई के खिलाफ सीबीआई की याचिका की सुनवाई कर रही न्यायाधीश के खिलाफ कई आपत्तियां उठाई थीं, जिनमें यह भी शामिल था कि उन्होंने पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया था और मनीष सिसोदिया और के. कविता सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर राहत देने से भी इन्कार कर दिया था। केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक ने भी न्यायाधीश को मामले से अलग करने के लिए आवेदन दायर किए थे।

## रवि शंकर को यूनान में भारत के नया राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक रवि शंकर को यूनान में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रवि शंकर अपना नया पद भार जल्द ही संभालेंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1995 बैच के अधिकारी रवि शंकर इस समय यूक्रेन में भारत के राजदूत हैं। वह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण पदों पर पर काम कर चुके हैं।

## उत्तर कोरिया में अब क्लस्टर बमों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को इस महीने दूसरी बार क्लस्टर बमों से लैस बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसे अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई रक्षा प्रणालियों से मुकाबला करने के लिए देश की क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इस प्रक्षेपण के दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी भी मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दूर कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। केसीएनए की ओर से जारी तस्वीरों में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक तटीय निगरानी क्षेत्र से पानी के ऊपर से गुजरते हुए एक प्रक्षेपास्त्र को देखते नजर आ रहे हैं।

इस दौरान दोनों ने काले रंग की चमड़े की जैकेट पहनी हुई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया सेवा ने हाल में कहा था कि किम की बेटी का नाम किम जू ऐ है और वह किम की उत्तराधिकारी बन सकती हैं।

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए भारत-अमेरिका के बीच वार्ता शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर सोमवार को वाशिंगटन में तीन दिनों की अहम बैठक शुरू हो गई। बुधवार तक चलने वाली इस वार्ता का मकसद दोनों देशों के बीच कारोबार के रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर करना है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में ऊर्जा का संकट बना हुआ है।

अमेरिकी व्यापार नीति में हाल ही में हुए बदलावों के कारण यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आपातकालीन शक्तियों (1977 का कानून) के तहत लगाए गए आयात शुल्क को रद्द कर दिया था, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का एक समान शुल्क लागू कर दिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन कर रहे हैं। 12 सदस्यों वाली इस टीम में वाणिज्य, सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं।



● कारोबार में आने वाली रुकावटों पर वाशिंगटन में शुरू हुई चर्चा

अक्टूबर 2025 के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली आमने-सामने की बैठक है। सात फरवरी 2026 में जारी किए गए मसौदे को अमेरिकी टैरिफ नीति में आए बदलावों के बाद अब फिर से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। फरवरी के मसौदे में अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर लगभग 18 प्रतिशत करने और कुछ विशेष क्षेत्रों से आयात शुल्क को हटाने का प्रस्ताव दिया था।

## पूर्वी चीन सागर में चीनी निर्माण पर भड़का जापान

**टोक्यो।** जापान सरकार ने पूर्वी चीन सागर में नये ढांचे निर्माण करने की चीन की कोशिशों पर सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया है। दोनों एशियाई देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह नया विवाद सामने आया है।

जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा, चीन पिछले कुछ वर्षों से पूर्वी चीन सागर में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए गतिविधियों में तेजी ला रहा है। जापान ने पुष्टि की है कि दोनों देशों के बीच की भौगोलिक मध्य रेखा (इक्विडिस्टेंस लाइन) के चीनी हिस्से में अब तक कुल 23 ढांचे बनाए जा चुके हैं। हाल ही में जापान ने इसी क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से में चीन द्वारा एक नया ढांचा स्थापित करने की गतिविधि की पहचान की है।

# एक्स पर बाल यौन शोषण की तस्वीरें, मस्क फ्रांस में तलब

**पेरिस।** फ्रांस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाल यौन उत्पीड़न की तस्वीरें और डीपफेक कंटेंट साझा किए जाने से जुड़े आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क को समन भेजा है। पेरिस के अभियोजन कार्यालय के मुताबिक मस्क और एक्स की पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो को स्वैच्छिक पूछताछ के लिए तलब किया गया है, एक्स के अन्य कर्मचारियों को इस सप्ताह गवाह के रूप में पेश होना है।



● एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो को भी जारी किया गया समन

मस्क को फरवरी में एक्स के फ्रांस स्थित दफ्तरों में हुई छापेमारी के बाद तलब किया गया था। यह छापेमारी जनवरी 2025 में पेरिस अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई द्वारा शुरू की गई जांच के तहत ली गई थी। मस्क और याकारिनो उस समय एक्स का प्रबंधन संभाल रहे थे। याकारिनो मई 2023 से जुलाई 2025 तक कंपनी की सीईओ रहीं। अभियोजकों ने कहा, ये पूछताछ उन्हें तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देने के लिए हैं। इस चरण में जांच की प्रक्रिया एक रचनात्मक दृष्टिकोण के तहत जारी है, जिसका अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक्स फ्रांस में काम करते समय फ्रांसीसी कानूनों का पालन करे।

## एक बंद आंख भी आपको हर वक्त देखती है
# आपके मोबाइल फोन का कैमरा

न्यूज डिकोडर

**आपके मोबाइल फोन का कैमरा एक ऐसी आंख है जो आप पर हर वक्त नजर रखती है। तब भी जब वह बंद है। कल्पना करिए, आप अपने बेडरूम में अकेले हैं, आपका फोन साइड टेबल पर उल्टा रखा है। ऐसे में आप अगर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो शायद नहीं जानते कि साइबर दुनिया में कैमरा हाइजैकिंग और विजुअल मेटाडेटा के जरिए आपकी प्राइवेसी एक पारदर्शी कांच के घर जैसी बन चुकी है।**

### जासूसी जो आप नहीं देखते

- हम सोचते हैं कि कैमरा तभी काम करता है जब हम एप खोलते हैं लेकिन सच यह है कि कई एप्स बैकग्राउंड परमिशन के जरिए आपके कैमरे का इस्तेमाल एनवायरनमेंट मैपिंग के लिए करते हैं।
- दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां एआई का इस्तेमाल करके यह पता लगाती हैं कि आपके कमरे में किस ब्रांड का सोफा है, आपके पीछे कौन सी पेंटिंग लगी है, या आपकी कलाई पर कौन सी घड़ी है।
- आप इस बात पर चौंक सकते हैं कि आपने कभी सर्च नहीं किया, लेकिन आपको प्रीमियम घड़ियों के विज्ञापन आने लगते हैं, मगर वजह ये है कि आपके फोन ने आपकी कलाई पर उसे देख लिया था।




**कैमरे की नजर से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि बहुत ही निजी जगहों पर फोन को तकिए के नीचे या दराज के अंदर रखें।**

### आपकी फोटो की जन्म कुंडली

- जब आप एक सुंदर सूर्यास्त की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालते हैं तो आप सिर्फ तस्वीर नहीं भेजते। उस फोटो के पीछे छिपा एक्सिफ डेटा बहुत कुछ बता देता है।
- आपकी जीपीएस लोकेशन भले बंद हो, पता लगता है कि तस्वीर किस समय ली गई और उस वक्त आपके फोन की ऊंचाई क्या थी। सेंसर डेटा से इसका अंदाजा लगता है।

### डिजिटल प्राइवेसी को कैसे लॉक करें

- कैमरा कवर सबसे पुराना और सबसे कारगर तरीका है। एक छोटा सा प्लास्टिक स्लाइडर अपने फ्रंट और बैक कैमरे पर लगाएं। जब तक आप उसे खुद नहीं खोलेंगे दुनिया की कोई ताकत आपको देख नहीं पाएगी। मार्क जुकरबर्ग भी अपने लैपटॉप पर टेप लगाकर रखते हैं)
- एंड्रॉइड फोन के डेवलपर ऑप्शंस में जाकर सेंसर ऑफ का बटन शॉर्टकट में जोड़ें। इसे दबाते ही कैमरा और माइक्रोफोन ब्लॉक हो जाते हैं। देखें कि किन एप्स को कैमरे की परमिशन मिली हुई है। कैलकुलेटर या टॉर्च एप को कैमरे की जरूरत क्यों है। उसे डोंट अलाउ करें।

### आई ट्रैकिंग...आपकी कमजोरी पर नजर

कुछ भविष्यवादी एल्गोरिदम अब आपकी पुतलियों की हरकत को ट्रैक कर रहे हैं। जब आप फोन पर स्क्रॉल करते हैं तो फ्रंट कैमरा यह नोट करता है कि आपकी आंखें किस विज्ञापन या किस तरह की इमेज पर ज्यादा देर तक रुकीं। अगर आपकी पुतलियां किसी डिस्काउंट सेल को देखकर फैलती हैं तो एआई समझ जाता है कि आपको कब और कैसे लालच देना है।

### एक चौंकाने वाला तथ्य ...

एक रिसर्च के अनुसार, हैकर्स क्लिकजैकिंग के जरिए एक इनविजिबल लेयर बना देते हैं। आप स्क्रीन पर किसी गेम के बटन को दबाते हैं लेकिन असल में आप बैकग्राउंड में अपने कैमरे को फोटो खींचने की परमिशन दे रहे होते हैं। लिहाजा अगली बार जब आप फोन के सामने मुस्कुराएं भी तो याद रखें कि हो सकता है कोई और भी उस मुस्कुराहट को देख रहा हो सकता है। तकनीक लगातार आपको अपनी प्राइवेसी बचाए रखने की चुनौती दे रही है।

## यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के मुंबई व चेन्नई परिसरों के लिए आवेदन शुरू

**मुंबई।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) के मुंबई और चेन्नई स्थित परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। यूडब्ल्यूए इसके साथ ही एक ही समय में भारत में दो परिसर स्थापित करने वाला एकमात्र विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इच्छुक छात्र अब उद्योग-सुसंगत तथा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के चयनित विकल्पों में दाखिला ले सकते हैं। उपलब्ध पाठ्यक्रमों में कॉम्प्यूटर साइंस, साइबर सिक्युरिटी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस मैनेजमेंट, ग्लोबल बिजनेस, एंटरप्राइजेज एंड इनोवेशन, इकोनॉमिक्स, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) तथा मास्टर ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। यूडब्ल्यूए के कुलपति प्रो. अमित चकमा ने कहा, भारत में हमारे परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होना यूडब्ल्यूए की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है। मुंबई और चेन्नई के माध्यम से अधिकाधिक भारतीय विद्यार्थियों को देश में रहकर वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

● भारत में एक साथ दो परिसर शुरू करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको अपनी गति थोड़ा नियंत्रित रखनी होगी। तेजी से काम करने से नुकसान हो सकता है। दिन के अंत में राहत महसूस होगी।

**वृष** – आज आपके लिए दिन मजबूत रहेगा। आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। काम में स्थिरता आएगी और लोग आपकी बात को महत्व देंगे।

**मिथुन** – आज हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। शांत रहकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है।

**कर्क** – आज लोगों के साथ जुड़कर काम करने से लाभ मिलेगा। किसी पुराने संपर्क से भी मदद मिल सकती है।

**सिंह** – आज काम को लेकर ज्यादा जिम्मेदारी लेनी पड़ सकती है। कोई महत्वपूर्ण काम आपके भरोसे आ सकता है।

**कन्या** – आज आपके लिए कुछ नया सीखने का दिन है। अलग तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। बदलाव को अपनाने से फायदा होगा।

**तुला** – आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा नहीं है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में बड़ा लाभ मिल सकता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। यात्रा मंगलमय रहेगी।

**धनु** – आज का दिन नया प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अनुकूल है। शांतिपूर्वक अपना काम करने का प्रयास करें। दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ** – आज शंकालु स्वभाव के कारण परेशानी होगी। अपनी योजनाओं को जल्दबाजी में क्रियान्वित न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करें।

**मीन** – आज छोटे मौके को नजरअंदाज न करें। कोई नई बात आपके काम आ सकती है। आपके घर में रिश्तेदार आ सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 21 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 22 अप्रैल 01.19 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मृगशिरा 23.58 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

### सुडोकू -126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

## बुजुर्ग महिला का 250 ग्राम सोना चुराने वाली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशवपुरम इलाके में 82 वर्षीय महिला के घर से लगभग 250 ग्राम सोने के आभूषण चुराने के आरोप में 40 वर्षीय घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुखवती के रूप में हुई है, जो लॉरेंस रोड पर झुग्गी में रहती है। उसके घर से चोरी का सारा सोना बरामद कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक के घर से सोने के आभूषणों की चोरी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई, जिसके बाद केशव पुरम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

**मुश्किल चुनौती** | तनाव और संघर्ष की वैश्विक स्थितियों को माना जा रहा है कम नामांकन का कारण, पिछले चुनाव में थे 13 दावेदार

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए सिर्फ चार उम्मीदवार

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब अंटोनियो गुटारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे और मुकाबला काफी कड़ा था। इस बार संख्या कम होने पर सवाल उठ रहे हैं।



एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं। यह भी माना जा रहा है कि इसका कारण संयुक्त राष्ट्र की घटती साख भी है। यह संस्था एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए पेरिस जलवायु समझौते को साकार करने में अपनी भूमिका और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, पर्यावरण रक्षा करने तथा अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई कम करने के लिए 17 लक्ष्यों पर विश्व के नेताओं की सहमति बनने को लेकर उत्साहित थी।

### हिचकिचाहट... सरकारों को चीन और अमेरिका की नाराजगी का ख्याल

संयुक्त राष्ट्र मामलों के जानकार और 'इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप' के कार्यक्रम निदेशक रिचर्ड गोवान ने कहा कि अंटोनियो गुटारेस के उत्तराधिकारी की दौड़ पर मौजूदा भू राजनीतिक स्थिति का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले कई उम्मीदवार यह जानते हुए भी मैदान में उतरे थे कि उनके जीतने की संभावना बहुत कम है। इस बार संभावित उम्मीदवार और उन्हें नामित करने वाली सरकारें अधिक सतर्क हैं। अब यह भावना है कि यदि कोई उम्मीदवार कोई गलती कर बैठा और उसने अमेरिका या चीन को नाराज कर दिया तो इससे कूटनीतिक नुकसान हो सकता है। गुटारेस का पांच वर्षीय दूसरा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।



"दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में खराब प्रदर्शन से हम चिंतित नहीं हैं। यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम सीरीज़ के तीसरे मैच में सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे।
–कप्तान हरमनप्रीत कौर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

### आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- **हेनरिक क्लासेन** हैदराबाद-283 रन
- शुभमन गिल गुजरात-251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

### पर्पल कैप



- **अंशुल कंबोज** चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

# मुंबई की आधी टीम पैवेलियन लौटने पर उतरे तिलक वर्मा का शतकीय प्रहार

## आईपीएल-2026 : गुजरात टाइटंस को दिया 200 रनों का लक्ष्य

**अहमदाबाद, एजेंसी**

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की।

तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से कागिसो रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

शुभमन गिल ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियन्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिस फैसले को रबाडा ने सही साबित करते हुए चौथे ओवर में 25 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों क्विंटन डिकॉक (13) और दानिश मालेवार (02) को पवेलियन भेज दिया। रबाडा ने पारी के दूसरे ओवर में टी20 क्रिकेट में पदार्पण कर रहे मालेवार को पगबाधा किया और फिर अगले ओवर में डिकॉक को अपनी ही गेंद पर लपका। अच्छी फॉर्म में चल रहे नमन धीर ने मोहम्मद सिराज पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की। सूर्यकुमार यादव (15) ने भी रबाडा की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने इसी ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया।

मुंबई इंडियन्स ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 46 रन बनाए। नमन और तिलक वर्मा ने इसके बाद पारी को संभाला। नमन ने अशोक शर्मा पर लगातार दो चौके जड़ने के बाद वाशिंगटन सुंदर की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा।

मुंबई को इसके बाद बड़ा झटका लगा जब प्रसिद्ध कृष्णा की धीमी गेंद को पुल करने की कोशिश में नमन ने डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर रबाडा को कैच थमा दिया। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मुंबई के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ।

तिलक ने प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़कर तेवर दिखाए। उन्होंने 18वें ओवर में अशोक की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और दो चौके से 26 रन बटोरे और इस दौरान 33 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में सिराज की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने पंड्या का शानदार कैच लपका। तिलक ने प्रसिद्ध के अंतिम ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 45 गेंद में शतक पूरा किया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते तिलक वर्मा। एजेंसी

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 9. कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं : कोनोली

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की।कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की। पंजाब ने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि उसका एक मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। वह अभी छह मैचों में 11 अंकों के साथ आईपीएल तालिका में शीर्ष पर है। कोनोली ले कहा वह (श्रेयस) खुद एक उदाहरण पेश करके नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा यह कोशिश करते हैं कि टीम के सभी खिलाड़ी सहज महसूस करें। वह खिलाड़ियों को हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खिलाड़ी खुश होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रियांश के साथ अपनी साझेदारी के बारे में कोनोली ने कहा प्रियांश पिछले साल से ऐसा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। आप बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने की कोशिश करते हैं, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाते हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाते हैं।



### हाईलाइट

## गोल्फर हन्ना ग्रीन ने जीती जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप



**लॉस एंजिलिस।** जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में हन्ना ग्रीन ने प्रतियोगिता का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 17 अंडर 271 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त 51वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में एक बर्डी की लेकिन वह दो बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। वर्ष 2017 में लेडीज पीजीए से जुड़ने वाली अदिति को टूर पर अपनी पहली जीत का इंतजार है।

## लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं जॉश इंग्लिस

**लखनऊ।** मुश्किलों से जूझ रही लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए सत्र के बीच में एक बड़ी राहत की खबर है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज जोश इंग्लिस चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। अपनी शादी की वजह से 31 साल के इंग्लिस ने सत्र के पहले हाफ में नहीं खेलने का फैसला किया था। 18 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधने के बाद इंग्लिस के कुछ समय के ब्रेक के बाद भारत आने की उम्मीद है। उन्हें लखनऊ ने आठ करोड़ 60 लाख रुपये में खरीदा था।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हरा खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाया

### प्रीमियर लीग

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो उनका लीग में 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की। सलाह इस सत्र के बाद लिवरपूल छोड़ देंगे।




आर्सेनल टीम को चकमा देकर गोल का प्रयास करता मैनचेस्टर सिटी का खिलाड़ी।

# घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा हैदराबाद

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (बाएं से दूसरे) और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल (दाएं से दूसरे)। एजेंसी

### दिल्ली कैपिटल्स में निरंतरता की कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं।

- **दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला आज**

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

### गर्व की बात

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में अपराजेय हैं भारतीय पहलवान सुजीत कलकल**

# ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता : सुजीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं।



सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहामैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं। अपनी मजबूत रक्षण और तीखे जवाबी हमले करने में माहिर सुजीत ने स्वीकार किया कि अब उनका ध्यान अपने आक्रामक खेल, सहनशक्ति और ताकत में सुधार करने पर है।

### कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में करते अभ्यास

सुजीत अपने कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा हम ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अधिक वजन वाले पहलवानों तथा गति सुधारने के लिए 57 और 61 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के साथ अभ्यास करते हैं। इससे काफी मदद मिलती है। सुजीत ने कहा कि उनका ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर है क्योंकि दोनों प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा एशियाई खेल चार साल में एक बार होते हैं और पिछली विश्व चैंपियनशिप में एक छोटी सी गलती के कारण मैं पदक से चूक गया था।

# विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

**मोनाको, एजेंसी**

पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है। भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू के अनुसार भारत में 2022 में 48 एडीआरवी (दूसरा स्थान), 2023 में 63 (दूसरा स्थान), 2024 में 71 (पहला स्थान) और 2025 में 30 एडीआरवी (पहला स्थान) दर्ज किए गए।

विश्व एथलेटिक्स डोपिंगरोधी नियमों के तहत एआईयू बोर्ड सभी सदस्य संघों को खेल में डोपिंग के जोखिम के आधार पर वर्गीकृत करता है। श्रेणी ए में उन सदस्य देश को रखा जाता है जहां डोपिंग का जोखिम सर्वाधिक होता है। इन देशों के प्रति डोपिंग के मामले में अधिक कड़ा रवैया अपनाया जाता है।

